सुप्रभात
रांची, सोमवार
22.05.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष, तृतीया, संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 306 | 12



आईफा में कमल हासन होंगे सम्मानित

न्यूज डायरी

### मोदी समेत तामाम नेताओं ने राजीव को दी श्रद्धांजलि

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़ग, राहुल-प्रियंका गंधी समेत तमाम नेताओं ने रविवार को पूर्व पीएम राजीव गांधी की 32वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। राजीव गांधी की 1991 में श्रीपेरंबदूर में एक चुनाव प्रचार के दौरान लिट्टे के सदस्यों ने हत्या कर दी थी। राजीव की समाधि स्थल वीर भूमि पर सभी नेताओं ने जा कर श्रद्धांजलि दी।

### मोदी ने की सुनक, लूला डि सिल्वा से द्विपक्षीय भेंट

**हिरोशिमा।** पीएम मोदी ने रविवार को यहां जी-7 शिखर बैठक के इतर ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक और ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डि सिल्वा से अलग अलग द्विपक्षीय मुलाकात की। श्री सुनक के साथ द्विपक्षीय बैठक में दोनों नेताओं ने भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को लेकर जारी बातचीत में प्रगति का जायजा लेने सहित अपनी व्यापक रणनीतिक साझीदारी की समीक्षा की। दोनों ने व्यापार और निवेश, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, उच्च शिक्षा, और लोगों से लोगों के संबंध जैसे व्यापक क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करने पर सहमति व्यक्त की। मोदी ने जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए नयी दिल्ली में श्री सुनक को आने का न्यौता दिया।

### झारखंड कैबिनेट की बैठक 31 को

**रांची।** राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक 31 मई दिन बुधवार को होगी। मंत्रिमंडल सचिवालय समन्वय विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेनन की अध्यक्षता में शाम चार बजे प्रोजेक्ट भवन में होनेवाली बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाने की संभावना है। मंत्रिमंडल सचिवालय समन्वय विभाग ने सभी विभागों को पत्र लिखकर प्रस्ताव की मांग की है, जिसे कैबिनेट की बैठक में रखा जाएगा।

### 65 घर खाक, एक साल के मासूम की मौत

**पटना।** बिहार के कटिहार जिले में स्थित चौकिया पहाड़पुर पंचायत के वार्ड नंबर दस दाताराम टोला में रविवार की सुबह भीषण अगलगी की घटना सामने आयी। 35 परिवारों के 65 घर जलकर खाक हो गया। हादसे में एक साल के एक मासूम की जल कर मौत हो गयी।

### 12 की दुल्हन, 45 का दूल्हा, शादी रुकवायी

मेदिनीनगर। पलामू पुलिस और चाइल्ड लाइन ने कार्रवाई करते हुए एक 12 वर्षीय बच्ची को बाल विवाह की भेंट चढ़ने से बचा लिया। 12 वर्षीय बच्ची की शादी 45 वर्ष के व्यक्ति के साथ हो रही थी। जैसे ही इसकी सूचना मिली चाइल्ड लाइन और पुलिस ने इस शादी को रुकवा दिया। वहीं बच्ची का रेस्क्यू कर बालिका गृह में भेजा दिया गया है। 12 वर्षीय बच्ची ने चौथी कक्षा तक की पढ़ाई की है और वह आगे पढ़ाई करना चाहती है। जानकारी के अनुसार, दूल्हा राजेश कुमार पांडेय पाटन का रहने वाला है, जबकि बच्ची मेदिनीनगर टाउन थाना क्षेत्र की रहने वाली है। शादी रुकवाने के दौरान परिजनों और पुलिस के बीच थोड़ी बहस भी हुई। छापेमारी टीम ने बच्ची के उम्र संबंधी कागजात की मांग की थी, जिसमें उम्र 12 वर्ष लिखा हुआ था।

### जमशेदपुर में फायरिंग बाल-बाल बचा युवक

जमशेदपुर। जुगसलाई थाना क्षेत्र अंतर्गत इस्लामनगर में रहने वाले मोहम्मद समीर पर राज बच्चा नामक एक अपराधी युवक ताबड़तोड़ गोलियां चलाकर फरार हो गया। इस घटना में मो समीर (पिता मोहम्मद शब्बीर) किसी तरह बाल-बाल बच गया।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 58,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 76,000 रु./प्रति किलो |

# मोस्ट वांटेड नक्सली दिनेश गोप गिरफ्तार

## 30 लाख था इनाम, नेपाल से अरेस्ट कर रांची लाया गया, पूछताछ शुरू, वेश बदलकर रह रहा था

- झारखंड पुलिस और एनआइए 15 साल से कर रही थी तलाश
- राजनीतिक संरक्षण का वरदहस्त प्राप्त था दिनेश को

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड का मोस्ट वांटेड नक्सली पीएलएफआइ सुप्रीमो दिनेश गोप को एनआइए ने नेपाल से गिरफ्तार कर लिया है। एनआइए और झारखंड पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में उसकी गिरफ्तारी हुई है। दिनेश गोप की गिरफ्तारी का खाका एक साल से बन रहा था। दिनेश गोप पर झारखंड पुलिस ने 25 लाख का इनाम और एनआइए ने पांच लाख का इनाम रखा था। दिनेश गोप झारखंड पुलिस के लिए सिरदर्द बन चुका था। 15 साल से पुलिस को उसकी तलाश थी। उसे दबोचने के लिए झारखंड पुलिस लगातार खाक छान रही थी। गिरफ्तारी के बाद रविववार की शाम दिनेश गोप को कड़ी सुरक्षा में दिल्ली से को रांची लाया गया। रांची में गुप्त स्थान पर उससे पूछताछ की जा रही है।



### झारखंड पुलिस की बड़ी कामयाबी

झारखंड के खूंटी, रांची, सिमडेगा, गुमला, चाईबासा, लोहरदगा जैसे जिलों के लिए दिनेश गोप आतंक का पर्याय था। दहशत के बल पर दिनेश गोप ने अकूत संपत्ति जमा की है। दिनेश गोप झारखंड पुलिस के लिए लंबे समय से चुनौती बना हुआ था। पुलिस उसकी तलाश लंबे समय से कर रही थी। इस गिरफ्तारी को झारखंड पुलिस की बहुत बड़ी कामयाबी माना जा रहा है। बताया जा रहा है कि दिनेश गोप की गिरफ्तारी के बाद पीपुल्स लिब्रेशन फ्रट ऑफ इंडिया का वजूद खत्म हो सकता है।

### 150 से अधिक मामले हैं दर्ज

झारखंड पुलिस के अलावा केंद्रीय जांच एजेंसी एनआइए भी लगातार दिनेश गोप को ट्रेस करने की कोशिश कर रही थी। इसी ब नेपाल की राजधानी काठमांडू में पनाह लिए हुए है। जानकारी पुख्ता होने के बाद दिनेश गोप को गिरफ्तार करने के लिए झारखंड पुलिस और एनआइए का संयुक्त ऑपरेशन शुरू किया गया। ऑपरेशन को पूरी तरह से गुप्त रखा गया था। इसी बीच रविवार की सुबह दिनेश गोप का लोकेशन ट्रैक होने के बाद एनआइए और झारखंड पुलिस की संयुक्त टीम ने उसे काठमांडू से धर दबोचा।

### 2020 में गिरफ्तार हुई थी दिनेश की 2 पत्नियां

इससे पहले एनआइए ने 2020 में भी पीएलएफआइ की दो सदस्यों हीरा देवी और शकुंतला कुमारी को गिरफ्तार किया था। दोनों पर आतंकी फंडिंग का आरोप था। हीरा देवी और शकुंतला कुमारी दोनों दिनेश गोप की पत्नियां हैं। शकुंतला कुमारी की गिरफ्तारी के वक्त एनआइए ने पश्चिम बंगाल के कोलकाता में उसके घर की तलाशी भी ली थी। तलाशी के दौरान शकुंतला कुमारी के घर से आपत्तिजनक दस्तावेज भी मिले थे।

**वेश बदलकर रह रहा था पीएलएफआइ सुप्रीमो :** झारखंड पुलिस की नाक में दम कर देने वाले दुर्दांत नक्सली दिनेश गोप ने नेपाल में अपना वेश बदल लिया था। वह सरदार यानी पंजाबी के वेश में नेपाल में छिपकर रह रहा था। झारखंड में कई बार सुरक्षा बलों ने उसे घेरा, लेकिन हर बार वह बच निकलने में कामयाब रहा। कई बार मुठभेड़ में भी घिरा, लेकिन सुरक्षा बलों से जान बचाकर भाग निकला। पिछले काफी दिनों से वह नेपाल में छिपकर रह रहा था। आखिरकार शनिवार देर शाम दिल्ली की एनआइए की स्पेशल टीम ने झारखंड पुलिस की मदद से उसे धर दबोचा।

जी-20 की बैठक से पहले एनआइए ने जैश आतंकी को दबोचा

## पाक ने 26/11 जैसे हमले की रची थी साजिश

एजेंसी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में सोमवार से शुरू हो रहे जी-20 समिट की तीन दिवसीय बैठक से ऐन पहले प्रशासन ने कार्यक्रम में कुछ बदलाव किया है। सुरक्षा कारणों के चलते जी 20 टूरिज्म वर्किंग ग्रुप (डीडब्ल्यूजी) का अब गुलमर्ग दौरा रद्द कर दिया गया है। विदेशी मेहमानों के यात्रा के शेड्यूल में पहले उत्तर कश्मीर के गुलमर्ग स्थित फेमस स्की रिसॉर्ट और दाचीगाम वाइल्डलाइफ सेंचुरी जाने का कार्यक्रम तय था। सूत्रों के मुताबिक, 26/11 जैसे आतंकी हमले की साजिश के खुलासे के बाद यह बड़ा कदम उठाया गया। श्रीनगर स्थित एसकेआईसीसी में 22 मई से 24 मई तक जी-20 की बैठक होनी है। मीडिया रिपोर्ट्स के



मुताबिक, आतंकी संगठनों ने गुलमर्ग में जी 20 के दौरान 26/11 के हमले को दोहराने की साजिश रची है। मीटिंग से पहले एनआइए को बड़ी सफलता हाथ लगी है। एनआइए ने जैश के एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आतंकी ने खुलासा किया है कि जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में पाकिस्तान में बैठे आतंकी 26/11 जैसी आतंकवादी घटना को अंजाम देने की साजिश रच रहा है।

(शेष पेज 11 पर)

### बाइडन ने मोदी से मांगा ऑटोग्राफ

**नयी दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन जब क्वाड बैठक के दौरान पीएम मोदी से मिलने उनके पास गये, तो पहले तो पीएम मोदी की जमकर तारीफ की और कहा कि अमेरिका में आपकी बहुत लोकप्रियता है। बाइडन ने पीएम मोदी से कहा मुझे आपका ऑटोग्राफ चाहिए। अगले महीने वाशिंगटन डीसी की यात्रा के दौरान मोदी कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए प्रतिष्ठित नागरिकों से बड़ी संख्या में मिल रहे अनुरोध की बात कही। वहीं बाइडन ने पीएम मोदी से कहने लगे कि आजकल वे एक अलग तरह की चुनौती का सामना कर रहे हैं। बाइडेन ने पीएम मोदी कहा,' आप मेरे लिए एक समस्या पैदा कर रहे हैं, अगले महीने हमने आपके लिए वाशिंगटन में डिनर का आयोजन किया है। पूरे देश से हर कोई आपके कार्यक्रम में आना चाहता है और मेरे पास टिकट खत्म हो गये हैं।

दुर्गा सोरेन को श्रद्धांजलि दे सीएम बोले- राज्य में बनेगा शहीदों का स्मारक

## लोगों को लड़ाने के सिवा भाजपा के पास कोई काम नहीं : हेमंत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड आंदोलन के अग्रणी योद्धा व इस माटी के सपूत स्व दुर्गा सोरेन की 14वीं पुण्यतिथि पर लोआडीह, नामकोम जा कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। सीएम ने कहा, पार्टी और संगठन में स्व दुर्गा सोरेन के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। वे मेरे बड़े भाई तो थे हीं, पर अपने कार्यो से राज्य के लोगों के दिलों में बसते है। श्री सोरेन ने इस मौके पर झारखंड में शहीद स्मारक बनाने की घोषणा की। उन्होंने कहा, झारखंड के शहीदों के सम्मान के लिए उनकी सरकार



हमेशा नतमस्तक रही है। सरकार विभिन्न शहीद स्मारकों को भव्यता प्रदान करने का कार्य कर रही है। आगे भी एक बेहतर कार्य योजना के तहत राज्य के वीर शहीदों के सम्मान के लिए हमारी सरकार कार्य करेगी। वहीं 2000 के नोट वापस लेने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ये केंद्र सरकार का राजनीतिक फैसला है।

(शेष पेज 11 पर)

### घुसपैठ रोकना केंद्र का काम

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्यों में दूसरे देशों से कौन घुसपैठ कर रहा है, यह देखना केंद्र सरकार और सीमा पर तैनात सुरक्षा बलों का काम है। मुख्यमंत्री ने सवालिया लहजे में कहा कि कौन घुसपैठ कर रहा है, कौन नहीं कर रहा है, ये राज्य सरकार का नहीं बल्कि केंद्र और गृहमंत्री का विषय है। देश के बॉर्डर पर कौन लोग हैं लेकिन सेनाओं की क्या दुर्दशा हुई है सब देख रहे हैं। सीएम ने कहा कि अब चाहे भाजपा लाख प्रयास कर ले, देश की जनता इनको समझ चुकी है। अब भाजपा को इससे कोई फायदा नहीं होने वाला है।

## पूरा झारखंड भीषण लू की चपेट में

### कई जिलों में पारा 40 से पार , बिजली संकट से आफत और बढ़ी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची समेत पूरा झारखंड प्रचंड गर्मी और लू की चपेट में है। राज्य के तमाम जिलों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री से पार चल रहा है। डालटेनगंज का अधिकतम तापमान 43 डिग्री रहा। गोड्डा में अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। वहीं जमशेदपुर का तापमान 41.4 डिग्री रहा। संताल और कोयलांचल के जिलों का तापमान लगातार 40 से भी अधिक रिकॉर्ड हो रहा है। तेज धूप और उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल हैं। दिन चढ़ते ही तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। राज्य के ज्यादातर जगहों पर गर्म हवा औ



लू चल रही है। सुबह नौ बजे से लेकर शाम पांच बजे तक घर से निकलना मुश्किल हो गया है। वहीं राज्यभर में बिजली संकट ने और तबाही मचा रखी है। भीषण गर्मी के कारण नदी, तालाब सूख रहे हैं। बोरिंग फेल हो रहे हैं। बिजली कटते रहने के कारण लोगों को पानी का भी संकट इस भीषण गर्मी में झेलना पड़ रहा है।

**अभी राहत भी नहीं :** मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने रविवार को बताया कि राज्य में अभी गर्मी से राहत नहीं मिलने वाली है। अगले तीन-चार दिनों तक तापमान चढ़ने के आसार हैं। इस दरम्यान कहीं-कहीं बादल, गर्जन और वज्रपात भी हो सकता है। ऐसी स्थिति 25 जून तक रह सकती है।

(शेष पेज 11 पर)

### गोड्डा में तालाब सूख कर बन गये मैदान

गोड्डा में भीषण गर्मी को असर लोगों के जनजीवन तो पड़ रहा है। जलस्तर नीचे जाने से जलसंकट की समस्या भी उत्पन्न हो गयी है। पानी के लिए हाहाकार मच गया है। कई तालाब लगभग सूखकर मैदान में तब्दील हो गये हैं। बच्चे यहां अब क्रिकेट खेलते हुए नजर आ रहे हैं। जलस्तर नीचे जाने से ज्यादातर कुएं और हैंडपंप में भी पानी नहीं आ रहा है। इस सीजन में गोड्डा में अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। लोग पानी के लिए इधर उधर भटक रहे हैं।

## पापुआ न्यू गिनी के पीएम ने मोदी के छुये पैर, तोड़ी परंपरा

एजेंसी

**पापुआ न्यू गिनी।** पीएम नरेंद्र मोदी द्विपक्षीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए रविवार को पापुआ न्यू गिनी पहुंचे। वहां के प्रधानमंत्री जेम्स मारापे ने भारतीय पीएम के सम्मान में प्रोटोकॉल तोड़ते हुए न केवल पीएम मोदी की अगुआनी की, बल्कि उन्होंने पीएम मोदी के पैर भी छू लिये। यह देख मोदी ने उन्हें गले से लगा लिया। पीएम मोदी और जेम्स मारापे 22 मई को भारत-प्रशांत द्वीप सहयोग मंच (एफआईपीआईसी) के तीसरे शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेंगे। पीएम मोदी का गार्ड ऑफ ऑनर के साथ स्वागत किया गया। पीएम मोदी का स्वागत इसलिए काफी अहम है क्योंकि उस देश का नियम है कि वहां पर सूर्यास्त होने के बाद आने वाले किसी भी नेता का औपचारिक स्वागत नहीं किया जाता, लेकिन इससे इतर पीएम मोदी के यहां पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। ऐसा पहली बार हुआ है कि



इस देश ने अपनी पुरानी परंपरा को पीएम मोदी के सम्मान में तोड़ दिया। तीन देशों के अपने दौरे के दूसरे चरण में मोदी पापुआ न्यू गिनी पहुंचे हैं।

## बिना किसी पहचान पत्र के बदल सकते हैं गुलाबी नोट

### एसबीआइ ने जारी की गाइडलान, कोई फार्म या पहचान पत्र जरूरी नहीं

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** देश के सबसे बड़े वाणिज्यिक बैंक स्टेट बैंक (एसबीआइ) ने रविवार को स्पष्ट किया कि उसकी शाखाओं में दो हजार रुपये के नोट को बदलते समय किसी भी तरह के पहचान पत्र की जरूरत नहीं है। एसबीआई के मुख्य महाप्रबंधक (परिचालन) एस मुरलीधरन की ओर से जारी सर्कुलर में कहा गया है कि बैंक की सभी शाखाओं में बिना कोई स्लिप भरे ही दो हजार रुपये के नोट बदले जायेंगे। साथ ही नोट बदलते समय ग्राहक को अपना कोई भी पहचान पत्र देने की आवश्यकता नहीं है।



नोटबंदी के लगभग 6 साल बाद आरबीआइ ने 2000 रुपये के नोट चलन से बाहर करने का फैसला किया है। इस फैसले के साथ ही बाजार में तरह- तरह की अफवाहें फैलने लगी थीं, जिस पर रोक लगाने के लिए एसबीआइ ने गाइडलाइन जारी की है।

**30 सितंबर तक मोहलत :** आरबीआइ ने शुक्रवार को फैसला लिया था कि 2000 के नोट चलन से बाहर किये जायेंगे। साथ ही 30 सितबंर तक इन नोटों को बैंक में बदलने की मोहलत दी गयी है। इसके साथ ही अफवाहों का बाजार गर्म हो गया। इन अफवाहों पर ब्रेक लगाते हुए एसबीआइ ने रविवार को गाइड लाइन जारी की है। एसबीआइ ने साफ किया है कि बैंकों में जाकर 2000 रुपये के नोट को आराम से बदलवाया जा सकता है। इसके लिए किसी को कोई फॉर्म भरने की जरुरत नहीं है और न ही आधार कार्ड, पेन कार्ड या कोई अन्य पहचान पत्र देने की आवश्यकता होगी।

(शेष पेज 11 पर)

### प्रक्रिया बिल्कुल फ्री है

ध्यान रखें कि 2000 रुपये के नोट बदलवाने की प्रक्रिया बिल्कुल फ्री है। इसके लिए किसी को कोई चार्ज देने की जरुरत नहीं है। अगर बैंक का कोई कर्मचारी नोट बदलवाने के लिए चार्ज मांगता है, तो आप बैंक अधिकारी या बैंकिंग लोकपाल से इसकी शिकायत कर सकते हैं। 30 सितबंर तक 2000 रुपये के नोट का इस्तेमाल लेन-देन के लिए किया जा सकता है, लेकिन 30 सितबंर के बाद यह मान्य नहीं होंगे। यह फैसला देश के हर नागरिक पर लागू होता है, जिस किसी के पास भी 2000 रुपये के नोट हैं वह उसे 30 सितंबर से पहले बैंक में जाकर बदलवा लें।

## वंदे भारत ट्रेन पर ओड़िशा में वज्रपात, बाल-बाल बचे यात्री

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत की सबसे अत्याधुनिक ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस पर वज्रपात हो गया है। ट्रेन पर वज्रपात उस वक्त हुआ, जब यह ट्रेन जाजपुर क्योंझर स्टेशन के पास वैतरणी नदी पार कर रही थी। हादसे में ड्राइवर के केबिन और कई डिब्बों के शीशे टूट गये। ट्रेन को जाजपुर क्योंझर स्टेशन के पास वैतरणी नदी के बीच में लोहा पुल पर रोक दिया गया। ट्रेन में सवार किसी यात्री को गंभीर चोट नहीं आयी है, पर बिजली कट जाने से उनकी परेशानी बढ़ गयी। रेलवे के अनुसार खबर लगते ही रेस्क्यू टीम के साथ इंजीनियरों को भी भेजा गया। कुछ समय बाद ट्रेन की व्यवस्था दुरुस्त करके कोलकाता (हावड़ा) के लिए रवाना कर दिया गया।

**वैतरणी नदी पार करते समय हुआ हादसा :** बताया गया है कि ट्रेन भगवान जगन्नाथ की नगरी पुरी से मां काली की नगरी कोलकाता (हावड़ा) जा रही थी। इसी दौरान जाजपुर स्टेशन के पास वैतरणी नदी पार करते समय वज्रपात हो गया। वहीं रेलवे का कहना है कि ट्रेन पर वज्रपात नहीं हुआ है।

(शेष पेज 11 पर)

## हर एक किलोमीटर पर संगठन सदस्य का बैरियर, हथियारों से रहता था लैस

# 26 चक्रों के सुरक्षा घेरा में रहता था पीएलएफआइ सुप्रीमो दिनेश गोप

### आर्मी ड्रेस में रहता था दिनेश गोप, फंडिंग में पीएलएफआइ सबसे आगे

**कुबेर सिंह**

**रांची।** झारखंड में सक्रिय नक्सली संगठन पीएलएफआई का सुप्रीमो दिनेश गोप 26 चक्र की सुरक्षा दस्ता में घिरा रहता था। दिनेश गोप के कर्रा, लापुंग, गुमला एरिया में किसी के प्रवेश के बाद उन 26 सुरक्षा चक्रो को पार कर जाना होता था। यह खुलासा रांची और खूंटी में पुलिस व नक्सली मुठभेड़ के बाद जेल में बंद उसके कई नक्सली साथियों ने पूर्व में ही किया है। कई बार रांची, गुमला और खूंटी पुलिस ने उसकी सुरक्षा को भेदने का प्रयास किया, लेकिन उसके पहले ही दिनेश गोप वहां से फरार हो जाता था। दिनेश गोप को बचाने के लिए



उसके दस्ते में शामिल राइट हैंड या लेफ्ट हैंड अपनी जान गंवा देता था। एक मुठभेड़ में दिनेश गोप का राइट हैंड प्रभु सहाय भेंगरा ढेर हो गया था। बता दें कि दिनेश गोप को पकड़ने के लिए जिस पुलिस अधिकारी ने जाल बिछाया, उसके पहले ही लोगों के जरिए उसे पता चल जाता था और वह वहां से फरार हो जाता था। दिनेश गोप अक्सर आर्मी ड्रेस में ही रहता था। जब वह कहीं आता-जाता है तो केवल उसकी पहली सुरक्षा में रह रहे लोगों को ही पता चल पाता था।

### नोटबंदी में पेट्रोल पंप के मालिक को जमा करने के लिए दिया था 25 लाख

नोटबंदी के दौरान दिनेश गोप ने रांची स्थित एक बैंक में 25 लाख जमा कराने के लिए एक पेट्रोल पंप के मालिक चंद्रशेखर कुमार को पैसे भिजवाए थे। पैसे गुमला के एक ठेकेदार के जरिए भेजे गए थे। बाद में रांची पुलिस से इस मामले की जांच एनआईए को दे दी गई थी। मामले में एनआईए विनोद कुमार, यमुना प्रसाद, चन्द्र शेखर कुमार और नंदकिशोर, मोहन कुमार को पहले ही गिरफ्तार कर चुका है। उनके खिलाफ चार्जशीट भी दाखिल हो चुकी है। जबकि दिनेश गोप फरार चल रहा था।

### देता था रोजगार का लालच

दिनेश गोप बेरोजगारों को रोजगार का लालच देता था। इसी लालच में कई युवक उसके गिरोह में शामिल होते थे। उसके गिरोह में डाकिया से लेकर कारबाईन, एके-47 तक चलाने वाले युवक शामिल हैं। गिरोह के लोगों को पुलिस द्वारा पकड़े जाने के बाद उसे छुड़ाने के लिए पैसे देकर वकील भी हायर किया जाता है।

### फंडिंग में पीएलएफआई आगे

मुठभेड़ के द्वारा दहशत के बल पर कमाई गई अकूत संपत्ति पर पहली बार एनआईए पीएलएफआई के टेरर फंडिंग मामले में रांची, गुमला, खूंटी और कोलकाता के 10 ठिकानों पर छापेमारी की गई थी। इसमें फंडिंग में पीएलएफआई को काफी आगे पाया गया। पीएलएफआई सुप्रीमो और उससे जुड़े नक्सल कैडरों ने कई कंपनियों में अपना निवेश किया है। पूर्व में एनआइए व पुलिस की छापेमारी के दौरान निवेश संबंधी कागजात, निवेश से जुड़ी डायरी भी एनआईए ने बरामद की है। एनआईए ने कई फर्जी पैन कार्ड और कागजात भी बरामद किए हैं। गौरतलब हो कि जब एनआइए ने 2020 में छापेमारी की थी तो उस दौरान 3 .41 लाख नगद, फिक्स डिपॉजिट और बैंक अकाउंट के डिटेल मिले थे। दिनेश गोप ने पीएलएफआई के नाम पर कई शेल कंपनियों में भी निवेश किया है। छापेमारी के दौरान 40 मोबाइल फोन भी एनआईए ने जब्त किए गए थे।

## जेएलटी संगठन का विलय कर बना दिया था पीएलएफआइ

# सेना में जाकर देश की सेवा करना चाहता था दिनेश गोप, दबंगों के कारण बना नक्सली

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के नक्सल प्रभावित जिले खूंटी के जरियागढ़ थाना क्षेत्र में लप्पा मोहराटोली, खूंटी के छोटे से गांव से दिनेश गोप सुप्रीमो की तरह निकला। लापुंग इलाके में जयनाथ साहू गिरोह के साथ वर्चस्व की लड़ाई दिनेश गोप गिरोह तक कई वर्षों तक होता रहा। दिनेश सेना में जाना चाहता था। उसने शारीरिक परीक्षा सहित दूसरी मेरिट लिस्ट अपना नाम दर्ज कर लिया था। सेना की ओर से उसे ज्वाइनिंग लेटर भी आ गया था, लेकिन दबंगों ने उस लेटर को दिनेश गोप तक पहुंचने ही नहीं दिया। इस बात की जानकारी जब दिनेश के भाई सुरेश गोप को हुई तो उसने उसका विरोध किया। विरोध की वजह से दिनेश और सुरेश का दबंग दुश्मन बन गया। तब दोनों भाई दबंगों से बचने के लिए नक्सली संगठन में शामिल हो गये। वर्ष 2000 में दिनेश का भाई सुरेश पुलिस एनकाउंटर में मारा गया। सुरेश के मारे जाने के बाद दिनेश गांव छोड़कर भाग गया। जब वह लौटा तो उग्रवादी संगठन जेएलटी के साथ लौटा। जेएलटी का नाम ही आगे चलकर पीएलएफआई हुआ।

### भाकपा माओवादी संगठन में हुआ था शामिल

भाकपा माओवादियों के साथ कमांडर के रूप में काम करने वाले मसीह चरण पूर्ति ने साल 2001 में संगठन से अलग हटकर खुद का उग्रवादी संगठन बना लिया। दिनेश गोप के संगठन के बारे में जब से मसीह चरण पूर्ति को जानकारी मिली तो उसने उसे अपने साथ मिला लिया। जिसके बाद साल 2007 में संगठन का नाम पीएलएफआई हो गया। इसके बाद संगठन का आतंक सिर चढ़ कर बोलने लगा। खूंटी से शुरू होकर इस संगठन का वर्चस्व गुमला, सिमडेगा, चाईबासा, लोहरदगा सहित राजधानी तक भी पहुंच गया। आतंक इतना बड़ा था कि कोई भी कारोबारी हो या फिर ठेकेदार बिना इस संगठन को पैसे दिए इस इलाके में कोई भी काम नहीं कर सकता था। धीरे-धीरे इस संगठन ने अकूत संपत्ति इकळा की। हालांकि इस दौरान पुलिस के साथ मुठभेड़ में संगठन के कई बड़े और इनामी उग्रवादी मारे गए लेकिन दिनेश बचता रहा।

### धार्मिक और सामाजिक कार्यों में भी बना था प्रणेता

लोगों को जोड़ने के लिए दिनेश गोप ने स्कूल से लेकर धर्मशाला तक बनाये। खौफ के बल पर जब दिनेश ने अकूत संपत्ति जमा की तब उसने ग्रामीणों को अपने पक्ष में जोड़ने के लिए काम करना शुरू कर दिया, ताकि उसका वर्चस्व हमेशा इलाके में बना रहे। इसके लिए उसने कई निशुल्क स्कूल खोला, धर्मशालाएं बनवाया। यहां तक की गरीब बेटियो की शादी के लिए भी वह दिल खोलकर पैसा लुटाने लगा। दबंगों के द्वारा हड़पी गई गरीबों की जमीन दिलवाने के लिए वह पंचायत भी बिठाने लगा। इस तरह से दिनेश गोप ने एक बड़ा खौफ का साम्राज्य तैयार कर लिया, जिसके बल पर वह लगातार पुलिस को भी चकमा देता रहा। पुलिस ने दिनेश गोप को बार- बार सरेंडर करने के लिए दबाब भी डाला, लेकिन उसने सरेंडर नहीं किया।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले मुख्य न्यायाधीश संजय मिश्रा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से रविवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को आगामी 24 मई 2023 को आयोजित झारखंड उच्च न्यायालय के नये भवन के उदघाटन समारोह में सम्मिलित होने के लिये सादर



आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा को धन्यवाद देते हुए अपनी ओर से शुभकामनायें दीं।

## नमो को पीएम बनाने के लिए मुस्लिम समाज दृढ़ संकल्पित : अनवर हयात




भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनवर हयात ने कहा कि नमो को फिर से प्रधानमंत्री के रूप में देखने के लिए मुस्लिम समाज दृढ़ संकल्पित है। श्री हयात रविवार को प्रदेश पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष, महामंत्री की बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि महा जनसंपर्क अभियान कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को तन मन धन से लगना होगा। उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जिलों में प्रवास कर वहां की बूथ कमेटी का जल्द से जल्द विस्तार करें। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज 2024 में नरेंद्र मोदी को फिर प्रधानमंत्री के रूप में देखने के लिए दृढ़ संकल्पित है। बैठक में दीपक बांका, सोना खान, कमाल खान, तारिक इमरान, रिजवान खान, सोनी तबस्सुम, फरहाना खातून, शमीम रजा, लड्डू खान, नजीर खान, रिंकू शेख, जावेद सलीम, एंथोनी स्वामी, नजमुल होदा, जॉनी वाकर खान, इमरान खान, सैयद किरमानी, तारा शाह, महताब आलम, निसार खान, तनवीर आलम, ताजदार आलम, मो सुल्तान और रियाज अंसारी आदि उपस्थित थे।

## प्रदेश कांग्रेस के नेताओं ने पुण्यतिथि पर राजीव गांधी को किया याद, दी श्रद्धांजलि

# पूर्व पीएम राजीव गांधी ने झारखंड के हितों को हमेशा दी थी प्राथमिकता : राजेश ठाकुर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि प्रदेश मुख्यालय में मनायी। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर समेत कई नेताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।



मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि आधुनिक भारत के निर्माता, भारतीय सूचना क्रांति के जनक, पंचायती राज सशक्तिकरण के सूत्रधार, युवाओं के प्रेरणास्त्रोत, देशहित में सब कुछ न्योछावर करने वाले कुशल प्रशासक पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को सदैव याद किया जाता रहेगा। राजीव गांधी को झारखंड की जनता सदैव याद रखेगी। राजेश ठाकुर ने कहा कि राजीव गांधी ने गुमला, सिमडेगा और खूंटी की जनसभाओं में कहा था कि झारखंड अलग राज्य के बिना यहां रहने वाले आदिवासियों, मूलवासियों सहित सभी समुदाय के लोगों का विकास संभव नहीं है। राजीव गांधी ने अपने प्रधानमंत्रीत्व काल में कई बड़ी योजनाओं में झारखंड के हितों को प्राथमिकता दी थी।

मौके पर उपस्थित पूर्व मंत्री सह कार्यकारी अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि देश की पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत और सशक्त बनाने के साथ ही कंप्यूटर एवं संचार क्रांति लाकर युवा, आधुनिक एवं सुदृढ़ भारत के निर्माण में अपना यागदान दिया था। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि सूचना क्रांति, पंचायती राज और युवाओं को मताधिकार देने की क्रांतिकारी सोच ने भारत को विकसित व आधुनिक राष्ट्र बनाया। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायी रहेगा।

मौके पर केशव महतो कमलेश, राजीव रंजन प्रसाद, राकेश सिन्हा, अमुल्य नीरज खलखो, विनय सिन्हा दीपू, रमा खलखो, अमरेन्द्र सिंह, अभिलाष साहू, कमल ठाकुर, डॉ राकेश किरण महतो, सूरेन राम, जगदीश साहू, सूर्यकांत शुक्ला, विनोद कुमार सिंह, अख्तर अली, वशिष्ट लाल पासवान, राजू राम, फिरोज अंसारी, संगीता टोप्पो, आजाद महतो, प्रदीप कुमार साहू, संतोष महतो, सूरज कुमार, शहनाज खातून आदि शामिल रहे।

## राजधानी समेत जिले के 18 प्रखंडों में सड़क किनारे लगेंगे फलदार पौधे

### टेंडर नोटिस जारी, डीआरडीए में जमा होगा टेंडर

बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत होगा काम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत राजधानी समेत जिले के सभी 18 प्रखंडों में सड़क किनारे फलदार पौधे लगाये जायेंगे। इसके लिए आम, अमरूद, नाशपाती, सरीफा, बेर, कटहल और सहजन के पौधों की खरीदारी की जायेगी। इसे लेकर रांची डीडीसी ने टेंडर जारी किया है। इसमें कहा गया है कि इच्छुक ठेकेदार तीन जून तक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण कचहरी में टेंडर जमा कर सकते हैं।

**दो लाख एकड़ खाली पड़ी जमीन पर फलों की खेती का लक्ष्य** : झारखंड में खेती की आपार संभावनाएं हैं। लेकिन यहां खेती को लेकर ठीक से काम नहीं किया गया। ऐसे में राज्य सरकार ने बिरसा हरित ग्राम योजना की शुरूआत की। इस योजना के तहत राज्य की दो लाख एकड़ खाली पड़ी जमीन पर आम, अमरुद के अलावा मिश्रित फलों की खेती करने का लक्ष्य रखा गया है। इस लिहाज से राज्य के हर जिले में लगभग 1400 एकड़ जमीन में फलों की खेती की जायेगी। बिरसा हरित ग्राम योजना का मूल उद्देश्य किसानों की आय को बढ़ाना है और राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है।

विशेषज्ञों के मुताबिक, इस योजना का लाभ लेकर ग्रामीण तीन साल बाद 50000 रुपये तक की कमाई कर सकते हैं।

## चतरा में तीन राजस्व कर्मी सस्पेंड

**चतरा (हि.स.)।** चतरा जिले के उपायुक्त अबु इमरान ने टंडवा अंचल के हल्का-8 के ग्राम डहू में बिना जमाबंदी के अवैध तरीके से बाहरी लोगों का नाम पंजी टू में दर्ज कर एवं फर्जी राजस्व कागजात तैयार कर नाजायज काम करने वाले टंडवा के तीन राजस्व कर्मियों को सस्पेंड कर दिया है। इनमें नारायण राम, राजनारायण तथा गुरुदेव सिंह हैं। ये कर्मचारी फिलहाल इटखोरी, हंटरगंज और लावालौंग अंचल में पदस्थापित हैं। बताया जाता है कि कुछ दिनों पूर्व टंडवा के सीओ विजय कुमार की रिपोर्ट पर डीसी ने कार्रवाई की है। इसके पूर्व भी टंडवा के पांच राजस्वकर्मी निलंबित किये जा चुके हैं। पूर्व में पदस्थापित अंचल निरीक्षक फुलेश्वर साव ने प्रेसवार्ता कर और डीसी को लिखित शिकायत कर खुलासा किया था कि टंडवा में राजस्व निरीक्षकों के द्वारा अवैध रूप से हजारों जमाबंदी कायम किया गया है।

## नर्सिंग कॉलेज में दाखिले के लिए 16 जून तक का अवसर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के सरकारी और गैर सरकारी नर्सिंग संस्थानों में 2023-24 के लिए एडमिशन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 16 जून है। एडमिशन टेस्ट राज्य के 5 शहरों में लिया जाएगा। एडमिशन लिखित परीक्षा में प्राप्त अंक के आधार पर तैयार मेरिट लिस्ट से होगा। एडमिशन टेस्ट में शामिल होने के लिए जेसीईसीईबी के वेबसाइट से ऑनलाइन आवेदन जमा किए जा सकते हैं।

**एडमिशन के लिए यह योग्यताएं निर्धारित** : राज्य के नर्सिंग संस्थानों में एएनएम और जीएनएम का कोर्स कराया जाता है। दोनों के लिए कुछ योग्यताएं निर्धारित हैं। एएनएम कोर्स की बात करें तो 31 दिसंबर 2023 को एडमिशन लेने वाले स्टूडेंट्स की उम्र 17 वर्ष न्यूनतम होनी चाहिए। अधिकतम उम्र सीमा 35 वर्ष निर्धारित है। 12वीं साइंस और आर्ट्स से करने वाले स्टूडेंट्स आवेदन कर सकते हैं। स्टूडेंट का मेडिकली फिट होना जरूरी है। ओपन स्कूलिंग से 12वीं करने वाले भी आवेदन कर सकते हैं। इस कोर्स के लिए केवल फीमेल कैंडिडेट ही आवेदन करेंगे।

वहीं, जीएनएम के लिए 31 दिसंबर 2023 को आवेदन की उम्र न्यूनतम 17 वर्ष और अधिकतम 35 वर्ष होनी चाहिए। आवेदक ने 12वीं में एक पेपर अंग्रेजी की पढ़ाई की हो जिसमें उसे कम से कम 40 फीसदी अंक होने चाहिए। इसमें भी ओपन स्कूलिंग के स्टूडेंट्स एप्लीकेशन के लिए एलिजिबल होंगे। 12वीं में वोकेशनल कोर्स करने वाले स्टूडेंट का भी एक पेपर अंग्रेजी होना जरूरी है, जिसमें उसे 40 फीसदी अंक मिले हों। आवेदन में किसी तरह की गलतियां रह गई है, तो उसमें सुधार 17 मई से 19 जून तक किया जा सकता है।

## 2019 के चुनाव परिणाम को दोहराना कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती

# झारखंड में चुनावी नैया पार करने के लिए कांग्रेस को जुझारू आदिवासी चेहरे की तलाश!

### कर्नाटक विधानसभा चुनाव परिणाम ने झारखंड के कांग्रेसियों में जोश भर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कर्नाटक की झारखंड से दूरी हजारों कोस है। वहां की राजनीतिक, सांस्कृति और आर्थिक परिस्थिति यहां से बिल्कुल मेल नहीं खाती है, बावजूद कर्नाटक विधानसभा चुनाव परिणाम ने झारखंड के कांग्रेसियों में जोश भर दिया है। कर्नाटक में मिली जीत से कांग्रेस के नेता-कार्यकर्ता उर्जा से भर उठे हैं। आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी में रणनीति बनाने का दौर चल पड़ा है। इसी के मद्देनजर पार्टी को एक अदद जुझारू आदिवासी चेहरे की तलाश है। मजबूत आदिवासी नेता के भरोसे वर्ष 2024 की चुनावी वैतरणी पार करने की मंशा है। मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर

### बंधु तिर्की का नाम आगे करने की संभावना तेज



की जगह पर किसी मजबूत आदिवासी नेता को पार्टी की कमान देने की कोशिशें तेज हो गयी है।

कांग्रेस सूत्रों का दावा है कि झारखंड में भाजपा को अब उठने का अवसर नहीं दिया जायेगा। नयी उर्जा के साथ कांग्रेस कार्यकर्ता जमीन पर चुनावी प्रबंधन में जुट गये हैं। गठबंधन सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। हेमंत सरकार ने विकास की जो रेखा खींची है, उससे आम जनता में खुशी का संचार हो रहा है।

बताया गया कि गठबंधन सरकार की जनहित में उठाये जा रहे कदमों से भाजपा परेशान है। यही कारण है कि भाजपा राज्य में अराजक माहौल बनाने के लिए साम्प्रदायिक करतूतों को अंजाम देने में लग गयी है। इधर, राजनीतिक प्रेक्षकों का दावा है कि कांग्रेस पार्टी अभी यहां ट्रांसफॉर्मेशन के दौर से गुजर रही है। यहां कांग्रेस को जनाधार बढ़ाने के लिए किसी आदिवासी चेहरे की तलाश है। बुजुर्ग डॉ रामेश्वर उरांव आने वाले चुनाव में भार उठाने में असमर्थ बताये जा रहे हैं। चर्चा है कि बंधु तिर्की का नाम आगे किया जा रहा है। इनके नाम पर जातीय समीकरण को भी मुफीद बताया जा रहा है। इससे कांग्रेस को फिर से 2019 वाली सफलता को दोहराने की उम्मीद है।

दरअसल, 2019 में कांग्रेस पार्टी के कुल 17 विधायक जीते थे। पार्टी कोटे के चार मंत्री दावा कर रहे हैं कि उन्होंने बेहतर काम किया है। हालांकि स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता पर पार्टी के प्रभारी ही सवाल उठा चुके हैं। इसके अलावा निर्दलीय सरयू राय ने बन्ना गुप्ता पर गबन तक का आरोप लगाया है। हालांकि, कांग्रेस पार्टी ने अपने वोट बैंक को दुरूस्त रखने की चेष्टा की है। हेमंत सोरेन सरकार ने 1932 खतियान पर आधारित स्थानीय नीति, एससी-एसटी और ओबीसी आरक्षण, प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए नियामवी के साथ पुराना पेंशन स्कीम जैसे बड़े फैसले लिये हैं। ये अलग बात रही कि कुछ फैसले या तो खारिज कर दिये गये या किसी न किसी वजह से अटके हुये हैं। चर्चा यह भी है कि गठबंधन सरकार की उपलब्धियां कहीं से कांग्रेस के वोट बैंक को आकर्षित नहीं कर रहे हैं। बोर्ड-निगम का गठन नहीं होने से कांग्रेस के कई विधायक सरकार के इस फैसले से खुश नहीं बताये जा रहे हैं। कांग्रेस में आदिवासी चेहरे की कमी महसूस की जा रही है। हालांकि चाईबासा से सांसद गीता कोड़ा पर भी दांव खेला जा सकता है। वहीं पार्टी में गुटबाजी अपने रफ्तार में है। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व की शिथिलता के कारण कई धड़े खड़े हो गये हैं। आलोक दुबे, डॉ राजेश गुप्ता छोटू, साधु चरण गोप जैसे नेता लगातार राजेश ठाकुर के खिलाफ बोलते रहे हैं। हालांकि ये नेता पार्टी से सस्पेंड हैं। इसके अलावा कैश कांड के आरोपी विधायक इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी पर अभी तक पार्टी ने कोई फैसला नहीं लिया है। देखना दिलचस्प होगा कि आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी अपने कर्नाटक के चुनाव परिणाम को दोहराने में सफल हो पाती है या नहीं?

## कृषि मंत्री ने कोच्ची के केंद्रीय मत्स्यकी प्रौद्योगिकी संस्थान का किया भ्रमण, कहा

# सीआइएफटी के सहयोग से राज्य में कृषि की उन्नत तकनीक लायेंगे

### मत्स्य पालन के क्षेत्र में उन्नत तकनीकी का होगा उपयोग



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कृषि मंत्री बादल पत्रलेख के नेतृत्व में केरल गई टीम लगातार झारखंड में कृषि की नई तकनीक को लागू करने के लिए अलग-अलग संस्थानों का भ्रमण कर रही है। इसी क्रम में मंत्री कृषि पशुपालन एवं सहकारिता श्री बादल ने सचिव श्री अबू बकर सिद्दीकी एवं विभागीय पदाधिकारियों के साथ टीम ने कोच्ची के केंद्रीय मात्स्यकी प्रौद्योगिकी संस्थान का दौरा किया। जहां, कृषि, मत्स्य से जुड़ी तकनीकी एवं शैक्षणिक व्यवस्थाओं को लेकर टीम ने जानकारी हासिल की।

कृषि मंत्री ने कहा कि केरल राज्य में कृषि, पशुपालन एवं मत्स्य के क्षेत्र में कई स्तर पर कार्य किये हैं। जिसमें तकनीकी समावेश एक महत्वपूर्ण अंग है। हमारा प्रयास है कि केरल राज्य की उत्कृष्ट कृषि नीति एवं तकनीक को झारखंड में लागू की जाये। मंत्री का स्वागत संस्थान के प्रभारी निदेशक डॉ शंकर टी वी के द्वारा किया गया । उन्होंने कहा कि संस्थान द्वारा नये डिजाइन किये गये सोलर पावर से संचालित मोटर बोट भी राज्य हित में, मत्स्य शिकारमही एवं मत्स्य पर्यटन में, मील का पत्थर साबित हो सकता है। साथ ही संस्थान के द्वारा डिजाइन किये गये अलमुनियम बोट एवं रबर बोट भी जलाशयों में हो रहे शिकारमही के लिए उपयोगी साबित होगा। राज्य में केजों में हो रहे पंगेशियस एवं मोनोसेक्स तिलपिया के मार्केटिंग स्ट्रेटजी पर भी विस्तृत चर्चा की गई और बताया कि कैसे केजों में उत्पादित मछलियों का वैल्यू एडिशन करके मत्स्य उत्पादकों को अधिक से अधिक फायदा पहुंचाया जा सकता है।

राज्य में धुर्वा रांची में अवस्थित हाइजेनिक फिश मार्केट के लिये हाइजेनिक कंडीशन में मछलियों के बिक्री एवं मछलियों के वेस्ट प्रोडक्ट को सही रूप में निष्पादित करने केलिये मंत्री के द्वारा तकनीक उपलब्ध कराने पर भी चर्चा की गई। राज्य में संचालित झास्कोफिश को सुदृढ़ करने के विषय में मंत्री ने संस्थान के निदेशक को झास्कोफिश को सेल्फ डिपेंडेंट बनाने के लिये वर्क प्लान बनाने का अनुरोध किया गया। कृषि सचिव अबू बकर सिद्दीकी ने बताया कि राज्य के किसानों को कम खर्च में ज्यादा मुनाफा हो इसके लिए सीआईएफटी का सहयोग तकनीक के क्षेत्र में लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम सीडए मत्स्य उत्पादन में काफी आगे हैं लेकिन तकनीक का समावेश अगर होगा तो सकारात्मक परिणाम सामने आयेंगे। मौके पर कृषि निदेशक चंदन कुमार, उपनिदेशक गव्य डॉ मनोज तिवारी, मत्स्य पदाधिकारी प्रदीप कुमार मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### मानगों में बटा चना गुड़ और शरबत

**जमशेदपुर।** सिख समाज के पांचवे गुरु अर्जुन सिंह देव जी महाराज की शहीदी दिवस के अवसर पर मानगो पुलिया के समीप आम जनमानस के बीच गुड़, चना और शरबत का वितरण किया गया। इस मौके में मुख्य रूप से भाजपा नेता विकास सिंह शामिल होकर अपने हाथों से लोगों के बीच चना, गुड़ ,शरबत का वितरण कर कहा की इस भीषण गर्मी के बीच सिखों के पांचवें गुरु अर्जुन सिंह देव जी को गरम तवे में बैठा कर यातनाएं दी गई थी जिसकी कहानी पढ़ने और सुनने में रोंगटे खड़े हो जाते हैं इसलिए उनके शहीदी दिवस के अवसर पर आम लोगों को भीषण गर्मी में ठंडक पहुंचाने के लिए इस तरह का आयोजन किया जाता है कार्यक्रम के मुख्य आयोजन करता सिटी भाटिया ने कहा कि प्रत्येक वर्ष अर्जुन देव जी शहादत दिवस के अवसर पर पूरे माह जगह जगह पर स्टाल लगाकर लोगों के बीच चना, गुड़ ,शरबत का वितरण किया जाता है।

### टिक्की का दो दिवसीय उद्यमी प्रशिक्षण संपन्न

**पोटका।** ट्राइबल इंडियन चेंबर अफ कमर्स एंड इंडस्ट्री,टिक्की – झारखंड चौप्टर के द्वारा ट्राईबल कल्चर सेंटर, सोनारी, जमशेदपुर में नेशनल एससी एसटी हब, एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार, रांची कार्यालय के सहयोग से चल रहे दो दिवसीय प्रशिक्षण का आज समापन हुआ। दो दिन का प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर अमित सुरीन के द्वारा दिया गया स इस प्रशिक्षण में 30 आदिवासी उद्यमियों को जेम पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया ताकि उनको निविदा में भाग लेने में असुविधा न हो सके।

### हेल्थ चेक अप कैंप

**जमशेदपुर।** आज 21 मई 2023 को राही ट्रस्ट एवं एसआरएल डायग्नोस्टिक सेंटर, सोनारी के सौजन्य से योग भवन, जगर्स पार्क, सोनारी, जमशेदपुर मे शुगर, ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रोल किडनी संबंधित निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसके अलावा कुछ सम्मिश्रण जांच भी थी जो काफी उचित मूल्य पर उपलब्ध थी जिसका लाभ कुछ 50 के आसपास लोगों ने उठाया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अशोक कुमार, विकास साहनी, रितु शर्मा, मनोज सकूजा, गोपाल जी प्रसाद, नीरज कुमार, तारकेश्वर सिंह एवं योग भवन के अध्यक्ष का योगदान रहा।

### जीव संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा अपने सामाजिक दायित्व का निर्वाह करते हुए रविवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जीव संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शाखा सदस्य पायल अग्रवाल के सौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम के तहत महिलाओं ने तालाब में मछली को दाना, पशु पक्षियों को दाना कुत्ता को रोटी एंव बिस्कुट तथा काय को हरी सब्जी खिलाकर गौ सेवा प्रदान की। महिलाओं ने जीव जंतुओं की हम जब करेंगे रक्षा तभी होगी पर्यावरण की रक्षा का संदेश दिया। शाखा अध्यक्ष निशा सिंघल ने कहा कि इस भीषण गर्मी में मनुष्य के अलावा इन जीव-जंतुओं को भी आहार की जरूरत होती हैं। शाखा इस तरह का कार्यक्रम आगे भी आयोजित करती रहेगी। संस्थापक अध्यक्ष ममता अग्रवाल ने कहा कि मनुष्य तभी बनेगा महान, जब मन में रखेगा जीव जंतुओं के लिए सम्मान।

### फीट एंड जॉय फिटनेस ग्रुप ने एनके अग्रवाल का जन्म दिन मनाया

**जमशेदपुर।** कदमा फार्म एरिया स्थित फीट एंड जॉय फिटनेस ग्रुप के सभी सदस्यों द्वारा नंद किशोर अग्रवाल का 61वीं जन्मदिन मनाया गया। उक्त अवसर पर फीट एंड जॉय के योग ट्रेनर समीर कुंडू द्वारा उन्हें जन्मदिन की बधाई दी एवं क्लब के सारे सदस्यों के साथ जन्मदिन की बधाई दी गयी एवं सभी सदस्यों को योग के द्वारा स्वस्थ्य रहने का तरीका बताया गया। ज्ञात रहे कि उक्त फिटनेस क्लब में 100 से अधिक की संख्या में सदस्य है, जो फिटनेस के अलावा सामाजिक कार्यों में भी बढ़ चढ़कर भाग लेते है।

---

मातु भिक्षां देहि, भवति भिक्षां देहि.... से गूंजा अमल संघ परिसर

# संस्कार और संस्कृति की रक्षा में उपनयन संस्कार जरूरी : जगतगुरु दंडी स्वामी

## ब्रम्हर्षि विकास मंच ने 17 बटुकों का कराया सामूहिक उपनयन संस्कार





बटुकों को आर्शीवाद देने पहुंची डीएफओ ममता प्रियदर्शी, उपनयन संस्कार के दौरान दो बरुआ, क्रांतिकारी कदम के लिए हौसला बढ़ाने पहुंचे एसएसपी प्रभात कुमार।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** उपनयन संस्कार की रस्म पूरी होने के पश्चात 17 बरुआ (बटुक) जब यहां मातु भिक्षां देहि.... भवति भिक्षांम देहि... की रट लगाते हुए भिक्षा पात्र लेकर अमल संघ मैदान,सिदगोड़ा में भिखहर के लिए निकले तो दृश्य देखने योग्य था। बरुओं ने सबसे पहले अपनी -अपनी माता से भिक्षा हासिल की,तत्पश्चात पिता से व इसके बाद उपस्थित एवं आमंत्रित सुधि जनों से। इसके साथ ही ब्रह्मर्षि विकास मंच जमशेदपुर द्वारा बरूआ का सामूहिक उपनयन संस्कार अमल संघ मैदान सिद्गोड़ा में हुलासगंज के आचार्य रंगेश शर्मा एवं उनके सदस्यीय आचार्य के द्वारा पूरी वैदिक रीति रिवाज के अनुसार हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। आज के उपनयन संस्कार कार्यक्रम में स्वस्तिवाचन, मंडप पूजन, धृतधारी, देवपूजन, चौलकर्म मुंडन, उपनयन संस्कार, वेदारंभ, अभिषेक, आशीर्वाद की रस्में पूरी की गईं । पूरे संस्कार के दौरान महिलाओं द्वारा पारंपरिक गीत से पूरे क्षेत्र का माहौल पारिवारिक बन गया था। कार्यक्रम के दौरान पूर्वी सिंहभूम के एसएसपी प्रभात कुमार, डीएफओ ममता प्रियदर्शी, डीएसपी अरविंद कुमार, डीएसपी विजय कुमार, टाटा स्टील के पूर्व डीजीएम प्रभात शर्मा आदि प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति बनी रही। सभी ने इस प्रकार के कार्यक्रम की भूरी -भूरी प्रशंसा की। अतिथियों ने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से समाज में आवंडर से दूर रहने की प्रेरणा मिलती है। सभी बरूआ के परिवार इस आयोजन में अपने बच्चों का उपनयन कराकर समाज में सकारात्मक संदेश दिया है। मंचाशीन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बनारस के जगतगुरु दंडी स्वामी अनंत्तानंद जी महाराज, विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद विद्युत वरण महतो, विधायक सरयू राय, प्रसिद्ध चिकित्सक डा नागेन्द्र सिंह उपस्थित थे। मंच के अध्यक्ष रामप्रकाश पांडेय एवं महासचिव योगेन्द्र मौआर ने सभी अतिथियों को स्मृति चिह्न, अंगवस्त्र, जनेऊ धार्मिक पुस्तक प्रदान कर सम्मानित किया गया। स्वामी अनंत्तानंद जी ने कहा कि संस्कार एवं संस्कृति की रक्षा करने के लिए उपनयन जरूरी है। हमें अपने संस्कार को बरकरार रखने की आवश्यकता है। तभी हम अपने देश की विरासत को बचाएं रख सकते हैं। अतिथियों ने कहा कि इस तरह के आयोजन से समाज को प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विजय नारायण, राजेश कुमार, गोपाल सिंह, चंदन कुमार, राजेन्द्र कुंवर, बिरेन्द सिंह, क्षीनिवास ठाकुर, अशोक, अमरेन्द्र की अहम भूमिका रही।

## श्रीलेदर्स साकची ने अपने संस्थापक स्व. सुरेश चंद्र डे की 33 वीं पुण्य तिथि मनायी



संस्थापक को नमन करते श्रीलेदर्स साकची के सदस्यगण।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** साकची बाजार स्थित श्रीलेदर्स साकची द्वारा श्रीलेदर्स के संस्थापक एवं स्वतंत्रता सेनानी पूज्यनीय स्व श्री सुरेश चन्द्र डे के 33वीं पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। उक्त अवसर पर स्व श्री डे द्वारा स्थापित मानवीय एवं व्यवसायिक मूल्यों का हमेशा पालन करने हेतु संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के शुरूआत में श्री सुरेश चन्द्र डे की जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला गया और देश के प्रति उनकी कुर्बानी और उनके सामाजिक दायित्वों को याद किया गया। ज्ञात रहे कि स्व श्री सुरेश चन्द्र डे के तीसरे पुत्र स्व आशिष डे भी उनके पद चिन्हों पर चलते हुए समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निवर्हन किया। उनका परिवार भी अपने पूर्वजों के आदर्शों को अपने जीवन में चरितार्थ करने का संकल्प लिया। उक्त अवसर पर श्रीलेदर्स साकची के सभी कर्मचारीगण के अलावा उनके परिवार के सदस्य भी उपस्थित थे।

## यूथ पार्लियामेंट डिबेट के लिए जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी की तीन छात्राओं का चयन

**जमशेदपुर।** आइएसएम धनबाद द्वारा 'यूथ पार्लियामेंट डिबेट' के लिए आयोजित प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय की तीन छात्राओं का चयन किया गया है। माननीय कुलपति प्रो(डा) अंजिला गुप्ता ने चयनित छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के लिए यह गर्व की बात है साथ हीं, इनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रथम चरण की इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय स्तर पर तीस छात्राओं ने भाग लिया था। विश्व विद्यालय स्तर पर पांच छात्राओं का चयन किया गया।

## मोहरदा जलापूर्ति योजना के लिए हर माह चार बार चांडिल डैम से छूटेगा पानी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** इस वर्ष मानसून आने तक चाडिल डैम से 1128 घन मीटर प्रति सेकेण्ड अतिरिक्त जल का प्रवाह प्रत्येक 15 दिन में दो बार करके महीना में चार बार चांडिल डैम से छोड़ा जायेगा, ताकि मोहरदा पेयजल परियोजना के आसपास एकत्र होने वाली गंद्गी को साफ किया जा सके और पेयजल परियोजना को सुचारू रूप से मदद मिले। यह जानकारी चांडिल डैम के कार्यपालक अभियंता ने जमशेदपुर पूर्वी के विधायक श्री सरयू राय को दिया है। श्री राय ने इस बारे में दिनांक 02 अप्रैल, 2022 को सचिव, जल संसाधान विभाग को पत्र भेजकर उनसे अतिरिक्त जल प्रवाह चांडिल डैम से छोड़ने का अनुरोध किया था। तदुपरांत विभागीय सचिव ने अतिरिक्त जल प्रवाह छोड़ने का निर्देश दिया। कार्यपालक अभियंता के अनुसार फिलहाल चांडिल डैम से स्वर्णरेखा नदी में 1305 घन मीटर प्रति सेकेण्ड का जल प्रवाह नियमित रूप से छोड़ा जा रहा है। परंतु यह जल प्रवाह गर्मी के दिनों में पर्याप्त साबित नहीं हो पा रहा है, जिसके कारण मोहरदा परियोजना के लिए बनाये गये इंटेक वेल के पास जल प्रवाह में ठहराव आ जा रहा है, जिसके कारण यहाँ पर जलकुंभी सहित कई प्रकार की गंद्गी जमा हो जा रही हैं, जिसकी सफाई नाव के माध्यम से करानी पड़ रही है।

अब महीने में चार दिन (प्रत्येक 15 दिन में दो बार) 1128 घन मीटर प्रति सेकेण्ड का अतिरिक्त जल प्रवाह छोड़े जाने के कारण नदी में जल प्रवाह चार दिनों तक 2433 घन मीटर प्रति सेकेण्ड हो जायेगा, जिसके माध्यम से नाना प्रकार की गंद्गी को हटाना संभव हो सकता है। चांडिल डैम के कार्यपालक अभियंता ने विधायक श्री राय को सूचित किया है कि चांडिल डैम का जलस्तर फिलहाल 178.10 मीटर पर है। जबकि डैम का डेड स्टोरेज लेवल 170 मीटर है। चुंकि डैम के उपर से नगण्य जल प्रवाह आ रहा है, इसलिए फिलहाल डैम से बहुत अधिक जल छोड़ना संभव नहीं हो पा रहा है। कार्यपालक अभियंता के अनुसार फिलहाल चांडिल डैम में 34936 मिलियन घन मीटर जल संग्रहित है। विधायक सरयू राय ने उम्मीद जाहिर की है कि हर 15 दिन पर दो दिन तक अतिरिक्त जल प्रवाह छोड़े जाने से मोहरदा पेयजल परियोजना के इंटेक वेल के समीप नदी के जल प्रवाह में ठहराव आने की समस्या कुछ हद तक दूर हो सकेगी। श्री राय ने जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति से कहा है कि इंटेक वेल के समीप एकत्र जलकुंभियों को अविलम्ब हटाया जाय ताकि चांडिल डैम से छोड़े जानेवाले अतिरिक्त जल प्रवाह का इंटेक वेल के पास अच्छी प्रकार से उपयोग में लाया जा सके।

# पुराना सोनारी बस्ती में भव्य छऊ नृत्य की धूम

## सांसद विद्युतवरण महतो समेत कई गणमान्य व्यक्ति थे उपस्थित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



नृत्य दल का हौसला बढ़ाते सांसद विद्युत व अन्य अतिथि।

**जमशेदपुर।** पुराना सोनारी बस्ती में विकास समिति की ओर से आज कार्मेल स्कूल के पीछे मैदान में भव्य छऊ नृत्य का आयोजन किया गया, जिसमें नीमडीह (सरायकेला-खरसावां) के विवेकानंद विशाल छऊ सागर के उस्ताद चंडीचरण महतो बनाम पुरुलिया बागमुंडी (पश्चिम बंगाल) के वीणापानी छऊ नृत्य क्लब के उस्ताद हेम सिंह महतो एंड टीम ने अपनी प्रस्तुति दी। सभी कलाकारों ने कई आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। लोगों पर उनके नृत्य का जादू इस कदर चला कि लोग सुबह होने तक अपनी कुर्सियों में चिपके रहे। आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि सांसद विद्युत महतो तथा अन्य अतिथियों में 20 सूत्री उपाध्यक्ष मोहन कर्मकार, झामुमो नेता सह समाजसेवी आस्तिक महतो, झामुमो जिला सचिव लाल्टू महतो, अजय रजक तथा अशोक सिंह मौजूद रहेंगे। समिति के इस प्रयास की सराहना करते हुए सांसद विद्युत महतो ने कहा कि आज झारखंड की सांस्कृतिक व पारंपरिक धरोहर को बचाये रखने की अत्यंत आवश्यकता है, जिसे समिति के सदस्य बखूबी कर रहे हैं। इसके पूर्व अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ शहीद निर्मल महतो, स्व.सुधीर महतो तथा शहीद सुनील महतो को चित्रों पर पुष्प अर्पित कर किया। आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष धनंजय महतो के अलावा गोपाल महतो, अखिलेश्वर महतो, रामू महतो, कमल महतो, कार्तिक प्रसाद महतो, चित्तो मंडल, मनोज कुमार महतो आदि सक्रिय रहे।

### 42 वीं पुण्यतिथि पर याद किये गये डॉ परमेश्वर दूबे 'शाहाबादी'

**जमशेदपुर।** भोजपुरी-हिन्दी कविता-गीत-नवगीत के यशस्वी रचनाकार स्वर्गीय डॉ परमेश्वर दूबे शाहाबादी जी की 42वीं पुण्यतिथि 20 मई को श्रद्धांजलि गोष्ठी का आयोजन गोलमुरी स्थित भोजपुरी भवन में संध्या 4:00बजे से आयोजित हुई,जिसमें शहर के कवि,गीतकार और साहित्यकारों ने सर्वप्रथम शाहाबादी जी के तस्वीर पर फूल माला अर्पित कर श्रद्धा सुमन के रुप में श्रद्धांजलि अर्पित की। इस स्मृति गोष्ठी में साहित्य के क्षेत्र में शाहाबादी जी के अवदान की चर्चा की गई।

# ओमनगर में शिवधाम का तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह 23 से

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



प्राण प्रतिष्ठा समारोह का विवरण देते मंदिर कमेटी के महासचिव रामनारायण शर्मा। साथ में सुबोध श्रीवास्तव, मंजू सिंह व शंकर।

**जमशेदपुर।** ऊं नगर, जोन नम्बर 2 बी, बिरसानगर जमशेदपुर में भव्य शिवधाम मंदिर निर्माण संपन्न हुआ है। मंदिर के भव्य निर्माण में बिरसानगर जोन नम्बर 2बी, ऊं नगर की स्थानीय जनता, भारतीय जनतंत्र मोर्चा के कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के विधायक सरयू राय ने अपना महत्वपूर्ण योगदान निभाया है। मंदिर के विधिवत स्थापना के लिए तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन दिनांकः 23, 24 एवं 25 मई 2023 को तय किया गया है। उक्त जानकारी भाजमो के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह शिवधाम मंदिर कमेटी के महासचिव रामनारायण शर्मा ने एक संवाददाता सम्मेलन में दी। संवाददाता सम्मेलन में भाजमो के जिला अध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव व महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह भी उपस्थित थीं। संवाददाता सम्मेलन में युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अमित शर्मा, विधायक के प्रवक्ता आकाश शाह, बिरसानगर मंडल अध्यक्ष शंकर कर्मकार, अमित राम, प्रसंजीत सिंह, सरस्वती खामरी मंदिर समिति के मनोज साहु, नीरज कुमार, पटनायक, बिकास सिंह, चुन्ना सिंह, ठाकुर, अखिलेश सहित अन्य उपस्थित थे।

**प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम इस प्रकार है**

- दिनांकः 23 मई 2023, मंगलवारः सुबह 09:00 बजे कलश यात्रा, शाम 04:00 बजे से पंजाग पुजन एवं संध्या 07:00 बजे प्रवचन एवं भजन।
- दिनांकः 24 मई 2023 बुधवारः बेदी पूजन एवं अधिवास कार्यक्रम एवं संध्या 04:00 बजे से भगवान का नगर भ्रमण ।
- दिनांकः 25 मई 2023 गुरूवारः सुबह 11:00 बजे से प्राण प्रतिष्ठा एवं रूद्राभिषेक, दोपहर 02:00 बजे से महाप्रसाद, संध्या 07:00 बजे से प्रवचन एवं भजन।

---

## एक नजर में

### भागीरथवंशी महाशहीद आत्मशांति यज्ञ समिति की बैठक आयोजित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** रविवार को बिष्टुपुर स्थित श्रीकृष्ण सिंहा संस्थान में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत भागीरथवंशी महाशहीद आत्मशांति यज्ञ समिति की एक बैठक रमेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें शहर के गणमान्य लोग शामिल हुयें। बैठक में यज्ञ के सफल संचालन के लिए तैयारियों पर विचार विमर्श किया गया। वहीं समिति के सदस्यों के बीच यज्ञ के सफल संचालन के लिए अलग - अलग जिम्मेदारियां सौंपी। गौरतलब हो कि आदित्यपुर स्थित जयप्रकाश उद्यान में आगामी 14, 15 एवं 16 जून को विशाल यज्ञ का आयोजन होगा। जिसका प्रचार प्रसार जोर शोर से किया जा रहा है। बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित थे। रमेश कुमार, मिथिलेश प्रसाद श्रीवास्तव, दिनेश कुमार सिंह, एच एन राय, अरूण कुमार पांडेय, रघुनाथ सिंह, मनोज कुमार मुन्ना, प्रवक्ता - यमुना तिवारी व्यथित, अनिता सिंह, शिव पूजन सिंह, ष्णकांत मिश्र, राजेश कुमार राय, अधिवक्ता सतीश कुमार सिंह, चंद्रदेव मिश्रा आदि उपस्थित थे। श्री कुमार ने बताया कि लाखों हिंदुओं के अकाल मृत्यु के फलस्वरूप उनकी मोक्ष प्राप्ति के लिए देश में पहली बार जमशेदपुर में आत्मशांति यज्ञ होने जा रहा है । जिसमें बनारस से पंडित आएंगे जो विधि विधान से यज्ञ संपन्न कराएंगे। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने बारी - बारी से अपने - अपने विचार रखें।

### देश को कठिन डगर पर पीएम मोदी ने ला खड़ा किया है : आनंद बिहारी



नुक्कड़ सभा को संबोधित करते आनंद बिहारी दूबे।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर गोलमुरी प्रखंड के बागुनहातु चौक पर कांग्रेस नेता दीपक कर्मकार के अध्यक्षता में आयोजित हुआ। नुक्कडघ सभा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने कहा कि आज कांग्रेस पार्टी को चौक चौराहे, नुक्कड, हाट, बाजार पर इसलिए सभा करने की आवश्यकता आन पडी है कि देश को भाजपा सरकार एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने कांटे भरे रास्ते में लाकर खडघ कर दिया है, आज आम जनता महंगाई की मार से त्रस्त है, हमारे नौजवान, हमारे घर के बच्चे जो नौकरी के आस में लगातार पढघई करते हैं उनका भविष्य अंधकार मय हो गया है। रेलवे में, सैकडों सरकारी उपक्रमों से नौकरियां खत्म की जा रही है, पढ-लिखकर नौजवान दर-दर भटक रहे हैं उनके समक्ष परिवार को चलाने के लिए कोई रास्ता नहीं सूझ रहा है। यह विडंबना भरा समय विगत 9 वर्षों से हम लोगों के सामने आकर खडा है, भारत की जनता को अब आगे आना होगा। अपने बच्चों के भविष्य को सुखमय बनाने के लिए सोचना पडेगा। आज महिलाएं घर चलाने में असमर्थ हो रही है गैस का सिलेंडर जो 2014 में 450 घ था, आज 1142 रुपए हो गए हैं।

पेट्रोल डीजल की कीमत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काफी कम है लेकिन मोदी जी अपना तिजोरी भरने के चक्कर में हम लोगों को बहुत महंगे में पेट्रोल डीजल दे रहे हैं। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे,सामंतो कुमार, अवधेश सिंह, जसवंत सिंह जस्सी, प्रभात रंजन श्रीवास्तव, सैलेन्द्र सिंह, गुरमीत सिंह काक्के,अतुल गुप्ता, रविन्द्र मौर्या, दुर्गा प्रसाद, इन्दु भुषण यादव, राजकुमार वर्मा, सुशील घोष, धीरज कुमार सहित अन्य कई नेताओं नें अपना वक्तव्य दिया। कार्यक्रम का संचालन दीपक कर्माकार एवं धन्यवाद ज्ञापन गोविन्द नामता नें किया।

### मोदी समाज के राष्ट्रीय सम्मेलन में अमित शाह के साथ शामिल हुए रघुवर दास



मंच पर गृह मंत्री अमित शाह का अभिवादन करते पूर्व सीएम रघुवर दास।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** झारखंड के पूर्व सीएम एवं वर्तमान में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास आज अहमदाबाद में समस्त मोदी समाज के राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल हुए। इसमें गृह मंत्री श्री अमित शाह जी मुख्य अतिथि के रूप उपस्थित रहे। इस अवसर पर सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री दास ने कहा कि ओबीसी समाज का राष्ट्र के विकास में विशेष योगदान रहा है। भामाशाह से लेकर आज तक कई महापुरुषों ने निस्वार्थ भाव से राष्ट्र सेवा की है।

उन्होंने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने आदिवासी समाज को प्रतिनिधित्व देते महिला को राष्ट्रपति बनाकर महिला सशक्तिकरण और सामाजिक समरसता का संदेश दुनिया को दिया। हम सब सौभाग्यशाली हैं कि हमारा जन्म भारत में हुआ और हमें मोदी जी जैसे सशक्त नेतृत्व में समाज और राजनीति के क्षेत्र में कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ।

आज उनके कारण पूरे देश दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। भारत और भारतीयों का मान-सम्मान बढ़ा है। गुजरात की धारा ने कई महापुरुषों को जन्म दिया है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पहचान विश्व में शांतिदूत की है। लौह पुरुष सरदार पटेल दृढघ संकल्प शक्ति के प्रतीक हैं। 21वीं सदी के लौह पुरुष और युग पुरुष श्री नरेंद्र मोदी जी ने दुनिया को आतंकवाद के खिलाफ मानवता का संदेश दिया है।

## स्पीड न्यूज

### काव्य संग्रह 'फुही' तथा लघुकथा संग्रह 'कठजीव' राजभाषा विभाग भारत सरकार द्वारा हिंदी स्तरीय पुस्तकों में चयनित

**मेदिनीनगर।** भारत सरकार के गृह विभाग के अधीन राजभाषा विभाग द्वारा केंद्रीय मंत्रालयों/ उपक्रमों/ विभागों/ संस्थाओं और बैंकों आदि के पुस्तकालयों के लिए हिंदी की स्तरीय पुस्तकों की खरीद हेतु पुस्तक सूची में प्रमंडल के दो युवा साहित्यकारों की कृतियों को चयनित किया गया है। पलामू के विश्रामपुर थाना क्षेत्र के पंजरी ग्राम निवासी श्याम किशोर पाठक द्वारा रचित लघुकथा संग्रह 'कठजीव' एवं गढ़वा के रंका बौलिया निवासी श्री रवि शंकर पाण्डेय की कृति काव्य संग्रह 'फुही' का चयन राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी की स्तरीय पुस्तकों की सूची में किया गया है। इस अवसर पर राष्ट्रीय ख्यात कवि छंद मर्मज्ञ श्रीधर प्रसाद द्विवेदी जी, वरिष्ठ साहित्यकार सह उप सचिव (सेवानिवृत्त) झारखंड विधान सभा, रवि शंकर पांडेय, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक सह साहित्यकार झारखंड रत्न हरिवंश प्रभात, झारखंड रत्न सह राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित वरिष्ठ साहित्यकार डॉ रमेश चंचल, परिमल प्रवाह के सचिव, कवि एवं शिक्षक उमेश पाठक'रेणु', शिक्षक एवं कवि राकेश कुमार,ओजस्वी वक्ता एवं शिक्षक प्रतिनिधि परशुराम तिवारी, झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ के प्रतिनिधि डीके शुक्ला, विज्ञान शिक्षक अभिषेक तिवारी सहित कई गणमान्य व्यक्तियों और शुभचिंतकों ने दोनों साहित्यकारों को शुभकामनाएं दी।

### विधायक की अनुशंसा पर मिला ट्रांसफार्मर, हर्ष

**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखंड के देवरीकला स्थित मिस्त्री लाइन का विद्युत ट्रांसफार्मर जल जाने से इस भीषण गर्मी में लोग परेशान हैं। ग्रामीणों ने इस संबंध में विधायक कमलेश कुमार सिंह को दूरभाष पर जानकारी दी। विधायक ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तत्काल विभाग से 100 केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। वहीं हैदरनगर प्रखंड के बिलासपुर में 16 केवीए के बदले 25 केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया। दोनों जगह ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराए जाने से ग्रामीणों में काफी खुशी है। ग्रामीण दीपक रजक ,अजय सिंह , सोनू सिंह ,मुना सिंह ,पूरण राम , रामजी राम ,कुणाल सिंह, गुड्डू सिंह ,कृष्णा चंद्रवंशी ,रंजीत ठाकुर ,मीजान खान आदि ने विधायक को बधाई दी है।

### भाजपा ग्रामीण मंडल मेदिनीनगर कार्यसमिति की बैठक में कई फैसले

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मंडल मेदिनीनगर की कार्यसमिति की बैठक मंडल अध्यक्ष सुनील पांडे की अध्यक्षता में रविवार को जिला कार्यालय पलामू में आयोजित किया गया। बैठक का संचालन ग्रामीण मंडल महामंत्री बंटी सिन्हा ने किया। बैठक में भारतीय जनता पार्टी पलामू के जिलाध्यक्ष विजया नंद पाठक, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अविनाश वर्मा ,जिला के कई पदाधिकारी एवं ग्रामीण मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यसमिति सदस्य शामिल थे। बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय कार्यसमिति, प्रदेश कार्यसमिति एवं जिला कार्यसमिति के बाद पार्टी के सिद्धांत और नियमों के अनुकूल मंडल कार्यसमिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कार्यकाल के 9 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित महा जनसंपर्क अभियान जो कि 1 जून से 25 जून तक चलेगी के सभी कार्यक्रमों की विशेष रूप से चर्चा की गई एवं आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में संगठन को गांव गांव तक मजबूत करने और आम लोगों को केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने को लेकर विशेष चर्चा की गई। मौके पर मुख्य अतिथि ग्रामीण मंडल के प्रभारी जिला महामंत्री श्याम बाबू ने कहा कि केंद्र में भाजपा सरकार का 30 मई को 9 साल पूरे होगां।

### विश्व हिंदू परिषद ने नगर में पन शाला खोलने का लिया निर्णय

**मेदिनीनगर ।** पलामू में गहराती जल संकट और भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए विश्व हिंदू परिषद ने शहर के मुख्य चौक चौराहों पर पन शाला खोलने का निर्णय लिया है। रविवार को ए 'जीएम टॉवर के पास एक पन शाला का शुरूआत पलामू जिला सेवा प्रमुख गोपाल तिवारी जी के द्वारा पूजा पाठ के बाद किया गया। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कई अधिकारी मौके पर उपस्थित थे। बताया कि भीषण जल संकट के कारण पलामू में लोगों को पानी के लिए बहुत परेशानी हो रही है। इस बात को ध्यान में रखते हुए विश्व हिंदू परिषद अभी और भी कई चौक चौराहों पर इस तरह की व्यवस्था करेगी। वर्तमान में रेडमा, बारा लोटा, आबाद गंज में पहले से पनशाला संचालित है लेकिन अभी और भी कई खोली जाएंगी। पनशाला उद्घाटन के मौके पर पलामू विभाग के विभाग मंत्री कुमार गौरव, पलामू जिला मंत्री दामोदर मिश्र, संरक्षक राम नरेश स्वर्णकार, जिला सह मंत्री अमित तिवारी, सेवा प्रमुख गोपाल तिवारी, सुरेश वर्मा, दीनानाथ तिवारी, कार्यसमिति सदस्य धीरज कुमार गुप्ता, बजरंग दल से जिला संयोजक संदीप कुमार गुप्ता, विकास कुमार कश्यप, प्रकाश कुमार आदि उपस्थित थे ।

### एथलेटिक्स प्रतियोगिता के अंतिम दिन 104 प्रतिभागी हुए शामिल

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वाधान में जी एल ए कॉलेज के मैदान में दो दिवसीय बालक बालिका सीनियर जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के अंतिम दिन 10,000 मीटर दौड़ से प्रारंभ हुआ। प्रतियोगिता का उदघाटन मुख्य अतिथि कासियाडीह मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक गोविंद प्रसाद,पलामू जिला कबड्डी संघ के सचिव कमलानंद दुबे , शारीरिक शिक्षक प्रदीप कुमार मेहता ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर 10,000 मीटर दौड़ प्रारंभ कराया। पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष आजाद शत्रु प्रसाद सिन्हा ने मुख्य अतिथि एवं खिलाड़ियों को स्वागत किया। सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता के दूसरा एवं अंतिम दिन पलामू जिला के लगभग सभी प्रखंडों से 104 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का संचालन पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के तकनीकी पदाधिकारी कोच रेशमा पांडे के नेतृत्व में , सोनी कुमारी, प्रीती कुमारी, प्रशिक्षु शारीरिक शिक्षक स्नेहा कुमारी ,सतीश कुमार ठाकुर ,गुलाम सरोवर ,रविंद्र कुमार यादव ,धर्मेंद्र कुमार, बद्रीनारायण, आशुतोष कुमार, अक्सा नाग, गोविंद गिरी ,अंकित कुमार, सुनील कुमार , अपर्णा कुमारी, साक्षी कुमारी, मुनी कुमारी ,तनु कुमारी, बसंत उरांव , अभिषेक कुमार ने किया । पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजातशत्रु प्रसाद सिन्हा के देखरेख में सभी विजय प्रतिभागियों को मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया ।

## पलामू सांसद पहुंचे पीड़िता के घर, न्याय का दिलाया भरोसा

# घटना के आरोपी नहीं बख्शे जायेंगे : सांसद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद पलामू।** अंचल थाना क्षेत्र में नाबालिक से सामुहिक दुष्कर्म मामला में रविवार को पलामू के सांसद बिष्णु दयाल राम ने पीड़िता के गांव झारगड़ा पँहुचे और उसके परिवार के सदस्यों से मिले । मौके पर सांसद ने उन्हें न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। मौके पर सांसद ने कहा कि यह घटना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण हैं । यहां आखिर हमारे घर बेटी बहुएं कैसे रहेंगी । यह सब चिंता का विषय हैं । आगे उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार के मेरा चिंता हैं हम सभी पहलुओं पर नजदीकी नजर बनाए हुए है पुलिस के वरीय अधिकारियों से भी लगातार सम्पर्क में हैं । बहुत जल्द सभी आरोपी जेल जाएंगे और नही तो घर की कुर्की होगी । पीड़िता को सरकारी प्रोटक्शन के तहत 10 लाख रुपये भी मिलेगी । इसे लेकर पदाधिकारियों को निर्देश दिये हैं। मौके पर भाजपा के जिला मंत्री संतोष कुमार सिंह, प्रदेश नेता प्रफुल्ल कुमार सिंह, रामप्रवेश सिंह, श्रवण अग्रवाल, रंजीत पासवान, संदीप पासवान, सुबोध कश्यप आदि सैकड़ो लोग मौजूद थे।

# कार्यकर्ता आम लोगों से सीधा संवाद कायम रखें : डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बिश्रामपुर (पलामू) ।** भाजपा के नगर मंडल कार्यसमिति की बैठक रविवार को आरसीआइटी के सभागार में हुई। बैठक की अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम और संचालन महामंत्री मनीष गुप्ता ने किया। बैठक में केंद्र सरकार के कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन - जन तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया। बैठक में महाजनसंपर्क अभियान चलाकर पार्टी के नीति सिद्धांतों को घर घर तक पहुंचाने का भी संकल्प लिया गया। इसके अलावा बैठक में संगठन को और विस्तारित करने पर भी चर्चा हुई। बैठक के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में हिंदुस्तान का गौरव पूरे विश्व में बढ़ा है। इस गौरव को उच्च शिखर तक ले जाने हेतु अगली बार भी मोदी सरकार जरूरी है। उन्होंने कार्यकताओं से अपील किया की जनसंपर्क के दौरान आम लोगों से सीधा संवाद स्थापित करें। उन्हे मोदी सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं की जानकारी दें। पार्टी के नीति सिद्धांतों से अवगत कराएं।

# मां अपना बलिदान देकर बच्चों का विकास करती है : ऋषभ गर्ग

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर ।** सिंचाई विभाग के सामने स्थित शांतिकुलम विद्यापीठ शिक्षण संस्थान आवासीय विद्यालय परिसर में मदर्स डे पर हुए भाषण प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया । साथ ही बच्चों को सर्टिफिकेट और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मेदनीनगर सदर के एसडीपीओ सह एएसपी ऋषभ गर्ग, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड के संरक्षक अविनाश वर्मा, अध्यक्ष सन्नू सिद्दीकी, वरीय उपाध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष आनंद कुमार, चैनपुर जिला परिषद सदस्य फैजायल अहमद, एसडीपीओ कार्यालय के रीडर सोहेल खान, विद्यालय के निदेशक सतीश अग्रवाल ने किया। मौके पर सदर एसडीपीओ ऋषभ गर्ग ने कहा कि एक अच्छे इंसान के रूप में बच्चे के निर्माण और विकास में मां की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि वे माताओं को उन सभी बलिदानों के लिए धन्यवाद दें जो उन्होंने हमारे जीवन को आरामदायक और प्यारा बनाने के लिए किया है। वहीं प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड के संरक्षक अविनाश वर्मा ने कहा कि एक मां वह है जो सभी की जगह ले सकती है लेकिन मां की जगह कोई नहीं ले सकता है। उन्होंने मां की महिमा का बखान किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष सन्नू सिद्दीकी ने कहा कि हमें सिर्फ अपनी ही मां की नहीं बल्कि विश्व के सभी माताओं का सम्मान हमेशा करना चाहिए । वही एसोसिएशन के वरीय उपाध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से विद्यालय एवं अभिभावकों का संबंध द्वारा होता है । कोषाध्यक्ष आनंद कुमार ने कहा कि एक मां का दिल बहादुर होता है वे अपने आनंद का त्याग कर अपने बच्चों की सभी जरूरत पूरा करती है। चैनपुर जिला परिषद सदस्य फैजायल अहमद ने कहा कि बच्चों में हर बात की समझ होनी जरूरी है और वह समझ बच्चा, समाज और स्कूल में होने वाली विभिन्न कार्यक्रमों से सीख सकता है। कार्यक्रम के स्वागत भाषण में विद्यालय के निदेशक सतीश अग्रवाल ने कहा कि विद्यालय द्वारा इस तरह का कार्यक्रम समय-समय पर अलग-अलग विषयों पर बच्चों के बीच कराया जाता है ताकि हम बच्चों में सभी प्रकार के विषयों पर उनमें समझ पैदा कर कर सके और वे भविष्य में किसी भी क्षेत्र में अपना योगदान दे सकें। विद्यालय के प्राचार्य सौरभ कुमार के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत शाल, स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। मंच का संचालन विद्यालय की कोऑर्डिनेटर खुशबू गुप्ता, शिक्षिका स्वाति गुप्ता ने किया। भाषण प्रतियोगिता में पीयूष कुमार, दिलशान आलम, रितेश कुमार यादव, रिद्धि कुमारी, आदित्य कुमार, आराधना पांडे, जुली कुमारी, आर्यन कुमार दांगी, सृष्टि कुमारी को प्रथम पुरस्कार, अंजली कुमारी, प्रीति कुमारी, समीर रजा, प्रिंस कुमार, नंदनी कुमारी, ताहिरा परवीन, अंकुश राज रतन, नैंसी कुमारी, रिशु कुमार ठाकुर, को द्वितीय पुरस्कार तथा अमन रजा, रतीश कुमार, हर्ष कुमार, नितीश कुमार पासवान, रिशु कुमार अग्रवाल, लव कुमार, अभिषेक शाह, अमित कुमार, सत्यम कुमार, नुसरत आरा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाये।

# हुसैनाबाद दुष्कर्म मामले में दूसरा आरोपी भी गया जेल



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** ग्राम झारगड़ा में एक नाबालिक से सामूहिक दुष्कर्म मामले में हुसैनाबाद पुलिस लगातार छापामारी अभियान चला रही हैं और इसमें पुलिस को एक को सफलता भी मिली हैं । इस घटना के एक और आरोपी नीतीश कुमार ठाकुर,पिता राजकुमार ठाकुर को रविवार को न्यायिक हिरासत मेदिनीनगर भेज दिया गया हैं। इस सबन्ध में थाना प्रभारी जगनाथ धान ने कहा कि पुलिस बहुत जल्द सभी आरोपियों को गिरफ्तार करेगी । बस आप लोगो का थोड़ा धर्य और साहस से पुलिस का साथ दिजिए । मौके पर पु०आ०नि०सौरभ कुमार मौजूद थे।

### कारागीन बन्दी ले नि:शुल्क विधिक सहायता का लाभ

**मेदिनीनगर ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा रविवार को केंद्रीय कारा मेदिनीनगर में रविवार को काराधीन बन्दियों के बीच जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे के निर्देश पर व जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ अमिताभ चन्द्र सिंह, डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय, सहायक लीगल डिफेंस काउंसिल वीर विक्रम बक्स राय ,पुष्कर राज उपस्थित थे । शिविर में काराधीन बन्दियों को उनके अधिकार और कर्तव्य के साथ-साथ कानून में उन्हें मिलने वाली सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ अमिताभ चन्द्र सिंह ने कहा कि बंदियों को जेल नियमो और अधिकारियों के आदेशों का पालन करना चाहिए। साफ, स्वस्थ रहना अर्थात अपने शरीर कपड़ों बिस्तर को साफ रखना चाहिए। सभी बंदी का व्यवहार सालीन होना चाहिए। इस मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ने कहा कि काराधीन बन्दी निःशुल्क विधिक सहायता का लाभ ले ।

# हेमंत की जनकल्याण कारी योजनाओं की जानकारी लोगों को दें : राजेंद्र सिन्हा

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** झामुमो पलामू जिला समिति के द्वारा आज क्राउन प्लाजा में एक दिवसीय बैठक जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा की अध्यक्षता में की गई। बैठक की पहले पार्टी के पूर्व नेता स्व दुर्गा सोरेन जी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन झामुमो सचिव सन्नू सिद्धिकी ने किया। कार्यक्रम के सदस्यता अभियान, पार्टी की मजबूती और पार्टी के विस्तार पर सभी प्रखंड अध्यक्षों और कार्यकताओं से विस्तार रूप से चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में 4 प्रखंड, हरिहरगंज, छतरपुर, मोहम्मदगंज और हुसैनाबाद भंग करने की भी घोषणा की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने कहा आज झामुमो पलामू की सबसे मजबूत पार्टी है, इसका श्रेय झामुमो पलामू के कार्यकताओं को जाता है। आज सभी प्रखंड में केंद्रीय समिति के निर्देशानुसार सदस्यता अभियान चलाए जाएंगे। सभी कार्यकर्ता और नेता सभी गांव के घर - घर तक जाएंगे और सदस्य बनाएंगे। हमारा लक्ष्य 1 लाख 50 हजार नए सदस्य बनाने का है। पलामू को तीन जोन में बांट कर प्रभारी नियुक्त किए जाएंगे। हेमंत सोरेन जी की लोकप्रियता आज हर घर में हैं, अब वक्त है माटी की पार्टी को हर बूथ हर आंगन तक जा कर लोगों को जोड़ने की। सभी लोग हेमंत सोरेन की जनकल्याण कारी योजनाओं की बारे में लोगों को बताएंगे, और सभी कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ कर लाभ दिलाने का कार्य करेंगे। साथ ही पार्टी का विस्तार भी जल्द किया जाएगा। आज के दिन पार्टी के वरिष्ठ नेता स्व दुर्गा सोरेन जी का पुण्यतिथि भी है, उन्हें झामुमो पलामू के तरफ से भावभीनी श्रद्धांजलि, उनसे सभी कार्यकताओं को प्रेरणा लेनी चाहिए की कैसे, शोषितों, गरीबों, दलितों और वंचितों के लिए कैसे उनका हक दिलाया जाता है।

## एक नजर में

### ऑनलाइन क्लास नयी शिक्षा नीति के उद्देश्य को पूर्ण करने में महत्वपूर्ण : सीओ



**सतबरवा पलामू।** राजकीयकृत सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय सतबरवा के पीजीटी विज्ञान शिक्षक अभिषेक कुमार तिवारी ने शनिवार को ऑन लाईन क्लास का आयोजन किया। ग्रीष्मावकाश में भी विद्यार्थी के प्रति समर्पण तथा पाठ्यक्रम को स-समय पूर्ण करने को लेकर प्रत्येक माह के तीसरे शनिवार को प्रायोजित मार्गदर्शन ऑनलाइन क्लास सराहनीय पहल है। ऑन लाईन क्लास नई शिक्षा नीति के उद्देश्य को पूर्ण करने में महत्वपूर्ण है। उक्त बातें छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा नव चयनित सीओ अक्षय कुमार तिवारी ने विद्यार्थियों के बीच अपने अनुभव और संघर्ष से सफलता तक को साझा करने के दौरान कही। उन्होंने बताया कि स्वयं की जागरूकता ही सफल जीवन तथा इच्छा अनुसार नौकरी में सफलता दिला सकता है । इस उद्देश्य को पूर्ण करने के लिए मानसिक गंभीरता तथा विषय की रोचकता सुनिश्चित करना प्रथम संकल्प होना चाहिए। शनिवार की रात्रि में ऑनलाइन क्लास में अभिषेक तिवारी ने पांच विशिष्ट व्यक्ति से भी विद्यार्थियों का परिचय कराया जिसमें विवेकानंद त्रिपाठी, चंदन प्रसाद, अभिषेक तिवारी , श्रीमती अंजू शुक्ला तथा अरविंद दुबे का नाम शामिल है। जिन्होंने विभिन्न सरकारी विभागों में जैसे रेलवे ,इंजीनियरिंग ,शिक्षा, शारीरिक शिक्षा , वित्त एवं वाणिज्य के क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह के अंतर्गत सरकारी सेवा में योगदान दिया है। इन सभी का परिचय कराने का उद्देश्य वर्तमान समय में सरकारी नौकरियां मेहनत करने पर सरलता से प्राप्त किया जा सकता है।

### पोखरिया में मना सरना झंडा का पांचवां स्थापना दिवस



**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड के ग्राम पोखरिया में सरना झंडा का पांचवां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष मिथिलेश उरांव , विशिष्ट अतिथि विधायक प्रतिनिधि अशोक तिवारी , पंचायत के मुखिया मनोज कुमार ,पूर्व मुखिया चंद्रदेव सिंह , भाजपा नेता जैनेंद्र यादव ,राधेश्याम सिंह , विनोद पांडे , पूर्व पंचायत समिति रामप्रवेश सिंह ,पूर्व पंसस मनोज यादव , बृजेश चंद्रवंशी , सरिता , मंजू शामिल थे। मौके पर जिलाध्यक्ष मिथिलेश उरांव ने कहा कि सरना झंडा का पांचवां स्थापना दिवस में लोग काफी संख्या में शामिल हुए हैं। कहा कि सरना समाज की पहचान झारखंड समेत अन्य प्रांतों में बढ़ा है। सरना समाज के कार्यसंस्कृति को एकजुट होकर आगे बढ़ाने की जरूरत है। कार्यक्रम में महिलाएं , पुरुष नृत्य गान के साथ जल चढ़ाते हुए आगंतुकों का स्वागत किया। मौके पर अतिथियों का हाथ धुलाई और पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया। मौके पर महिलाएं नृत्य व गीत प्रस्तुत कर थिरकते नजर आये।

# आधुनिक भारत के निर्माता और युवाओं के प्रेरणाश्रोत थे राजीव गांधी : बिट्टू पाठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक की अध्यक्षता में भारत रत्न सह पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई। सर्वप्रथम कांग्रेस भवन के सभागार में कांग्रेस जनों ने उनके चित्र पर माला फूल देकर श्रद्धांजलि सुमन अर्पित किए एवं पौधारोपण करके नमन किया । मौके पर पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि राजीव गांधी ने अपने प्रधानमंत्रीतत्व काल में देश को तरक्की के पथ पर तेजी से आगे बढ़ाया । 21वीं सदी में भारत को ले जाने के लिए उन्होंने कई उल्लेखनीय कार्य किए हैं। इसका लाभ देशवासियों को मिल रहा है। उन्होंने सूचना प्रौद्योगिकी एवं दूरसंचार के क्षेत्र में क्रांति लाई ।18 वर्ष के युवाओं को मत देने का अधिकार दिये, गांव को सशक्त बनाने के लिए पंचायती राज व्यवस्था को लागू किया और शिक्षा का आधुनिकीकरण कर शिक्षा की गति को तेज किया । आगे श्री पाठक ने कहा कि आम जनों के नेता थे वे अपने पारदर्शी एवं दूरदर्शी चिंतन से देश को 21वीं सदी में ले जाने के लिए सकारात्मक सोच के साथ काम किया उनके दूरदर्शी चिंतन से सामाजिक आर्थिक एवं राजनीतिक गतिविधियों में नई दिशाओं की योजनाएं तैयार हुई ।

# छात्र नेता का असामयिक निधन अपूरणीय क्षति : रूचिर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** छात्र नेता सुजीत पांडे उर्फ विदेशी पांडे एवं राहुल कुमार के असामयिक निधन के बाद रविवार को रेड़मा स्थित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने किया। श्रद्धांजलि सभा में सर्वप्रथम दिवंगत छात्र नेताओं की तस्वीर पर पुष्पांजलि कर श्रद्धांजली दी। मौके पर भाकपा जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी ने कहा कि विदेशी पांडे और राहुल कुमार का असमय चले जाना पार्टी के लिए और व्यक्तिगत रूप से हमारी काफी अपूरणीय क्षति हुई है, जिसको निकट भविष्य में पूरा कर पाना मुश्किल है । आज जरूरत है छात्रों को भ्रष्टाचार शोषण और दमन के खिलाफ भी लड़ने की। एआईएसएफ छात्र नेता ने कहा कि सुजीत पांडे और राहुल कुमार विश्वविद्यालय समेत इसके सभी इकाइयों में भ्रष्टाचार के खिलाफ और शैक्षणिक अराजकता के खिलाफ आवाज उठाते थे।

### कांग्रेस अल्पसंख्यक का बोकारो कर्बला मैदान में होगा कार्यक्रम



**मेदिनीनगर।** झारखंड कांग्रेस अल्पसंख्यक विधि विभाग के इंचार्ज पलामू प्रमंडल के प्रभारी गुलरेज अख्तर अंसारी ने प्रेस वार्ता में कहा कि हिंदुस्तान के मशहूर शायर एवं राज्यसभा सांसद राम प्रतापगढ़ी झारखंड के बोकारो कर्बला मैदान में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के मंजूर अंसारी चेयरमैन के नेतृत्व में एक विशाल कार्यक्रम बोकारो में रखा गया है । कार्यक्रम में पूरे देश में प्रेम भाईचारे को बढ़ावा देने , सभी जाति वर्गों के लिए राहुल जी के संदेश और संकल्प को जन जन तक पहुंचाने पर बल दिया जायेगा। उसके अलावा रांची इरबा में मरहूम अब्दुल रजाक अंसारी फ्रीडम फाइटर सभी वर्गों के प्रेमी उत्तर जमीन पर बुनकर संवाद कार्यक्रम झारखंड प्रदेश के कांग्रेस के उपाध्यक्ष अनवर अहमद अंसारी के नेतृत्व में इमरान प्रतापगढ़ी जी का आगमन हो रहा है । मोहम्मद गुलरेज अंसारी इंचार्ज कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विधि विभाग झारखंड ,कांग्रेस पार्टी के उपाध्यक्ष ओमप्रकाश अमन ,नसीम अहमद खान ,महासचिव शेरखान और अनवर अहमद शामिल थे।

# नगर परिषद ने चार जगहों पर खोला रिड्यूस्ड रीयूज, रिसायकल सेंटर

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**बिश्रामपुर (पलामू) ।** विश्रामपुर नगर परिषद द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत मुख्यालय में चार जगहों पर रिड्यूस्ड,रीयूज,रिसायकल सेंटर खोला गया। आर,आर,आर सेंटर विश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय के गोदरमा,कोसियार,झगरुआ व रेहला शुक्रबाजार में खुला। जिसका उदघाटन नगर प्रबंधक सुभाष हेम्ब्रम व ब्रांड एम्बेसडर सह विधायक के नगर प्रतिनिधि राजन पांडेय ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। मौके पर नगर प्रबंधक सुभाष हेम्ब्रम ने बताया कि रिड्यूस्ड, रीयूज, रीसायकल सेंटर में स्थानीय लोग अपना यूज किया हुआ कोई भी वस्तु जमा करेंगे जिसे रिसाइकल के बाद उसे गरीब व जरूरतमंद लोगों के बीच वितरण किया जायेगा।

अभी यह सेंटर नप के पांच वार्डो को मिलाकर चार जगहों पर खोला गया है। जरूरत के हिसाब से सेंटर को और बढ़ाया जायेगा। ब्रांड एम्बेसडर राजन पांडेय ने कहा कि सेंटर को खुल जाने से गरीब जरूरतमंद लोगों को काफी राहत मिलेगी। लोग यूज किया हुआ प्लास्टिक के वस्तु,जूता-चप्पल, कपड़ा ,किताब सहित इस्तेमाल की जा चुकी जरूरत की सभी वस्तुओं को फेके नही उसे सेंटर में जमा करे। उसे पुनः इस्तेमाल के लिए तैयार कर जरूरतमंद व गरीब लोगों को दिया जायेगा। मौके पर कनीय अभियंता अभय राज हंस, मणिभूषण पांडेय, मुबारक अंसारी, सुबोध केशरी, राजेश कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

### स्केटिंग में जलवा बिखेरेंगे संत मरियम स्कूल के बच्चें

**मेदिनीनगर।** 28 मई दिन रविवार को एनर्जी पार्क, पटेल नगर में 7वा रोलर स्केटिंग चैम्पियनशिप बिहार में स्केट्स स्पोर्ट एसोसिएशन ऑफ बिहार द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में संत मरियम स्कूल से 5 स्केटिंग खिलाड़ी विवेक टोप्पो, नीरज कुमार, राधाकृष्णा, बिट्टू कुमार और युवराज सिंह भाग लेंगे। पलामू के जाने-माने स्केटिंग कोच चन्दन कुमार के नेतृत्व में इन खिलाडियों को तैयार किया जा रहा है ताकि वे बेहतर प्रदर्शन कर अपने स्कूल सहित जिले का नाम रौशन कर सके। मौके पर संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि संत मरियम स्कूल स्थापना के प्रारंभिक दौर से ही शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में विद्यार्थियो को उनकी रुचि के अनुसार विकसित करता है । यह पलामू जिले के लिए गर्व की बात है कि पिछड़ा जिला होने के वावजूद यहां के बच्चें स्केटिंग जैसे कठिन खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेगें ।

स्पीड न्यूज

## टासरा प्रोजेक्ट तीसरे दिन भी बंद, प्रबंधन व प्रशासन मौन

**सिंदरी।** एनएसी कॉलोनी सहित टासरा बस्ती का मुख्य सड़क सेल चासनाला प्रबंधन द्वारा गुरुवार को ओबी डंप कर जाम कर देने के बाद टासरा प्रोजेक्ट का खनन व परिवहन कार्य को टासरा बस्ती के ग्रामीणों ने तीसरे दिन रविवार को भी चक्का जाम रखा। इससे प्रोजेक्ट तो बाधित है। इसके साथ ही ग्रामीणों को आवाजाही में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसको लेकर टासरा प्रबंधन व ग्रामीणों द्वारा गौशाला ओपी पुलिस को लिखित शिकायत की गई है लेकिन प्रशासन की मौन ग्रामीणों व प्रबंधन के समझ से परे है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रास्ते को जामकर सेल प्रबंधन मूकदर्शक बनी देख रही है। वहीं प्रशासन भी रास्ता को बंद हालात में छोड़कर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।

## मधुबन होटल में स्कूली बच्चों का समर कैंप

**गोविंदपुर।** मारवाड़ी महिला सम्मेलन की गोविंदपुर शाखा ने रविवार को मधुबन होटल में स्कूली बच्चों का समर कैंप लगाया। इसमें 40 बच्चों ने भाग लिया । कैंप में बच्चों को ओम का उच्चारण, गायत्री मंत्र, योगा, डांस, पौधारोपण, राखी बनाना अभी सिखाया गया। घर में रहकर बच्चों को छुट्टियों का आनंद लेने की तरीके भी बताए गए। प्रशिक्षकों ने बच्चों को कई तरह का प्रशिक्षण दिया। बच्चों को भोजन कराया गया एवं उन्हें उपहार भी दिए गए पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष रेणु दुदानी ने बच्चों को संबोधित किया। पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष पद्मा बूबना, सचिव विमला शर्मा, मीना बंसल, निर्मला अग्रवाल रितु बजाज, मीता गुप्ता, सुनीता मेहरिया, शशि अग्रवाल, अलीशा मित्तल, सीमा अग्रवाल, प्रभा सरिया, पायल मित्तल आदि शामिल थी ।

## रेलवे द्वारा मंदिर तोड़ने की नोटिस को लेकर बैठक

**कुमारधुबी।** आसनसोल रेल मंडल द्वारा फ्रेड कॉरिडोर निर्माण को लेकर दिए गए नोटिस के आलोक में रविवार को शिवलीबाड़ी मध्य पंचायत स्थित संत रविदास मंदिर मैथन मोड परिसर में जिला परिषद गुलाम कुरैशी की अध्यक्षता में बैठक की गई। जिसमें रेलवे द्वारा मंदिर और अंबेडकर विद्यापीठ के तोड़ने के लिए दिए गए नोटिस पर चर्चा किया गया। जिसमें सभी के सहमति से निर्णय लिया गया कि समिति अपने फंड से अपना जमीन खरीदेगी और उस पर रेलवे द्वारा मंदिर का निर्माण करवाया जाएगा। उसके बाद सभी के सहयोग से अंबेडकर विद्यापीठ का भी निर्माण करवाया जाएगा। बैठक में जिप सदस्य गुलाम कुरैशी, नगेंद्र कुमार, काजल बाउरी, अजय चौधरी, भोला चौहान, अवधेश राम, तुलसी राम, जितेंद्र शर्मा, एसपी चौहान, कन्हैया रविदास, मोहन भगत, सत्येंद्र सिंह, सुरेश रविदास मौजूद थे।

## कसमार में अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

**बोकारो/कसमार।** बालू के उत्खनन और परिवहन पर रोक लगाने के बावजूद नदियों से बालू का अवैध दोहन और धड़ल्ले से हो रहे परिवहन पर रोक लगाने के लिए कसमार प्रखंड प्रशासन ने छापेमारी अभियान चलाया। प्राप्त गुप्त सूचना पर कसमार सीओ प्रदीप शुक्ला व थाना प्रभारी उज्जवल पाण्डेय ने छापेमारी कर सोनपुरा पंचायत के सिल्लीसाड़म चौक पर अवैध रूप से बालू लदे ट्रैक्टर को पकड़ा। प्रशासनिक टीम द्वारा ट्रैक्टर को जब्त कर अनुसंधान जारी है। सीओ ने बताया कि बालू के अवैध खनन व परिवहन के विरुद्ध छापेमारी अभियान लगातार जारी रहेगा। छापेमारी के बाद बालू के कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

## भागा मायुमं बस्ताकोला गौशाला में की गौ सेवा

**झरिया।** मारवाड़ी युवा मंच भागा शाखा के द्वारा झरिया धनबाद गौशाला में गौ माता की सेवा की गई। युवा मंच के द्वारा गौ माता को हरा चारा चौकर व गुड़ खिलाया गया ।कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी साथियों का योगदान रहा। वही पत्रकार से बात करते हुए, भागा शाखा के द्वारा बताया गया कि, वो आगे भी इस तरह का सेवा कार्य करते रहेंगे।

### कोयलांचल में पूर्व पीएम राजीव गांधी की 32वीं पुण्यतिथि मनायी गयी

# कम्प्यूटर क्रांति के नायक थे राजीव गांधी



खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** राजीव गाँधी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय डिगवाडीह एवं जवाहर लाल नेहरू मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के संयुक्त तत्वाधान में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गाँधी की 32 वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य मे ह्व स्मृति सह आतंकवाद विरोधी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कोयला नगर स्थित राजीव गाँधी की आदमकद प्रतिमा पर संस्थान के निदेशक एवम प्रख्यात शिक्षाविद डॉ आर एन चौबे, सुप्रसिद्ध कांग्रेस नेता सह पूर्व लोकसभा सांसद माननीय चन्द्र शेखर दूबे, सुप्रसिद्ध समाज सेवी किशोर कुमार वी एन प्रसाद, प्रमोद चंद्रवंशी, मो इस्लाम, मुन्ना जायसवाल ने माल्यार्पण कर स्व राजीव गाँधी के प्रति अपना श्रद्धासुमन अर्पित किया ।सिटी सेंटर स्थित महात्मा गाँधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। इन सभी ने इंदिरा चौक स्थित पूर्व प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गाँधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा, भगवान बिरसा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ के साथ किया गया। मुख्य अतिथि चंद्रशेखर दुबे पूर्व सांसद ,संस्थान के निदेशक डॉ. आर.एन चौबे, प्रदीप बाल मूचू पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, डॉ एस. के. सिन्हा डीन बालकल्याण, डॉक्टर जे. एन. डीन विज्ञान डॉ उपेंद्र कुमार विभागाध्यक्ष शिक्षा संकाय आरएसपी कॉलेज प्राचार्य डॉ पी के झा, डॉक्टर जी.सी. सिंह डॉ एस.के. चोपड़ा, मन्नान मलिक, पूर्व विधायक, विकास पाठक, ललन चौबे, सुरेंद्र, मुख्तार खान, कालीचरण यादव, राम रावत यादव, रविंद्र वर्मा, अनिल पांडे, किशोर कुमार, वारिस खान, प्राचार्या डॉ. वीणा कुमारी उपप्राचार्य डॉ. मुकेश तिवारी, डॉ. अरविंदर कौर, डॉ. निलेश कुमार सिंह, ने प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### बलिदान दिवस के रूप में मनाने पर चर्चा

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा के तालडांगा हाउसिंग कालोनी स्थित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुरेश चंद्र झा के आवासीय कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न से सम्मानित स्व राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई। इसमे आरसीएमएस इंटक के पदाधिकारियों ने भी भाग लिया। झा ने राजीव के जीवनी के विस्तार से चर्चा करते हुए दूर संचार के पुरौधा के पुण्यतिथि को बलिदान के रूप में मनाने के लिए चर्चा किए। मौके पर सुरेश चंद्र झा,गैरूल हसन, वकिल बाउरी, मो अमिरूल्लाह,शशि भूषण नाथ तिवारी,हरदेव मंडल, नागेन्द्र सिंह,मंतोष यादव,निशिकांत मिश्रा,महादेव मिश्रा, परमानंद सिंह,विनय सिंह, श्यामा कांत मिश्रा,भोला दास,बिरजू सिंह आदि थे।

### स्व. दुर्गा सोरेन की पुण्यतिथि मनी

**धनबाद।** झारखंड आंदोलनकारी एवं पूर्व विधायक स्वर्गीय दुर्गा सोरेन की 14वीं पुण्यतिथि हीरापुर स्थित एक होटल के सभागार में मनायी गयी।जिसकी अध्यक्षता डीएसएस युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राहुल कुमार मिश्रा के द्वारा किया गया।मौके पर डीएसएस जिलाध्यक्ष राधेश्याम तिवारी,केंद्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा विशाल वाल्मीकि प्रमुख रूप से उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ दुर्गा सोरेन की तस्वीर पर माल्यार्पण कर एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई।तत्पश्चात उनके सम्मान में दो मिनट का मौन धारण किया गया। मौके पर सबों ने एक स्वर में कहा कि दुर्गा सोरेन के विचारों पर चल कर नव झारखंड का निर्माण कर जनता की आवाज बनेंगे।संगठन को मजबूत करते हुए जन-जन की समस्या को दूर करने का काम करेंगे।इस दौरान उपस्थित लोगों दुर्गा सोरेन अमर रहें की नारा भी लगाया और उनके विचारों को जन जन तक पहुंचाने का शपथ भी लिया। तेतुलमारी हॉस्पिटल में स्वर्गीय दुर्गा सोरेन 14वीं पुण्यतिथि पर केंद्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा विशाल बाल्मीकि ने जरूरतमंदों को खाना का पैकट वितरण किया । केंद्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा विशाल बाल्मीकि ने कहा कि दुर्गा सोरेन सेना एक बहुत बड़ा संगठन बन कर उभरेगा यीशु पुण्यतिथि कार्यक्रम में डीएसएस युवा मोर्चा जिला सचिव महबूब अनवर, शोएब खान, मुकेश गुप्ता, राजकुमार बाल्मीकि,वरुण चौबे, पंकज ठाकुर, प्रेम कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## केंदुआ में मार्क्सवादी नारी मोर्चा का सम्मेलन आयोजित




खबर मन्त्र संवाददाता

**केंदुआ।** छाताटांड़ अंचल में रविवार को मार्क्सवादी नारी मोर्चा (मासस) का एक सम्मेलन किया गया। जिसकी अध्यक्षता नारी मोर्चा के महानगर अध्यक्ष कॉ.शुक्ला दास एवं सचिव कॉ. ललिता देवी ने किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए शुक्ला दास ने कहा कि आज की ग्लोबल दुनिया महिला सशक्तिकरण के बिना अधूरी है, इसीलिए संयुक्त राष्ट्र संघ ने दिनांक 8 मार्च को प्रत्येक वर्ष महिला दिवस के रूप में पूरी दुनिया में मनाने का आह्वान किया है। आगे उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपना अधिकार पाने के लिए नारी मोर्चा को मजबूत करना चाहिए क्योंकि संगठन ही शक्ति है। मासस के केंद्रीय सचिव कॉ. हरिप्रसाद पप्पू एवं धनबाद जिला अध्यक्ष कॉ.बिंदा पासवान ने कहा कि सामाजिक परिवर्तन की लड़ाई में नारियों की हमेशा महत्वपूर्ण भूमिका रही है। मौजूदा सरकार नारी सशक्तिकरण के नाम पर खाली कागजी खानापूर्ति कर रही है।हर नारी को एकताबद होकर अपने हक अधिकार के लिए खड़ा होना है।

सम्मेलन को संबोधित करने वालों में सुभाष चटर्जी,सुभाष सिंह,पार्वती चक्रवर्ती,विजय कुमार पासवान,राणा चट्टराज, नरेश पासवान, रमेश राय,राकेश सिंह, औरंगजेब खान, भोला ताम्रकार, रियाज अंसारी,रानी देवी,शीला देवी, पुष्पा देवी,उर्मिला देवी,बबली देवी,उषा देवी , मंजू देवी,गौरी देवी, सिया देवी थी।सम्मेलन में सर्वसम्मति से एक संयोजक मंडली बनाई गई,जिसमे रेनू देवी को सर्वसम्मति से संयोजक बनाया गया। सम्मेलन का धन्यवाद ज्ञापन सुखदेव पासवान ने किया।

## सिंदरी टाउनशिप पर मंडरा सकता है जलसंकट

### दामोदर से जलापूर्ति में असुविधा की आशंका



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** सिंदरी टाउनशिप को पानी सप्लाई की सुविधा दामोदर नदी से हिन्दुस्तान उर्वरक रसायन लिमिटेड सिंदरी के जल विभाग द्वारा की जाती है। बढ़ती भीषण गर्मी के कारण दामोदर नदी का जलस्तर गिर जाने से पानी सप्लाई में असुविधा हो सकती है और सिंदरी टाउनशिप पर जलसंकट गहरा सकता है।

पिछले वर्ष गर्मी के मौसम में सिंदरी टाउनशिप के लोगों ने इसे झेला था। हर्ल सिंदरी जल विभाग द्वारा सबसे पहले दामोदर नदी के पानी को मोटर की सहायता से खींचकर सेटलिंग टैंक में बने तालाबों तक पहुँचाया जाता है। इसके बाद इसे साफ कर सिंदरी टाउनशिप में भेजने के लिए क्षेत्र में लगे सात जलमीनारों तक पहुँचाया जाता है। इसके बाद एफसीआईएल द्वारा इसे एफसीआईएल आवासों तक पाइफ से पानी सप्लाई की जाती है। यह प्रक्रिया प्रतिदिन की जाती है। बताते चलें कि पिछले वर्ष गर्मी में सेटलिंग टैंक की सफाई के बाद दामोदर नदी का जलस्तर भी गिर गया था और सिंदरीवासियों को जलसंकट का सामना करना पड़ा था। सिंदरीवासियों की पहल पर हर्ल के जल विभाग ने दो बड़े मोटरों की खराबी के कारण छः छोटे मोटरों को लगाकर जलसंकट से थोड़ा निजात दिलाया था। हर्ल प्रबंधक ने बताया कि दामोदर नदी का जलस्तर गिर रहा है लेकिन सेटलिंग टैंक में तीस दिनों के पानी रखने की व्यवस्था है। मौनसून आने का इंतजार भी किया जा रहा है। प्लांट व सिंदरी टाउनशिप को मौनसून से पहले तक सँभालने की कोशिश की जा रही है।

## मुरहुलसूदी और डाभाडीह के रैयतों को दिया गया मुआवजे का नोटिस

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** बरलंगा नेमरा भाया कसमार तक चौड़ीकरण सड़क के लिए अधिग्रहण भूमि के एवज में कसमार प्रखंड अन्तर्गत मुरहुलसूदी पंचायत सचिवालय के सभागार में कसमार प्रमुख नियोति कुमारी ने मुरहुलसूदी मौजा के 31 रैयतों व डाभाडीह मौजा के 24 रैयतों के बीच मुआवजा नोटिस वितरित किया। इस दौरान गंगा कंस्ट्रक्शन के संवेदक नरेंद्र कुमार पांडेय व विकास पाण्डेय ने बताया कि निमार्णाधीन सड़क में भूमि अधिग्रहण की धारा 37 ;2द्ध के प्रावधान के तहत वितरित मुआवजा नोटिस का अर्थ है कि अब रैयत अपने. अपने जमीन अधिग्रहण की मुआवजा राशि प्राप्त करने का हकदार बन गया है। उन्होंने बताया कि पिरगुलए करमाए सिंहपुरए बगियारीए जामकुदरए मंजूराए गर्री तथा कसमार समेत कई मौजा के रैयतों के बीच मुआवजा नोटिस का वितरण बहुत जल्द कर दिया जाएगा। आजसू प्रखंड अध्यक्ष महेन्द्र नाथ महतोए पंसस हेमंती देवीए मुरहुलसूदी मुखिया सरिता देवी के प्रतिनिधि मनोज कुमार महतोए उपमुखिया प्रतिनिधि नरेश महतोए राजेश्वर महतोए कैलाश महतो के अलावे रैयत रमेश मुर्मूए विनय कुमारए सरोज महतोए मुरलीधर महतोए नरेश मुण्डा समेत दर्जनों रैयत उपस्थित थे।

### एक नजर में

## बीएसएल में कैश फ्रॉम ट्रैश के तहत सामानों की पहली खेप रवाना



**बोकारो।** बीएसएल में कैश फ्रॉम ट्रैश अभियान के तहत ईडी ;एम एमद्ध अमिताभ श्रीवास्तव द्वारा सीजीएम प्रभारी एन रेए सीजीएम ;सेवाएंद्ध अनिल कुमारए सीजीएम ;एम एमद्ध अनिल कुमार व हर्ष निगमए सीजीएम ;सीओ एवं सीसीद्ध राकेश कुमार सहित सामग्री प्रबंधन तथा सीओ व सीसी विभाग के अन्य वरीय अधिकारी एवं कर्मियों की उपस्थिति में प्रोजेक्ट यार्ड में प्रोजेक्ट के शेष सामानों की पहली खेप एक ट्रेलर के माध्यम से सीओ व सीसी विभाग को रवाना किया गया। ईडी श्री अमिताभ श्रीवास्तव की पहल पर इन सामानों को उपयोग में लाने के लिए स्टोर की टीम को श्कैश फ्रॉम ट्रैश / स्टील स्टोर्सश अभियान को शुरू किया गया। टीम स्टोर्स ने कड़ी मेहनत के साथ इन बचे हुएध्जंक सामग्रियों की भौतिक रूप से पहचान कीए उन्हें लेबल किया और अंत में उन्हें अपनी एसएपी पहचान के साथ लिंक किया और प्लांट के सभी इच्छुक उपयोगकताओं को इन सामानों को जारी करने के लिए एसएपी में एक प्रणाली विकसित की।

## वेदांता ईएसएल के ईपीएल 10 में विजेता पुरस्कृत



**बोकारो।** वेदांता ईएसएल के एचआर विभाग ने क्रिकेट टूनार्मेंट ईपीएल 10 का आयोजन किया। आशीष गुप्ता ;सीईओए ईएसएलद्ध ने ईएसएल तीरंदाजी मैदान 16 खाता में इस खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन किया जो 2 मई से 16 मई तक खेला गया। इस प्रतियोगिता में ईएसएल के विभिन्न विभागों की टीमों ने हिस्सा लिया और अपनी खेल भावना का प्रदर्शन किया। कुल 28 टीमों ने भाग लिया जिसमें 6 महिला और 22 पुरुष टीमें शामिल थीं। पुरुष वर्ग में फाइनल रोलिंग रॉयल्स और सिंटर स्ट्राइकर्स के बीच खेले गए मैच में रोलिंग रॉयल्स ने 41 रन से जीत दर्ज की। जबकि महिला वर्ग के फाइनल्स में द विक्टर्स बनाम शौर्य था जिसमें द विक्टर्स ने 10 रन से जीत दर्ज की। निर्धारित मैचों के साथए ईएसएल के एग्जीक्यूटिव कमिटी . सीओओ ग् बनाम सीईओ ग् . के बीच भी एक मैच आयोजित किया गया जिसमें सीओओ ग् ने 70 रनों से जीत हासिल की। विजेता टीमों के साथ टूनार्मेंट के शीर्ष खिलाडियों को पुरस्कृत किया गया।

## बिजली की समस्या को लेकर कतरास के लोग करेंगे आंदोलन

### 23 मई को जीएनएम मैदान में होगी आमसभा



खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** कतरास बाजार राजेंद्र क्लब कतरास में बिजली की व्याप्त समस्या को लेकर डॉ स्वतंत्र कुमार की अध्यक्षता में एक बैठक संपन्न हुई जिसमें सभी लोगों ने बिजली विभाग पर अपनी भड़ास निकाली और पूरे कतरास को जागरूक करने के लिए दिनांक 23.05. 2023 को जी एन एम ग्राउंड में एक आम बैठक बुलाने हेतु माइक से अलाउंस पूरे कतरास में कराई जा रही है उसके बाद एक प्रतिनिधिमंडल बिजली विभाग के पदाधिकारियों से मिलेगी और बिजली का समाधान नहीं होने पर चरणबद्ध आंदोलन करेंगे आज की बैठक में डॉक्टर स्वतंत्र कुमार शिवेश विश्वकर्मा पंकज सिन्हा बिनोद रजक अशोक शर्मा डॉ मधुमाला मुकेश भट्ट अरविंद सिन्हा राहुल रजक रखोहरि पटवा जीत कुमार अनुराग बजरंगी श्याम गुप्ता गणेश मोदक रजत मोदक मनोज दे कुंदन कुमार मौजूद थे।

## कोयलाकर्मियों का पीएफ डकार गये सूदखोर

### गुडू सिंह के खिलाफ डीजीपी से शिकायत

**धनबाद।** झारखंड सरकार राज्य के जनता के उत्थान के लिए भले महत्कांक्षी योजनाएं चला रही हो, लेकिन आज भी झारखंड के भोली भाली जनता का शोषण होता रहा है।जिसके भय से नौकरी ग्वांया, उसके बाद बीसीसीएल से मिलने वाले करीब 7 लाख रुपये डकार गया। पैसा के अभाव में पत्नी की हुई मौत अब दर दर कारण भडक रहे परिवार । इसको लेकर उपर कुल्ही नियर लालटेन बाबा के मजार के समीप रहने वाले दबंग सुदखोर निखलेश सिंह उर्फ गुडू सिंह के खिलाफ शिमलाबहाल कोलियरी से बर्खास्त कोल कर्मी देवन सहीस ने राज्य केमुख्य मंत्री, राज्य पाल सहित पुलिस पदाधिकारी को लिखित शिकायत किया है। पीड़ित श्री सहीस ने दिये गये शिकायत में कहा है कि हम कोलियरी में काम कर अपना जीविका चला रहे थे। जिस दौरान दबंग गुडू सिंह द्वारा लगातार मारपीट किया जाता रहा। जिसके भय से हमने ड्यूटी जाना छोड़ दिया ।जिस कारण मेरे नौकरी चला गया । जिसके काफी दिनों बाद सुरक्षा कर्मी इम्तियाज अंसारी, हारु बाउरी मेरे चंदन कियारी स्थित आवास आये और हस्ताक्षर करवा लिया। मेरे पत्नी का तबियत खराब होने पर पैसा लेने के लिए गुडू सिंह के पास दौड़ते रहे। लेकिन पैसा नहीं दिया। पैसा के अभाव में मेरे पत्नी 3 नवंबर 22 को उसकी मौत हो गयी।

### मेडिकल के नाम पर कराया था हस्ताक्षर

मेडिकल कागजात के नाम पर फर्जी रुप से कागजात पर हस्ताक्षर करा कर मेरे कंपनी से मिलने वाले पैसे निकाल लिए ।नौकरी दिलाने के बहाने कुछ दिनों बाद दोनों मुझे फीर आरोपी के घर लाया। जहां की दो दिन तक हमे घर में बंधक बनाकर बैंक का कागजात पर हस्ताक्षर करा लिया ।उसके बाद कहाकि पैसा तुम्हारे खाता में आयेगा तो तुम्हें मिल जायेगा। जिसके बाद काला रंग का गाड़ी में बैठा कर दामोदर पुल के पास इम्तियाज, हारु, ड्राइवर, गुडू सिंह सहित दो अन्य लोगों छोड दिया ।बाद में मुझे पता चला कि मेरे खाता से गुडू व अपने सहयोगियों के खाता में मेरा सात लाख रुपये ट्रास्फर करा लिया है। जोकि खाता में अंकित है।

## कांग्रेसियों ने मनाई स्व राजीव गांधी की पुण्यतिथि



**कतरास।** कतरास स्थित ओपी लाल सदन (कांग्रेस कार्यालय) में जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष अशोक प्रकाश लाल के अगुवाई में देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व.राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई.जिसमे दर्जनों कांग्रेस, एनएसयूआई,इंटक और राकोमयु के सदस्यों ने भाग लिया। सभी ने स्व.गांधी के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर अपने नेता को याद किया ।इस दौरान श्री लाल ने कहा कि आज के परिवेश में राजीव गांधी के विचारो को अमल करना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। स्व गांधी की ही देन है कि हमारा देश कंप्यूटर सम्पन्न देश बना, पंचायती राज और युवाओं को 18 वर्ष में मतदान का हक दिलाया। सभा में राम चंदर पासवान, पुसवा धोबी, रामबचन पासवान, मो शौकत खान,मो प्रिंस, पिंटू यादव, असगर अली,दिनेश जेठवा,नईम अंसारी,वीरेंद्र पासवान,प्रिंस गुप्ता,आकाश प्रमाणिक,राहुल रजक, सिंकु खान,साहिल अली, मो. धन्नू,जैनुल आबेदीन, योगेंद्र रजक, बिनोद प्रसाद, दीपू यादव आदि थे।

## खतियान आधारित नियोजन नीति लागू हो

**धनबाद ।** 60/40 नाय चलतो को लेकर झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार की शाम बलियापुर के पहाड़पुर स्थित सिंदरी विधायक इंद्रजीत महतो के आवास में विधायक की पत्नी तारा देवी से मुलाकात कर समर्थन मांगा। तारा देवी एवं विधायक प्रतिनिधि कुमार महतो ने राज्य की वर्तमान 60-40 नियोजन नीति को वापस कर क्षेत्रीय व जनजातीय भाषा से खतियान आधारित नियोजन नीति लागू हो।

## साड़म के इस्लाम टोला मजार प्रांगण में कव्वाली




**बेरमो/ललपनिया।** गोमिया प्रखण्ड के साड़म पूर्वी पंचायत अंतर्गत इस्लाम टोला स्थित मजार प्रांगण में ख्वाजा गरीब नवाज कमेटी द्वारा शनिवार रात को 49वां उर्स पाक दाता हजरत सयैदना रफीक शाह रहमतुल्लाह अलैहे के अवसर पर शानदार कव्वाली का प्रोग्रामका आयोजन किया गया। कव्वाली कार्यक्रम में कानपुर के कव्वाला रीना परवीन एवं बैंगलोर के कव्वाल मुराद आतिश के बीच मुकाबला हुआ। कव्वाली की शुरूआत मुराद आतिश ने किया। उन्होंने देश भक्ति को लेकर कव्वाली प्रस्तुतकर कार्यक्रम की शुरूआत की।इसके बाद रीना परवीन वारसी ने एक से बढ़ कर एक कव्वाली एवं शायरी प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। मुराद आतिश ने भी एक से बढ़ कर एक शायरीएगजल प्रस्तुत किए।दोनों के बीच हुए मुकाबला .ए.कव्वाली का उपस्थित लोगों ने रात भर लुत्फ उठाया। उर्स को लेकर मजार परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। इस कव्वाली कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि दर्जा प्राप्त मंत्री सह गोमिया के पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद महतो एवं विशिष्ट अतिथि पंचायत की मुखिया अनारकली ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

## प्राइवेट चालक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**केंदुआ।** केंदुआडीह थाना क्षेत्र के केंदुआ सिनेमा हॉल के पीछे एक पेड़ में साड़ी का फंदा बनाकर युवक ने फांसी लगाकर कर आत्महत्या कर लिया।वही कुछ लोगो ने देखा कि एक युवक पेड़ पर फंदा बनाकर लटका हुआ। यह बात पूरे क्षेत्र में आग की तरफ फेल गई।वही ग्रामीणों की भीड़ जुटने लगी।वही इस धटना को सुनकर मृतक के परिजन भी पँहुचे।वही धटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस भी पहुँची।वही परिजन ओर पुलिस ने युवक को फंदे से उतारा ओर वही परिजन ने पुलिस से गुहार लगाई की इसे ईलाज के लिये भेजा जाय।वही पुलिस के सहियोग से इलाज के लिये धनबाद एसएनएमसीएच भेजा जहाँ डॉक्टर ने मृत धोषित कर दिया।मृतक का नाम अनिल कुमार गुप्ता (उम्र 35 साल) पिता राम प्रसाद हलुवाई केंदुआ ठाकुरबाड़ी का रहने वाला है। पेशे से प्राइवेट गाड़ी चालक था।

# तरंगा में शतचंडी महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा




खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/चंद्रपुरा।** चंद्रपुरा प्रखंड के तरंगा में नौ दिवसीय श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ सह हनुमंत प्राणप्रतिष्ठा शनिवार को कलश यात्रा के साथ शुरू हुयीण्यज्ञ मंडप स्थल से कलश यात्रा निकली जो चीरुबाद स्थित जमुनिया नदी तट पर पहुंचीण्यहां अयोध्या व उज्जैन महाकालेश्वर से आए यगाचार्य आचार्य पंडित श्री नेत्र लाल जीए ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ श्रद्धालु भक्तों के कलश में जल भरवाया गया कलश यात्रा वापस लौट कर यज्ञ मंडप मैं प्रवेश कराया गया पंचांग पूजन प्रतिमा कर्मकुटी जलाधिवास किया गया।कलश यात्रा निकाले जाने से पुरा क्षेत्र भक्ति रस में डुब गयाण्क्षेत्र की डेढ़ हजार कुंवारी कन्याओं एवं महिलाओं ने अपने माथे पर कलश लेकर जल यात्रा में शामिल हुएण्कलश यात्रा में जय श्री राम जय बजरंग बलीएहर हर महादेव के जयकारे के उद्घोष एवं धार्मिक गीतों से क्षेत्र में पूरा वातावरण भक्ति मय हो गयाण इस दौरान मुख्य यजमान जिला परिषद सदस्य संतोष पाण्डेय ने कहा किए जहां यज्ञ होने से अनेक प्रकार के लाभ मिलते हैंण्यज्ञ से हमें जगनेएजगाने व संगठित होने का भी अवसर के साथ साथ सेवा करने का अवसर भी मिलता हैण्धार्मिक अनुष्ठान होने से समाज को एक दिशा मिलती हैण्साथ ही इस तरह के यज्ञ एवं धार्मिक अनुष्ठान से लोगों में आपसी भाईचारे को बल मिलता है।

### कलश यात्रा में थे शामिल

कलश यात्रा में दिवंगत शिक्षा मंत्री पुत्र अखिलेश महतो राजूएजिला परिषद सदस्य संतोष कुमार पांडेयएअजय महतोएपुर्व प्रमुख अनिता गुप्ताएउप प्रमुख रिंकी कुमारीए यशोदा देवी तरंगा पंचायत मुखिया प्रवीण पांडेयए पंचायत समिति सदस्य प्रमोद महतोए झामुमो प्रखंड सचिव बालमुकुंद महतो शामिल थे। वृंदावन से आए कथा वाचक व्यास आचार्य बाल सुक स्वरूप चंदन कृष्ण शास्त्री प्रतिदिन प्रवचन करेंगेण महायज्ञ को सफल बनाने में यज्ञ समिति अध्यक्ष जगदीश महतो उपाध्यक्ष कामेश्वर महतो गणेश महतो सचिव तिलक महतो संयुक्त सचिव मनोज महतो सराहनीय योगदान दे रहे हैं।

## महिला ने लगाया छेड़खानी का आरोप

**झरिया।** डिगवाडीह बालू लाइन जामाडोबा हाल्ट के निकट रहने वाले अजय पासवान की पत्नी रेशमा देवी ने जोड़ापोखर थाना में आवेदन देकर स्थानीय दो युवक अमित एवम विलाश पर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। रेशमा देवी ने बताया है की वह जब घर में अकेली थी तभी मौके का फायदा उठाकर दोनों युवक आंगन की दीवार पर चढ़ कर बाहर बुला रहे थे।

स्पीड न्यूज

## रतवे में मंडा धूमधाम से संपन्न



**कुजू।** रतवे में आस्था का पर्व मंडा पूजा धूमधाम के साथ संपन्न हो गया। इस दौरान 202 भोक्ता एवं सोख्ताइन स्थानीय तालाब में स्नान करने के उपरांत नये वस्त्र का धारण किया। पंडित मुकेश तिवारी द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कराए जाने के बाद शिव भक्त दहकते अंगारों पर चले। इसके बाद बनस झूला झूले। इससे पूर्व रात्रि बेला में छऊ नृत्य का आयोजन किया गया। जिसमें प्रभात कुमार खरसावां एवं नटराज कला केंद्र सरायकेला से आए छऊ कलाकारों ने रात भर मंचन कर लोगों को मनोरंजन कराया। मौके पर संरक्षक सूबेदार महतो, भोला महतो, शशिकांत पटेल, वीरू महतो, बुधन महतो, अध्यक्ष रामेश्वर महतो, सचिव तुलेश्वर प्रसाद, कोषाध्यक्ष राजनाथ महतो, कार्यकारिणी में सुमन कुमार, रथु प्रजापति, लालकेश्वर महतो, दुर्योधन करमाली, गोगल नायक, अशोक धोबी, मोतीलाल महतो, मोहन मेहता, रथु लाल महतो, खुशीलाल महतो, अशोक महतो, जयनंदन रविदास, राजेंद्र महतो समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## रामगढ़ में अन्वी होमियो अस्पताल खुला

रामगढ़। शहर के बिजुलिया तालाब रोड के अहिल्या कॉम्पलेक्स स्थित अन्वी होमियो अस्पताल का उद्घाटन शनिवार को डॉ सतोष कुमार सिन्हा की माता एवं झारखंड सेवा समिति के अध्यक्ष अमित सिन्हा ने संयुक्त रूप से किया। डॉ सिन्हा ने बताया कि अस्पताल में लोगों के चर्म रोगों सहित विभिन्न प्रकार की बीमारियों का इलाज होमियो पद्धति से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस पद्धति में जहां लोगों को खर्च कम पड़ता है वहीं, बीमारियों का जड़ से सफाया होता है। मौके पर जयंत कुमार सिन्हा, डॉ रंधीर कुमार, राजेश सिन्हा, अरूण गयासेन, अमितेष गयासेन, अंकेत, ओम श्रेयसी, आदर्श आदि मौजूद थे।

## एलटी मेमोरियल में लगा हेल्थ कैंप

रजरप्पा। गांगी यमुनी चितरपुर स्थित एलटी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में बच्चों और अभिभावकों के लिए फ्री मेडिकल कैंप लगा। जिसमें च्चों का स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया और उन्हें दवाईयां दी गई। बच्चों में होने वाली कैल्शियम और विटामिन की कमियों को पूरा करने का सुझाव दिया गया। कैंप का संचालन बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर गौतम कुमार द्वारा किया गया। जिसमें उन्होंने बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ साथ बच्चों की देखरेख के लिए माता पिता को भी टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ साथ शारीरिक जागरूकता एवं विशेष तौर पर बच्चों को दांतों की समस्या के प्रति जागरुक रहने की सलाह दी। मौके पर प्राचार्य, सन्नाउल्लाह, अविनाश तिवारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## दो दिन में पानी की आपूर्ति शुरू करें : विश्वरंजन

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सीसीएल प्रबंधन इस भीष्ण गर्मी में लोगों को नियमित जलापूर्ति नहीं कर रही है। कोयलांचल के अधिकांश क्षेत्रो में जलापूर्ति ठप है। जिसके कारण आम जनता को पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। आजसू के प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा ने सीसीएल प्रबंधन को चेतावनी दी है कि दो दिन के अंदर जलापूर्ति व्यवस्था दुरूस्त नहीं हुई तो आजसू क्षेत्र का ट्रांसपोर्टिंग ठप कर देगा। उन्होंने कहा कि ऑफिसर कॉलोनी में पेयजल की आपूर्ति नियमित हो रही है। जबकि मजदूरी के आवासीय क्षेत्रों में जलापूर्ति ठप है। यह दोहरा मापदंड नहीं चलेगा। अधिकारी के आवासीय क्षेत्रों में भी पेय जलपूर्ति को बाधिक कर दिया जायेगा। उन्होंने 48 घंटे के अल्टीमेटम देते हुए नियमित रूप से पेय जलापूर्ति करने की मांग की है। अन्यथा ट्रांसपोर्टिंग ठप करते हुए ऑफिसर कॉलोनी में भी पेयजल की आपूर्ति ठप करने की चेतावनी दी है।

## जेएसपी फाउंडेशन दे रहा फ्री प्रशिक्षण



भुरकुंडा (रामगढ़)। ओम प्रकाश जिंदल कम्युनिटी कॉलेज प्राइवेट आईटीआई भारत सरकार के प्रशिक्षण महानिदेशालय तकनीकी हस्तशिल्प योजना, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अंतर्गत नेशनल काउंसिल अफ वोकेशनल एजुकेशन एंड ट्रेनिंग से संबद्धता प्राप्त संस्थान है। इस संस्थान में तकनीकी कार्यों के बारे में प्रशिक्षण दिया जाता है। संस्थान में जेएसपी फाउंडेशन के द्वारा छात्राओं के लिए नि:शुल्क नामांकन एवं शिक्षा की व्यवस्था की गई है। इसके अंतर्गत आईटीआई. में इलेक्ट्रीशियन, फिटर, वेल्डर तथा मैकेनिक डीजल के साथ-साथ शर्ट टर्म कोर्सेज-इंडस्ट्रियल सिलाई मशीन अपरेटर, रिटेल सेल्स एसोसिएट, आईटी तथा इलेक्ट्रीशियन में आवेदन आमंत्रित किया जा रहा है। जेएसपी फाउंडेशन द्वारा यशस्वी योजना आर्थिक रूप से कमजोर बालिकाओं के लिए पूर्णता नि:शुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम है जिसके अंतर्गत बालिकाओं को कई मानदंड पूर्ण करना होगा। इसके तहत आय प्रमाण पत्र सक्षम राजस्व अधिकारियों द्वारा जारी/प्रमाणित (अधिकतम पारिवारिक आय 200000 रूपया) से कम होनी चाहिए। आवेदक की आयु 18 वर्ष से 30 वर्ष तक होनी चाहिए। आवेदक बालिका झारखंड राज्य की निवासी होनी चाहिए। साथ ही निवास प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड आवश्यक है। इस योजना के तहत 10वीं या 12वीं कक्षा के न्यूनतम पूर्णांक 50 प्रतिशत या उससे अधिक है उन्हीं आवेदनों को स्वीकार किया जाएगा। आवेदन करने की अंतिम तिथि 12 जून 2023, प्राप्त आवेदनों में मानदंडों के आधार पर चयनित उम्मीदवारों की सूची जारी की जाएगी एवं प्रतिभागियों को कलेज द्वारा सूचित किया जाएगा।

## स्वास्थ्य उपकेंद्र की मरम्मति का हुआ टेंडर

**दारू।** दारू प्रखंड क्षेत्र के हरली में आठ वर्ष पूर्व निर्मित स्वास्थ्य विभाग की भवन की मरम्मति कार्य की टेंडर की प्रक्रिया की जा रही है। उम्मीद है कि इस महीने के आखिरी तक मरम्मत का कार्य प्रारंभ हो जाएगा।इस भवन का निर्माण वर्ष 2015 में पूर्ण हुआ था पर इस भवन में कभी भी स्वास्थ्य केंद्र की शुरूआत नहीं हो सकी और भवन जर्जर हो गई। इस मामले को प्रखंड के जनप्रतिनिधि और जनता काफी दिनों से प्रयास कर रहे है कि यहां पर स्वास्थ्य उपकेंद्र शुरू हो जाय ताकि लोगो को स्वास्थ्य के इलाज की सुविधा मिल सके।

# हेवई में घाघरा नहर की हालत बदहाल

### ग्रामीणों ने की नहर में पानी छोड़ने की मांग

**समशाद अंसारी**



**केरेडारी।** हजारीबाग जिला के केरेडारी प्रखंड के हेवई पंचायत में घाघरा नहर की स्थिति बदहाल है। करोड़ों खर्च के बाद भी घाघरा डैम से होते हुएकंडबेर,बेलतू,राजाबागी तक नहर सूखा पड़ा है। शासन प्रशासन की उदासीनता के कारण ये महत्वकांक्षी सिंचाई परियोजना लोगों को लाभ देने में अब तक नाकाम साबित हो रहा है। हेवई पंचायत के ग्राम पहरा में स्थित है घाघरा नहर । नहर के निर्माण का उद्देश्य बंजर भूमि को हरा-भरा बनाने का है लेकिन नहर बनने के बाद भी यह उद्देश्य अधूरा है। हेवाई पंचायत, बेलतू और आसपास के इलाकों में सावन महीने में भी घाघरा नहर सूखा पड़ा रहता है। इस नहर से बंजर जमीन में हरियाली लाने की बात तो दूर मौसम की बेरूखी से मुरझा रहे अरहर जैसे खरीफ फसलों के लिए खेतों में लगे पौधों को बचाने भर भी पानी नहर में नहीं है। इसको लेकर किसानों का कहना है कि घाघरा नहर में पानी होता तब नहर और आसपास के इलाकों में पटवन कर खरीफ फसलों के पौधों को बर्बाद होने से बचाया जा सकता था। लेकिन नहर में पानी नहीं रहने से किसानों के पास कोई विकल्प ही नहीं है। मौसम की बेरुखी महीने में भी इलाके में फसलों कि बुआई शुरू नहीं हुई है। खेतों में लगाए गए, पौधे पानी के अभाव में दम तोड़ रहे हैं। पानी के अभाव में पालतू पशुओं और जंगली जीव जंतुओं को पानी के लिए अक्सर भटकते देखा जा रहा है। जीव जंतु पानी के अभाव में दम तोड रहें हैं। ऐसे में किसानों एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने विभाग से नहर में पानी छोड़े जाने की मांग कर रहे है।

इधर विधायक अम्बा प्रसाद की घाघरा जल प्रपात के नहर के जीणोर्धार पर स्थनीय विधायक की चुप्पी साधना क्षेत्र के लोगों को खटक रहा है। केरेडारी प्रखण्ड प्रमुख सुनिता देवी ने हजारीबाग उपायुक्त महोदय से मांग करते है कि नहर में जल्द जल्द किसानों को पानी उपलब्ध कराया जाए । विधायक अम्बा प्रशाद कि गांव भी वहीं पर है फिर भी इस तरह कि समस्या क्षेत्र के लोगों को झेलनी पड़ रही है स्थानीय किसान उदासीनता के शिकार हो रहे हैं।

# भाजपा का महासंपर्क अभियान 25 से : बिरंचि

### झारखंड में एक महीने तक चलेगा कार्यक्रम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हजारीबाग।** रविवार को भारतीय जनता पार्टी, हजारीबाग-जिला कार्यसमिति की बैठक, जिला कार्यालय अटल भवन में हुई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अशोक कुमार यादव ने की। बतौर मुख्य अतिथि झारखंड विधानसभा पार्टी के मुख्य सचेतक, बोकारो के विधायक बिरंचि नारायण एवं कोडरमा लोकसभा के पूर्व सांसद सह पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ रविंद्र राय शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर की गई। जिला अध्यक्ष अशोक कुमार यादव ने स्वागत भाषण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मुख्य अतिथि बिरंचि नारायण ने कहा कि जनसंपर्क अभियान के तहत पूरे राज्य में एक महीना 25 मई से 25 जून तक महा जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से विधायक जेपी पटेल , पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, सांवरमल अग्रवाल, प्रो सुरेंद्र सिन्हा, विवेकानंद सिंह, सुनील कुमार साहू ,दामोदर सिंह , राजेश सहाय, सुनील मेहता, राजेश गुप्ता, रमेश ठाकुर, उमा पाठक जयनारायण प्रसाद, नंदलाल मेहता, केपी ओझा, सुरेश चंद्रवंशी, विनोद भगत, शिव शंकर गुप्ता, भैया बांके बिहारी, गणेश यादव,अर्जुन साहू, कुमकुम देवी, बिजुल देवी, आरती कौशल, प्रियंवदा, श्वेता सिन्हा आदि उपस्थित थे। यह जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी जयनारायण प्रसाद ने दी।

## सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** वैन्कटेश आयरन फैक्ट्री लपंगा के सहयोग से समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक बाजार भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुल-पत्तल बेचने आये गरीबों को भोजन कराया। इस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, प्रो.रामानुज सिंह व उमाशंकर जयसवाल ने दर्जनों गरीब महिला-पुरूष व बच्चों के बीच पुड़ी-सब्जी व ठंडे शरबत का वितरण किया। मौके पर डब्लू सिंह ने बताया कि वैन्कटेश आयरन फैक्ट्री लपंगा के सहयोग से पिछले एक माह से भोजन वितरण कार्यक्रम संपन्न कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वैन्कटेश आयरन फैक्ट्री ने मंच के माध्यम से दो माह तक गरीबों को भोजन कराने का बीड़ा उठाया है जो कि काफी सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि मंच का उद्देश्य ही गरीब-जरूरतमंदों की सेवा है। सबों के सहयोग से पिछले सात वर्षों से मंच द्वारा गरीबों को भोजन कराया जाता रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। श्री सिंह ने ऐसे नेक व सामाजिक कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करने की भी अपील की।

# झामुमो में मुखिया समेत सैकड़ों लोग हुए शामिल



भुरकुंडा (रामगढ़)। झारखंड मुक्ति मोर्चा पतरातू प्रखंड कमेटी के तत्वावधान में रविवार को रिभर साईड भुरकुंडा स्थित ऑफिसर्स क्लब में कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन हुआ। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र बेदिया व संचालन प्रखंड सचिव उदय अग्रवाल ने किया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के केंद्रीय सचिव सह झारखंड परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव बेदिया उपस्थित थें। कार्यक्रम में अपने सैंकड़ों समर्थकों के साथ दोतल्ला पंचायत की मुखिया सत्यवंती देवी और पूर्व मुखिया लव कुमार महतो ने झामुमो का दामन थामां। इन सभी को मुख्य अतिथि संजीव बेदिया ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर संजीव बेदिया ने कहा कि सही मायने में अभी झारखंड के माटी पुत्र हेमंत सोरेन के हाथ में सरकार है। यह सरकार जन-जन की समस्याओं से अवगत होकर जन कल्याणकारी योजनाओं को नित्य प्रतिदिन लागू कर रही है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन अब तक के सर्वश्रेष्ठ मुख्यमंत्री बनकर राज्य ही नहीं देश में भी अपनी गरिमा स्थापित कर चुके हैं। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में विकास की किरण समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए हर संभव कार्य किया जा रहा है। श्री बेदिया ने उपस्थित लोगों को सरकार द्वारा चलाए जा रहे लाभकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि संघर्ष किसी को भी कहीं-कहीं पहुंचा सकता है। सही मायने में संघर्ष ही सही मुकाम दिलाता है। वहीं पार्टी का दामन थामने के बाद पूर्व मुखिया लव कुमार महतो ने कहा कि झामुमो आंदोलन की उपज है। संघर्ष व आंदोलन के लिए ही झामुमो जाना जाता है।

दोतल्ला पंचायत की मुखिया सत्यवंती देवी व पूर्व मुखिया लव कुमार महतो के नेतृत्व में झामुमो का दामन थामने वालो में चोरधरा पंचायत के पूर्व मुखिया राजेंद्र सिंह उर्फ दारा, रोशन कुमार, संजय कुमार, मनोज कुमार ददन, भगवान दास करमाली, सुनील, महेश साव, मनोज चौधरी, खुर्शीद आलम, राकेश रंजन, प्रवीर तफादार, रघुनाथ मांझी, विनोद, भरत, बबलू, सुषमा देवी, लालती देवी, प्रभावती देवी, बोरोनिका देवी, प्रभा देवी, रिया प्रसाद, पारो देवी, चिंता देवी, वाहीदा खातुन, कविता देवी, राधा देवी, साजिया खातुन, जुलेखा खातुन, सीमा कुमारी, हमीदा खातुन, सोनाई देवी, रेखा देवी सहित दर्जनों लोग शामिल हैं।

## सड़क हादसों में पिता-पुत्र समेत तीन लोगों की मौत



**रामगढ़।** रामगढ़ में सड़क दुर्घटनाओं का सिलसिला रूकने का नाम नही ले रहा है। रविवार को दो अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में पिता-पुत्र सहित तीन लोगों की मौत हो गई। पहली दुर्घटना एनएच 23 अंतर्गत छत्तर मांडू कोर्ट के पास घटी। वहां तेज गति से आ रही एक कार ने बाइक को टक्कर मारी। जिसमें बाइक पर सवार पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को स्थानीय लोगों ने सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां से दोनो को प्राथमिक उपचार के बाद मेदांता अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां इलाज के दौरान पिता-पुत्र की मौत हो गई। दुर्घटना में मरनेवालों में कुंदरूकला निवासी 55 वर्षीय भीम महतो एवं उनका पुत्र 22 वर्षीय प्रदीप कुमार मेहता शामिल हैं। दूसरी सड़क घटना रांची-पटना मार्ग अंतर्गत चुटूपालू में घटी। वहां रांची की ओर से तेज गति से आ रही एक ट्रेलर ने एक दूसरे ट्रेलर को पीछे से टक्कर मार दिया। इस घटना में ट्रेलर के केबिन में बैठे चालक और खलासी दब गए। घटना के बाद रामगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद पुलिस ने एक निजी हाइड्रा मंगवाकर चालक ओर उप चालक को बाहर निकाला। घटना में चालक की मौत हो गई। वहीं, तमिलनाडू निवासी उप चालक सुभाष कुमार को सदर अस्पताल भेजा गया। जहां से चिकित्सकों ने उसे रिम्स रेफर कर दिया।

# रामगढ़ के सभी वार्डों में पानी-बिजली का भारी संकट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- स्ट्रीट लाइट और सफाई व्यवस्था भी भगवान भरोसे
- छावनी परिषद पेयजल की समस्या को करें दूर : अरूण

**रामगढ़।** शहर का तापमान 42 डिग्री सेल्सियम को पार कर चुका है, जिससे लोग बेहाल हैं। इस चिलचिलाती गर्मी में शहर के सभी 8 वार्डों में पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गयी है। शहर के सभी वार्डों में जल स्तर के नीचे चले जाने से कुआं सुख गए हैं। वहीं, जल स्तर नीचे होने से चापानलों से भी पानी नही निकल पा रहा है। जिससे लोगों की मुश्किल काफी बढ़ गई है।

पेयजल के साथ साथ शहर के झंडा चौक में स्ट्रीट लाइट बेकार पड़ा हुआ है। वहीं, शहर की नालियां गंदगी स बजबजा रही हैं। जिससे पानी की निकासी नही हो पाने से लोगों की मुश्किलें और भी अधिक बढ़ गयी है। पूर्व वार्ड आयुक्त एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरूण कुमार सिन्हा ने कहा कि शहर वासियों से छावनी परिषद द्वारा पेयजल आपूर्ति और स्ट्रीट लाइट के लिए नियमित रूप से टैक्स की वसूली की जाती है। लेकिन वहीं जब लोगों को सुविधा प्रदान करने की बात आती है तो छावनी परिषद इस ओर बिलकुल भी ध्यान नही देती है। उन्होंने कहा कि पिछले अप्रील से शहर के पुराना शांति सिनेमा हॉल से लेकर झंडा चौक तक बने सर्वजनिक वाटर पोस्टों में पानी की आपूर्ति पूरी तरह से ठप है। साथ ही पेयजल के लिए लोगों के घरों में लगे कनेक्शन में भी पेयजल की आपूर्ति पूरी तरह से ठप है।



सार्वजनिक पोस्ट खराब।

श्री सिन्हा ने कहा की पहले गर्मी के मौसम में छावनी परिषद की ओर से शहर के सभी 8 वार्डों में टैंकरों की मदद से पेयजल की आपूर्ति की जाती थी, ताकि लोगों को परेशानी नही हो, लेकिन वर्तमान में छावनी परिषद इस ओर बिलकुल भी ध्यान नही दे रही है। अरूण कुमार सिन्हा ने कहा की अब छावनी परिषद की ओर से साफ सफाई के कार्य को ठेके पर दे दिया गया है। ठेकेदार शहर की साफ सफाई को लेकर गंभीर नही होते हैं। जिससे शहर में जहां तहां गंदगी का अंबार लगा हुआ है। वहीं, शहर की नालियों की साफ सफाई पर भी छावनी परिषद ध्यान नही दे रही है। उन्होंने कहा कि यदि छावनी परिषद द्वारा पेयजल की व्यवस्था दुरूस्त करने सहित लोगों की अन्य समस्याओं पर ध्यान नही दिया गया तो लोग आंदोलन को विवश होंगे।

एक नजर में

## दरिया में नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ शुरू



**इचाक।** दरिया गांव में नवनिर्मित दुर्गा मंदिर में नौ दिवसीय शतचंडी नवाहपरायण महायज्ञ को लेकर रविवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें 5001 महिलाओं और कन्याओं ने भाग लिया। गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा यज्ञ स्थल से निकलकर जेपी चौक दरिया, जगड़ा, जोगोडीह होते हुए जलौंध नदी पहुंचा। जहां यज्ञाचार्य गोविंद मिश्र और उपाचार्य जन्मजय मिश्र के नेतृत्व में विधिवत मंत्रोच्चारण के बीच मां गंगा की पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात महिलाओं ने कलश में जल भरकर और माथे पर रखकर पुन: यज्ञस्थल लाया । इस दौरान जय श्री राम और जय माता दी के जयकारे से पुरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। सभी श्रद्धालु जोश और उत्साह से लबरेज थे। पुजारी रामप्रकाश मेहता, सौरभ कुमार, मुरली सिंह, मनोज कुमार, सौरभ कुमार, किशोर मेहता वरुण कुमार, अर्जुन मेहता ने साप्तनिक समस्त पूजा अनुष्ठान कार्य को सम्पन्न कराया। मौके पर पूर्व सांसद भुनेश्वर मेहता, विधायक अमित कुमार यादव, बिहार के भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, जिप अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, जिप सदस्य रेणु देवी, विधायक जेएमएम के संजीव कुमार बेदिया, भाजपा के वरिष्ठ नेता बटेश्वर मेहता, पूर्व मुखिया अनिता देवी, इंद्रदेव मेहता समेत हजारों श्रद्धालु शामिल थे।

## विजैया में रूद्र महायज्ञ का हुआ समापन

**बरही।** विजैया गांव में श्री श्री 1008 श्री शिव परिवार, हनुमत प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा सह रूद्र महायज्ञ के समापन पर भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भक्ति जागरण कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन डीएसपी चंद्रशेखर आजाद, अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति अध्यक्ष मो कयूम, उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। भक्ति जागरण कार्यक्रम बाबा पियूष पांडेह मां शारदे म्यूजिकल ग्रुप मटवारी हजारीबागके द्वारा श्रद्धालुओं को भक्ति के रस में सराबोर कर दिया और खूब झुमाया। डीएसपी चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम आयोजित होने से क्षेत्र में भक्ति का संचार बढ़ता है। उन्होंने कहा कि हवन पूजन मानसिक एकाग्रता का आधार है।लोगों के मन भक्ति भाव उत्पन्न होता है। उन्होंने कहा कि समय-समय पर भक्तिमय आयोजन होते रहना चाहिए मौके पर सुरेश कुशवाहा, महेश दास, लोकेश कुमार, रवि प्रसाद, सुनील प्रसाद, रविदंर कुमार, शशि , सुनील कुमार, चंद्रिका प्रसाद, द्वारिका प्रसाद, मेघलाल प्रसाद, बैजनाथ यादव, उदय उदय समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## हजारीबाग बाल भवन में चित्रकला प्रतियोगिता



**बड़कागांव।** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा 2023के पांचवें दिन हजारीबाग स्थित बाल भवन में चित्रकला प्रतियोगिता एवं साफ सफाई अभियान चलाया गया। इस मौके पर बाल भवन के दर्जनों बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए स्वच्छता से संबंधित कई तरह की तस्वीरें बनाई। चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेने के अलावा बच्चों ने बाल भवन परिसर की साफ-सफाई में हाथ बंटाया। बता दें कि परियोजना के द्वारा आने वाले 31 मई तक स्वच्छता के प्रति जागरूकता एवं वातावरण को स्वच्छ बनाने के लिए कई तरह के कार्यक्रम प्रस्तावित है। आज हुए इस कार्यकम में जागृति महिला संघ के पूर्व अध्यक्ष श्रीमती मीनाक्षी श्रीवास्तव, श्रीमती रेखा जैन के अलावा जागृति महिला संघ एवं बाल भवन की कई सदस्य मौजूद रहीं।

## नवार्ड डीडीएम ने बागवानी का किया निरीक्षण

**चरही।** नाबार्ड के डीडीएम प्रेम प्रकाश ने शनिवार को चुरचू पैच में लगाए गए आम बागवानी का निरीक्षण किया।इस दौरान उत्पादित आम के कई किस्मों की जांच की। ज्ञात हो कि सैंकड़ों एकड़ भूमि पर नाबार्ड वित्तीय संपोषित सपोर्ट चुरचू वाड़ी द्वारा कई क्षेत्रों में आम बागवानी लगवाए गए हैं।आम के कई किस्म की बागवानी लारा, डूमर,धमन सरिया, बेला, बजरमारी, डहवा पैच का विजिट डीडीएम और उनके टीम द्वारा किया गया। इस वर्ष सभी पैच में उत्पादन लगभग अच्छा हुआ है। आगामी वर्षों में पौधे अधिक विकसित होने पर उत्पादन भी बढ़ेंगे। डूमर के पैच में मालदा और हिमसागर किस्म की आम में विशेष प्रकार के रोग जो आम के नीचे काला धब्बा आ जा रहा है,उस पर नोटिस किया।वैसी स्थिति में विशेष प्रकार के दवा बोरान छिड़कने की सलाह दिए। मौके पर सपोर्ट चुरचू वाड़ी के परियोजना कोऑर्डिनेटर दीपक सिन्हा,राजीव रंजन,मनोज टुडू,संतोष बास्के,शीतल हेमब्रोम, सुखदेव सोरेन,इस्तियाहुल अंसारी,समेत बागवानी पैच से जुड़े जॉन कारकेट्टा,प्रदीप हेंब्रम,चेतलाल मांझी,अनुकरण तिग्गा,शीतल हेंब्रम,अर्जुन हंसदा, महात्मा हंसदा, जीतन मांझी,पोखन मांझी,सहदेव किस्कू आदि शामिल थे।

## तीन आरोपी के घर में पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**कटकमसांडी।** पुलिस ने फरार आरोपी के घर में जाकर इश्तेहार चिपका दिया। पुलिस ने घर में मौजूद महिलाओं को चेतावनी दी और कहा कि यदि समय सीमा के भीतर आरोपियों ने आत्मसमर्पण नहीं किया तो पुलिस उनके घरों की कुर्की करेगी। बता दें कि तीनों फरार आरोपी अलग-अलग जिला और अलग-अलग थाने से हैं पहला आरोपी संतोष महतो उर्फ संजय मेहता जो गमहर थाना खुखरा जिला गिरीडीह के निवासी है। जिसका कटकमसांडी थाना कांड संख्या 81/15 दिनांक 18/05/2015 धारा 25 (1-ु)/26/35 आर्म्स एक्ट,17 सी. एल.ए. एक्ट एवं 10/13 यूपी एक्ट के तहत इस कांड में सत्य पाए गए प्राथमिकी अभियुक्त संजय महतो उर्फ संजय मेहता गम्हार थाना खुखरा जिला गिरिडीह के गिरफ्तार इस्तेहार को अभियुक्त के घर पर 09/03/2023 को दो गवाहों के बिच कटकमसांडी पुलिस ने घर में जा कर के इश्तेहार तमिला किया।दूसरा आरोपी सोरेन जी उर्फ योगेंद्र गंझु पिता हीरा गंझू जो लावालोंग थाना क्षेत्र के बंदश टोला ,जिला चतरा के स्थानीय निवासी है । तीसरा आरोपी सोनाली कुमारी उर्फ पेडशी पिता काली गंझू ग्राम बिरहु थाना सिमरिया ,सिला ओपी जिला चतरा के स्थानीय निवासी है ।जो कटकमसांडी पुलिस के द्वारा 04/04/2023 को सोनाली कुमारी उर्फ पेडसी के घर में जा कर के इस्तेहार चिपकाया। तीनों फरार आरोपी को इस्तेहार चिपका कर पुलिस ने सरेंडर करने की आग्रह किया और चेतोनी भी दी । उक्त जानकारी कटकमसांडी थाना में कार्यरत एस.आई अमर कुमार दी।

## जरगा में देवी मंडप निर्माण समिति गठन

**दारू।** पुनाई पंचायत के ग्राम जरगा में देवी मंडप निर्माण को लेकर जनप्रतिनिधियों और ग्रामवासियों की एक बैठक अजित कुमार के नेतृत्व में की गयी । बैठक में निर्णय लिया गया कि जरगा में भव्य देवी मंडप निर्माण किया जाए ।जिसके लिए एक निर्माण समिति का गठन किया गया । जिसमे सर्वसम्मति से अजित कुमार को अध्यक्ष मनोनीत किया गया । निर्माण समिति के अध्यक्ष अजीत कुमार ने कहा कि मंडप निर्माण में मैं तन मन धन से सहयोग करुगा वही मुखिया अनिल कुमार देव भी भरपूर सहयोग कर रहे है और ग्रामीणों ने भी सहयोग करने का वादा किया।

# चेंबर में चली नयी परंपरा, कार्यालय समाप्त होने के बाद भी कुर्सी पर कब्जा

## इस वर्ष भी सत्र खत्म होने के बाद भी चुनाव की नहीं दिख रही कोई सुगबुगाहट, सदस्यता नवीकरण में भी है गड़बड़ एक फार्म के नौकर से लेकर परिवार के लोग हैं सदस्य

## चेंबर की गिरती साख को बनाये रखने के लिए पूर्व अध्यक्षों को करनी होगी पहल, इससे पूर्व भी बिना चुनाव के दो वर्ष तक पूर्व के पदाधिकारी चलाते रहे चेंबर को

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** गुमला में व्यापारियों के हित की रक्षा व आम जन मानस की समस्या के समाधान में कार्य करने वाला संगठन चेंबर ऑफ कामर्स शिथिल पड़ गया है। कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी चेंबर की कुर्सी पर काबिज रहने की परंपरा ने चेंबर की प्रतिष्ठा जिले में धूममिल कर दी है। वर्तमान सत्र का कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी चुनाव को लेकर अब तक कोई सुगबुगाहट नजर नहीं आ रहा। इसी तरह पूर्व में भी हुआ था। कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी चुनाव नहीं कराया गया था।

ऐसी व्यवस्था से चेंबर के सदस्यों का भी उत्साह चेंबर के प्रति समाप्त होता जा रहा है। जिस उद्देश्य से स्व. सीताराम फोगला व अन्य लोगों ने मिलकर गुमला में चेंबर की नींव रखी थी वह वर्तमान परिस्थिति में खत्म होती नजर आ रही है। एक समय ऐसा था जब शहर में कोई समस्या पानी, बिजली या अन्य चीजों की होती थी तो पहला कदम उसके समाधान का चेंबर उठाती थी।

लेकिन वर्तमान समय में पानी-बिजली की बात तो छोड़ दिये संगठन ही अस्त-व्यस्त नजर आ रही है। कुछ लोग चेंबर को अपने पॉकेट की संस्था बनाकर रख दिये हैं। जिसके कारण गुमला में चेंबर का प्रभुत्व खत्म होते जा रहा है। व्यापारी भी अब चेंबर की बैठकों में कोई रूचि नहीं रखते हैं। कभी बैठक भी चेंबर की हुई तो उसमें गिने चुने लोग ही पहुंचते हैं। कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी नये सत्र के पदाधिकारियों के चयन के लिए कोई कार्य नहीं किया जाना संगठन के उदासीनता को दिखाता है। जिसपर पूर्व के पदाधिकारी भी कोई हस्ताक्षेप नहीं कर रहे हैं। वर्तमान अध्यक्ष के कार्यकाल में चेंबर की गरिमा धूमिल हुई है। वहीं दूसरी ओर चेंबर के सदस्यता नवीकरण में भी काफी गडबड़ी होने के कारण लोग अब चेंबर चुनाव से दूर भाग रहे हैं। क्योंकि चेंबर के एक गुट के द्वारा अपने यहां के नौकर से लेकर परिवार के कई सदस्यों का चेंबर सदस्य के रूप में नवीकरण करा दिये हैं। जिसका मकसद सिर्फ चेंबर की कुर्सी हासिल करना है। जबकि ऐसे लोगों का फार्म एक ही है। चेंबर की कुर्सी में काबिज रहने के इस दांव पेंच से भी चेंबर चुनाव में व्यापारियों की दिलचस्पी समाप्त हो रही है।

### जल्द हो चेंबर चुनाव: रमेश

चेंबर के पूर्व अध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने कहा है कि कायार्काल समाप्त होने के बाद भी चेंबर की कुर्सी पर काबिज होने की परंपरा से चेंबर की व्यवस्था पर सवाल खड़ा हो रहा। श्री कुमार ने चेंबर का चुनाव अविलंब कराने की मांग वर्तमान कमेटी से की है। जिसके लिए पूर्व अध्यक्षों से भी आगे आने की अपील की है।

# स्वास्थ्य जांच शिविर में 31 लोगों की जांच की गयी



फोटो कैप्शन_6 शिविर मौजूद लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर मे लगातार 48 वें सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया।सेवानिवृत प्रधान सहायक लोहरदगा नगर पार्षद सह समाजसेवी गोपाल सिंह एवं जिलाध्यक्ष दीपक सर्राफ ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किया। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 31 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच कराया। मौके पर अग्रवाल को गुलाब गोपाल सिंह ने कहा मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। इनकी जितनी भी सेवा की जाए कम ही है। उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल व शशि भूषण सिंह ने कहा कि 1 जून 2022 से यह चल रहे प्रत्येक सप्ताह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में काफी लोग चेकअप करा कर लाभान्वित हो रहे हैं। शिविर मे अवधेश मित्तल, शशि भूषण सिंह, सुबोध प्रसाद महतो, सुगंधा देवी, पूनम देवी, रीना देवी, गंगोत्री देवी, गोपाल वर्मा, मोती लाल अग्रवाल, शिमला देवी, नीलम देवी, मीरा सिंह, आरती देवी, अंजली सर्राफ, हर्षित सोनी, उदय कुमार कास्यंकार, अनूप कुमार, रमेश शर्मा, अनीता देवी आदि मौजूद थे।

### 26 मई को झारखंड बंद को तेली समाज देगा जोरदार समर्थन: श्यामसुंदर साहू

**गुमला।** छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज जिला गुमला की बैठक समाज के कार्यालय बड़ाईक मुहल्ला में हुई। जिसकी अध्यक्षता श्यामसुंदर साहू ने की। बैठक में पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति झारखंड के द्वारा 26 मई को आहूत एकदिवसीय झारखंड बंद का कार्यक्रम निर्धारित है। इस कार्यक्रम हेतु निर्णय लिया गया कि छोटानागपुरिया तेली समाज के हजारों हजार की संख्या में पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति के एकदिवसीय झारखंड बंद भाग लेंगे। जिला अध्यक्ष श्यामसुंदर साहू ने कहा छोटानागपुरिया तेली समाज जिला गुमला झारखंड सरकार पिछड़ी जातियों को वोट बैंक समझ बैठा है और झारखंड बनने के बाद 7 जिलों में पिछड़ी जातियों के आरक्षण शून्य पर गंभीरता नहीं दिखा रही है। इससे प्रतीत होता है कि झारखंड सरकार पिछड़ी जातियों को उनके हक और अधिकार देने में अनदेखी कर रही है। अब पिछड़ी जाति जाग चुकी है अब चाहे जो भी हो अपना हक अधिकार लेकर रहेगी।

# गुमला में खुला बिरसा मुंडा पुस्तकालय एक साथ बैठ सकेंगे 600 छात्र-छात्राएं

## अपर समाहर्ता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता



प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हैं पर अपर समाहर्ता वह अन्य

**गुमला।** बिरसा मुंडा पुस्तकालय में रविवार को अपर समाहर्ता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए कहा देवघर से 1.35 लाख की पुस्तक गुमला को प्राप्त हुआ है। यही ज्ञान दान है। यह ज्ञान दान अभियान है।

पूरे जिले में पुस्तकालय खुल रहा। पुस्तकालय क्रांति शुरू किया गया है। झारखंड का पहला जिला गुमला है। जहां सभी ब्लॉक में पुस्तकालय खुल रहा है। यहां बच्चे बैठकर अध्ययन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि सभी की सोच को आगे ले जाना है। सामूहिक रूप से बच्चों में पठन पाठन को बढ़ावा देना है। गुमला में 50 हजार से अधिक बच्चे पढ़ते हैं। यहां बच्चों को कैरियर सहित विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करायी जायेगी। पुस्तक की कमी से अब बच्चों को पढ़ाई में परेशानी नहीं होगी। घाघरा, बिशुनपुर व बसिया में पुस्तकालय का उदघाटन हो चुका है।

दूसरे ब्लॉक में भी जल्द पुस्तकालय खुलेगा। इस क्रम में एसी सुधीर कुमार गुप्ता ने कहा कि मैं गरीब अनाथ बच्चों को पढ़ाने के लिए तैयार हूं। अगर कोई बच्चा पढ़ना चाहते हैं, तो मैं उन्हें पढ़ाने को तैयार हूं। वही शिक्षा के माहौल को तैयार करना है। इसमें सभी के सहयोग की जरूरत है। 16 घंटे तक पुस्तकालय चलेगा। अगर बच्चों द्वारा डिमांड आता है तो रात्रि में भी पुस्तकालय चलेगा। अभी सुबह पांच से रात नौ बजे तक पुस्तकालय चलेगा। वही एक बार में 600 बच्चे पढ़ाई कर सकते हैं। कंप्यूटर सहित कई प्रकार की पुस्तक है। 24 घंटे पानी व बिजली की सुविधा है। अब बच्चों को हजारों रुपये की पुस्तक खरीदने की जरूरत नहीं होगी। पुस्तकालय में सभी प्रकार की पुस्तक होगी। जिसका लाभ सभी वर्ग के छात्र उठा सकते हैं।

# सात दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण का हुआ समापन

खबर मन्त्र संवाददाता



प्रशिक्षण शिविर में शामिल अतिथि

**गुमला।** श्रीहरि वनवासी विकास समिति झारखंड के तत्वावधान में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर नवडीहा में चल रहे सात दिवसीय नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का रविवार को समापन हुआ। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह , संयोजक सुभाष चंद्र दुबे, अखिलेश साहु धनेश्वर उराव ने सर्वप्रथम मा सरस्वती भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया।दीप प्रज्वलित के पश्चात मुख्य अतिथि सत्येन्द्र सिंह को प्रांत शिक्षा प्रमुख संयोजक सुभाष चन्द्र दुबे के द्वारा सम्मानित किया गया वही विद्यालय के बहनों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। प्रशिक्षु नेहा केसरी विद्यालय मनोहरपुर, प्रमोद महतो विद्यालय बड़पोस, दीक्षित कुमारी विद्यालय लचरागढ़, युगल कुमार नाग विद्यालय मरानी, शिवानी कुमारी विद्यालय पोकला गेट, ने सात दिन चले प्रशिक्षण का अनुभव साझा किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सत्येन्द्र सिंह ने कहा कि भारतीय समाज में आचार्य आदरणीय, पूजनीय अर्थात समाज में सर्वोपरि होते है वे अपने आचरण से दूसरों को आगे बढ़ाने का कार्य तरते हैं। आचार्य हमेशा विद्यार्थियों को स्नेहपूर्वक व्यवहार के साथ शिक्षा का प्रसार करते हैं। क्योंकि आचार्यों के आचरण को देखकर ही बच्चे अपने जीवन में संस्कार लाते हैं। आचार्यों को भावी भाग्य विधाता निर्माण करने के ध्येय से कार्य करना चाहिए। आचार्यों को विद्यालय में हमारे धर्म ग्रंथों का भी अध्यन कराना चाहिए।

### घासी समाज की बैठक में कई सामाजिक मुद्दों पर चर्चा

**गुमला।** घासी समाज विकास संघ के जिला अध्यक्ष खुशमन नायक की अध्यक्षता में बिरसा मुंडा एग्रो पार्क परिसर गुमला में जिला कार्य समिति की बैठक संपन्न हुई।बैठक को सम्बोधित करते हुए खुशमन नायक ने कहा घासी समाज अन्य समाज की अपेक्षा काफी दयनीय स्थिति में है। समाज के सांगठनिक, शैक्षणिक, सामाजिक, आर्थिक एवम राजनीतिक स्तर की मजबूती एवं अपने हक अधिकार के लिए हमें एक जुट होकर आंदोलन करने की जरूरत है। खुशमन नायक ने यह भी कहा कि हर राजनीतिक पार्टी के लोगों ने हमारा समाज को ठगने का काम किया है।हमारे समाज के लोगों को सिर्फ वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया जाता है।आजादी के 75 वर्ष बीत गए पर हमारा समाज के लोगों की स्थिति नहीं बदली। पर अब हमारा समाज के लोग जाग चुके हैं।हमारे समाज के लोगों को मोहरा बनाकर अपना उल्लू सीधा करने वाले लोग सावधान हो जाएं।

# तीन दिवसीय समर कैंप का समापन

## खेल खेल में पढ़ाई से बच्चों में दिखी उत्सुकता



समर कैंप में शामिल बच्चे

खबर मन्त्र संवाददाता

**डुमरी।** डुमरी प्रखंड के मझगांव पंचायत अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय मझगांव कलस्टर में शिक्षा विभाग व अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय ग्रीष्मकालीन शैक्षणिक समर कैंप का समापन किया गया। कैंप का आयोजन 19 मई से 21 मई तक किया गया।जिसमें संकुल संसाधन केंद्र मझगांव के शिक्षक, गांव के विभिन्न विद्यालयों के लगभग 250 बच्चों सहित अभिभावकों ने भाग लिया। जिसमें बच्चों के द्वारा शिक्षा पर आधारित चित्रांकन, हस्तकला व बाल अखबार आदि बनाकर प्रदर्शित किया गया। अंतिम दिन बच्चे, शिक्षक व समुदाय के लोगों के द्वारा अपने अनुभव को एक दूसरे के साथ साझा किया गया। वहीं समर कैंप में तीनों दिन विषय आधारित गतिविधियां की गईं।

# निशुल्क मधुमेह जांच शिविर का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** रोटरी क्लब ऑफ गुमला सिटी के द्वारा रविवार को पालकोट रोड स्थित रोटरी भवन में निशुल्क मधुमेह रोग (शुगर )जांच शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर सुप्रसिद्ध मधु रोग विशेषज्ञ डॉ विनय कुमार ढानढानिया मुख्य रूप से मौजूद थे। शिविर में गुमला के अलावा अन्य जगह से बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे। डॉक्टर के द्वारा मरीजों का जांच कर उचित परामर्श दिया गया। डॉ ढानढानिया ने कहा कि खानपान में संतुलन बनाए रखने और नियमित व्यायाम करने से मधुमेह पर अंकुश लगाया जा सकता है। मधुमेह बीमारी से घबराने की जरूरत नहीं है, सिर्फ सावधानी बरतने की जरूरत है। वही, मौके पर मुख्य रूप से रो अनमोल गुप्ता, मनोज शर्मा, बसंत कुमार, डॉ सुगेंद्र साय, भैरव प्रसाद, पी राम, बादल कुमार, विजय ओझा, प्रकाश गोप, भगवान साबु, विजय दी ग्रेट,अजय कुमार एलआईसी सहित अन्य लोग मौजूद थे। इससे पूर्व रोटरी क्लब ऑफ गुमला सिटी के अध्यक्ष सहित तमाम पदाधिकारियों के द्वारा चिकित्सक और उनकी टीम का स्वागत किया गया।

# आधुनिक भारत के निर्माता थे स्वर्गीय राजीव गांधी: सुखैर भगत

## स्वर्गीय राजीव गांधी की 23वी पुण्यतिथि मनाई गई

खबर मन्त्र संवाददाता



पुण्यतिथि मनाते कांग्रेसी

**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में जिला अध्यक्ष सुखैर भगत की अध्यक्षता में भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की 23वी पुण्यतिथि मनाई गई, तत्पश्चात एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष सुखैर भगत अपने संबोधन में कहा कि राजीव गांधी भारत को आधुनिक भारत बनाने का सपना लेकर प्रधानमंत्री की शपथ ली थी और आधुनिक भारत के नवनिर्माण में उनका महत्वपूर्ण योगदान है।

संचार क्रांति और शिक्षा के क्षेत्र में नवोदय विद्यालय स्थापित कर ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभावान विद्यार्थियों को विश्व पटल पर लाने का प्रयास किए। साथ ही 18 वर्ष के युवाओं को उन्होंने पहली बार मताधिकार का अधिकार दिया। अपने कार्यकाल में उन्होंने देश में बहुत सारी योजना , परियोजनाओं को साकार किया आज उन्हीं की देन है पंचायती राज व्यवस्था जनता का शासन जनता के हाथ में निर्माण कार्य की जिम्मेवारी मुखिया या पंचायत सदस्य के हाथ में है आज जो डिजिटल क्रांति लोगों के हाथों में सारी सुविधाएं सिमट कर आ गई है यह राजीव गांधी द्वारा भारतीय औद्योगिक संचार क्रांति का ही देन है। कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद ने कहा भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी सद्भावना सहयोग और समृद्धि के विचार को लेकर भारत को उन्नत राष्ट्र विकसित आधुनिक भारत बनाने का रास्ता दिखाया उस रास्ते में चलने की प्रेरणा दी आतंकवाद धार्मिक मतभेद से देश की प्रगति रूकती है हम सब मिलकर उनके सपनों को साकार करने में योगदान करते रहेंगे। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मुख्य रूप से मोहन दुबे,साजिद अहमद, दीपक महतो, दिनेश प्रसाद , पवन गौतम परवेज सिद्दीकी ,सत्यजीत सिंह, सत्यदेव भगत ,मोहम्मद तारीख आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एक नजर में

### जेल अदालत-सह- विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**लोहरदगा।** झालसा रांची के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा लोहरदगा मंडल कारा में 21 मई को जेल अदालत-सह- विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें एलएडीसी के अधिवक्ता उमेश कुमार, सुदामा साहू, नारायण साहू, भूपेंद्र कुमार, इंद्राणी कुजूर, जेलर सुबोध कुमार उपस्थित थे। जेल अदालत में बंदियों में बीच लीगल अवेयरनेस किया गया। साथ ही बंदियों के विभिन्न समस्याओं को सुना गया और समस्या के निराकरण का उपाय बताया गया।

### पीड़ित परिवार से मिली नीरू शांति भगत

**कुडू।** जिला के कुडू प्रखंड पंचायत ब्रहनिया के निवासी मनोज साहू का लंबी बीमारी के कारण रविवार को निधन हो गया। जिसका सूचना मिलते हैं झारखंड आंदोलनकारी पूर्व विधायक स्व कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी एवं लोहरदगा विधानसभा प्रभारी नीरू शान्ति भगत पीड़ित परिवार के साथ मिलने के लिए पहुंची। मौके पर शोक संवेदना प्रकट करते हुए परिजनों को हरसंभव मदद देने की बात कही।

### अनियंत्रित वाहन बिजली का खम्भा से टकराया कोई हताहत नही

**सेन्हा-लोहरदगा।** चतरा जिला के टन्डवा थाना क्षेत्र से यज्ञ में बाजा बजा कर उड़ीसा राज्य के सुंदरगढ़ जिला अन्तर्गत कुतरा सेन्हा थाना क्षेत्र के मुख्य पथ सेन्हा में संजय साहु का दुकान के समीप वाहन नम्बर ओडी 28 ए 3456 अनियंत्रित हो बिजली का खम्भा से जा टकराया जिसे वाहन का टकराने से बिजली का खम्भा और वाहन छतिग्रस्त हो गया। वाहन में कुल 6 लोग सवार थे। जिसे किसी का हताहत होने की सूचना नही है। वही साथ मे दस्ते वाहन में सवार अन्य लोगो ने बताया कि उड़ीसा के सुंदरगढ़ जिला अन्तर्गत कुतरा से झारखण्ड राज्य के चतरा जिला अन्तर्गत टन्डवा थाना क्षेत्र यज्ञ कार्य मे बाजा बजाने गये हुए थे।

### आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन

**लोहरदगा।** पतंजलि स्वदेशी वितरक इंटरप्राइजेज एवं पतंजलि आरोग्य केंद्र ब्लॉक मोड के द्वारा रविवार को आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें अर्थराइटिस, शुगर, ब्लड प्रेशर, अनिद्रा, थकान, कमजोरी, स्त्री रोग, गठिया, बाबासीर, पथरी, डिप्रेशन एवं अनेकानेक व्याधि का उपचार आयुर्वेद चिकित्सा, एक्यूप्रेशर, एवं प्राकृतिक चिकित्सा के द्वारा किया गया। इस मौके पर आयुष विभाग के चिकित्सक व्याधि के अनुसार आयुर्वेदिक चिकित्सा एवं प्राकृतिक चिकित्सा के द्वारा उपचार दिया गया।

### कीटनाशक के सेवन से व्यक्ति की इलाज के दौरान हुई मौत

**गुमला।** चैनपुर थाना क्षेत्र के केडेंग गांव निवासी रविंद्र चीक बड़ाईक की कीटनाशक खाने से देर रात इलाज के दौरान सदर अस्पताल गुमला में मौत हो गई। वहीं डॉक्टर ने बताया कि कीटनाशक खाया हुआ काफी देर हो चुका था। जिससे पूरे शरीर में जहर फैल गया। जानकारी देते हुए परिजन ने बताया कि सुबह 10:00 बजे ही व्यक्ति के द्वारा कीटनाशक का सेवन किया गया था। परंतु गाड़ी की व्यवस्था नहीं हो पाई जिसके कारण देर हुई और उन्होंने बताया कि 3 माह से इसकी पत्नी मायके चली गई है और किसी बात को लेकर मोबाइल में तू तू मैं मैं हो रहा था। संभवतः यही सब कारण हो सकती है जिसके कारण व्यक्ति ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या कर लिया।

### बाइक में सवार तीन युवक पुल से नीचे गिरे, एक रांची रिम्स रेफर

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के असनी बगीचा के पास देर शाम बाइक सवार तीन युवक पुल से नीचे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गये?। जिसमें उर्मी निवासी मदन बड़ाईक का पुत्र रोहित बड़ाईक ,बसंत बड़ाईक का पुत्र यस बडाईक व पालकोट निवासी युवक लिबंस बाड़ा को गंभीर चोट लगी है। घटना के उपरांत स्थानीय लोगों के मदद से तीनों घायल युवक को गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों की देखरेख में तीनों घायल उपचार किया जा रहा था वही देर शाम लिबंस बाड़ा कि स्थिति गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें रांची रिम्स रेफर कर दिया। वह घटना में रोहित व यश के सर पर गंभीर चोट लगी है।

### मनरेगा कर्मचारी संघ की बैठक संपन्न

**गुमला।** झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के दिशा निर्देशानुसार गुमला जिला मनरेगा संघ की आवश्यक बैठक जिला अध्यक्ष शिवदेव लोहरा की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में पदयात्रा की सफलता वह सरकार पर हुए दबाव पर चर्चा किया गया। साथ ही आगे की रणनीति पर विचार किया गया। सरकार की ओर से साकारात्मक रूख नहीं होने पर प्रदेश कमेटी एक जून से हड़ताल पर जाने का आह्वान किया है , इसकी चर्चा किया गया। बैठक में जिला अध्यक्ष शिवदेव लोहरा,जीयु साहु, सुष्मिता नंदा, ज्योति मिंज, दीपमाला, छोटेलाल, सहित अन्य कर्मी सामिल हुए।

### गायत्री शक्तिपीठ गुमला में दिव्यांग जोड़ी का विवाह संपन्न

**गुमला।** रविवार को बड़ाईक मुहल्ला स्थित गायत्री शक्तिपीठ गुमला में परिवार्जक बलिराम भगत एवं ब्रह्मदेव जी के द्वारा विकलांग जोड़ी का विवाह कार्यक्रम विधि विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराया गया। रविवार सुबह 11 बजे से गायत्री शक्तिपीठ में वर सुनील शर्मा वधु सबिता कुमारी दोनों ही विकलांग है दोनों परिवारों की आपसी सहमति से यह विवाह कार्यक्रम बहुत ही हर्षोल्लास के साथ विधि विधान के अनुसार संपन्न कराया गया। तत्पश्चात दोनों के द्वारा हवन किया गया एवं हवन के पश्चात उपस्थित लोगों के बीच प्रसाद एवं भोजन कराया गया। इस विवाह हेतु सैकड़ों की संख्या में लोग गायत्री शक्तिपीठ में उपस्थित थे।

### महिलाओं को अपनी ताकत समझनी होगी : भूषण भगत

**गुमला।** मिशन बदलाव युवाओं की टीम के द्वारा दारुतोली में ज्योति वर्मा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।बैठक को संबोधित करते हुए भूषण भगत ने कहा कि महिलाओं को अपनी ताकत समझनी होगी और इतिहास गवाह है कि महिलाओं के योगदान से ही समाज,देश और सत्ता में बदलाव आया है। मिशन बदलाव सहयोगी और आईआईटी इंजीनियर युगांत ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के स्वरोजगार से जोड़ने की जरूरत है।

### बीडीओ के नेतृत्व में विकास एवं स्वास्थ्य मेले का हुआ आयोजन

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के गढ़ापाठ में बीडीओ डॉ शिशिर कुमार सिंह के नेतृत्व में विकास एवं स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें गढ़ा पाठ के कुल 34 लोगों को स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा उनका स्वास्थ्य जांच कर उन्हें दवा उपलब्ध कराया गया। वहीं लोगों को जानकारी दी गई कि महिलाओं को संस्थागत प्रसव के लिए लोरम्बा के स्वास्थ्य केंद्र में समुचित व्यवस्था की गई है ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो। इधर गढ़ा पाठ से लौटने के क्रम में घाघरा प्रखंड के सनयटांगर के ग्रामीणों ने भी बीडीओ के समक्ष अपनी समस्या को रखा। जिसके बाद वहां कुल 22 लोगों का ईलाज कर उन्हें दवा उपलब्ध कराया गया।

स्पीड न्यूज

## अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरायी हाईवा

**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा-गिरिडीह मुख्यमार्ग स्थित सिंहपुर यात्री शेड गुप्ता लाइन होटल के समीप रविवार की दोपहर एक तेज रफ्तार खाली हाइवा ट्रक संख्या जेएच12एच/4984 का अगला टायर फट जाने सके अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक विशाल शीशम पेड़ से जा टकरायी। वहीं दुर्घटनाग्रस्त हाइवा का चालक मौके से फरार हो गया। मिली जानकारी के अनुसार खाली हाइवा ट्रक डोमचांच की ओर से बरियाडीह की तरफ जा रही थी। इस घटना में चालक बाल-बाल बच गया।

## दुर्घटना में एक गंभीर

**चंदवारा (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बजरंगबली चौक ढाबाथाम रोड़ पर कार व स्कूटी में टक्कर हो गयी। जिसमें स्कूटी सवार चंदवारा निवासी भागवत साव गम्भीर रूप से घायल हो गया। वहीं ग्रामीणों ने घायल को ईलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने रिम्स रेफर कर दिया। मौके पर चंदवारा थाना पुलिस घटना स्थल से कार को थाना ले गयी।

## अश्लील हरकत करने वाला शिक्षक हिरासत में

**रमना।** रमना थाना क्षेत्र के कर्णपुरा गांव में शिक्षक और छात्रा के रिश्ता शर्मसार होने का वीडियो शनिवार देर रात्र से ही वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो के अनुसार मध्य विद्यालय कर्णपुरा के पारा शिक्षक जय कुमार गुप्ता गांव में ही एक पारा शिक्षक के घर ट्यूशन पढ़ाने के दौरान एक छात्रा से अश्लील हरकत करते नजर आ रहा है। उस समय अन्य कई और छात्र-छात्राएं भी वहां मौजूद थीं। अश्लील हरकत करते किसी ने वीडियो बना लिया और उसे वायरल कर दिया। हालांकि खबर मंत्र अखबार इस वीडियो, घटना और समय की पुष्टी नहीं करती है।

## बरसात से पूर्व होगी नाली की सफाई

**रमना।** शहीद भगत सिंह चौक के समीप धर्मेंद्र प्रसाद यादव के घर से जगरनाथ साह के घर तक नाली सफाई व पटिया निर्माण कार्य का शिलान्यास रविवार को मुखिया दुलारी देवी व उप मुखिया नेहा सोनी ने संयुक्त रुप से नारियल फोड़ कर एवं पूजा कर किया।मौके पर दुलारी देवी ने कहा कि नाली सफाई एवम पट्टीया निर्माण का कार्य 15 वॉं वित्त आयोग के तहत दो लाख रुपए की लागत से कराया जा रहा है। बरसात के सीजन आने से पहले पंचायत के गलि-मुहल्लों के सभी नाली की सफाई और मरम्मती का कार्य करने का प्रयास किया जा रहा है। ताकि बारिश के दिनों में लोगों को परेशानी नहीं हो। इस अवसर पर बिरंची पासवान,रामचन्द्र ठाकुर, आकाश कुमार,सोनू सोनी सहित कई लोग मौजूद थे।

## शिक्षा से ही संभव है सर्वांगीण विकासः बिरजू

**कान्हाचट्टी।** प्रखंड अंतर्गत बाराबागी ग्राम में स्थित एस एन.एम. विद्या मंदिर विद्यालय का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद् उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काट कर किया। उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री तिवारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह की विद्यालय पढ़ने वाले बच्चों के लिए वरदान साबित होगा। शैक्षिक विकास से अविकसित पिछड़े क्षेत्र में वर्तमान की माँग के अनुरूप इंग्लिश माध्यम का यह विद्यालय निश्चित तौर पर इस क्षेत्र के लिये एक वरदान साबित होगा।

## लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों व स्वीकृति पत्र का वितरण

**चतरा।** मंत्री सत्यानाद भोक्ता रविवार को चतरा प्रखंड मुख्यालय पहुंचे। इस दौरान मंत्री ने अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रखंड मुख्यालय में लाभुकों के बीच सरकार की महत्वकांक्षी योजना ₹सोना सोबरन धोती साड़ी योजना₹ के तहत धोती साड़ी वितरण, सावित्री बाई फुले समृद्धि योजना, छात्रवृत्ति योजना, वृद्धा पेंशन योजना, विधवा दिव्यांग पेंशन योजना, आवास आदि के स्वीकृति पत्र का वितरण किया। मौके पर प्रखंड विकास पधाधिकारी गणेश रजक 20सूत्री अध्यक्ष शंकर सिंह, मंत्री प्रतिनिधि भोला साहू समेत कई गन्यमान लोग उपस्थित थे।

### जिले के टॉपरों को मिला सम्मान, उत्साह में दिखें विद्यार्थी व अभिभावक

# आज के बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं सिर्फ उसे निखारने की जरूरत : डॉ.नीरा



खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। झुमरीतिलैया स्थित शिव वाटिका में एफिलिएटेड स्कूलों के ग्रुप कोडरमा स्कूल सहोदया कॉम्प्लेक्स द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह में सीबीएसई बोर्ड परीक्षा एवं बारहवीं परीक्षा में 90 प्रतिशत और उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले लगभग 250 प्रतिभावान विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि विधायक डॉ. नीरा यादव, विशिष्ट अतिथि जिप अध्यक्ष रामधन यादव व जिला अग्निशमन पदाधिकारी शैलेंद्र किशोर एवं सहोदया कॉम्लेक्स के पदाधिकारियों के हाथों सम्मानित किया गया। अथितियों के स्वागत के पश्चात् द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई। जिसके उपरांत सहोदया कॉम्प्लेक्स के कोषाध्यक्ष सह सेक्रेट हार्ट स्कूल के प्राचार्य नवीन कुमार ने स्वागत भाषण देते हुए कार्यक्रम में उपस्थित सभी का स्वागत किया। वहीं मॉडर्न पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा शानदार स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। सेक्रेट हार्ट की छात्राओं ने भी पंजाबी गाने पर नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का भरपूर मनोरंजन करवाया। कार्यक्रम के मध्य में सीबीएसई के दशवीं बोर्ड एवं बारहवीं के परीक्षा में टॉप टेन छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी व प्रसस्ति पत्र देकर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। वहीं बारी-बारी से 90 प्रतिशत और उससे अधिक अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं को सहोदया कॉम्प्लेक्स के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा ट्रॉफी व प्रसस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. नीरा यादव ने कहा कि आज के बच्चों में प्रतिभा की कमी नही है, केवल उसे निखारने की जरूरत है। जब बच्चे घर से बाहर पढ़ने जाते है तो उसे ऐसे माहौल व मित्रों के संपर्क में रहना चाहिए, जहां वह चंदन की खुशबू की तरह अपने जीवन को सुगंधमय बनाये न कि कोयले की कालिख की तरह अपना व अपने परिवार का नाम बदनामी करे। कार्यक्रम का सफल संचालन ग्रिजली विद्यालय के शिक्षक अभिजीत आनंद व सेक्रेट हार्ट के शिक्षक मनोज पांडेय ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के अंत में सहोदया कॉम्प्लेक्स के सचिव सह कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर के प्राचार्य शर्मेन्द्र साहू ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए उपस्थित सभी अतिथियों, विद्यालय के निदेशकों, प्राचार्यों, शिक्षक-शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर ग्रिजली विद्यालय के निदेशक अविनाश सेठ, सीईओ प्रकाश गुप्ता, प्राचार्या अर्पणा सिन्हा, सेक्रेट हार्ट के निदेशक प्रमोद कुमार, अकैडमिक डाइरेक्टर प्रमोद शर्मा सहोदया कॉम्प्लेक्स के मीडिया प्रभारी सह विवेकानंद कन्वेंट स्कूल के निदेशक अनिल कुमार, जीएस पब्लिक स्कूल के निदेशक नीतेश कुमार, नेशनल पब्लिक स्कूल के निदेशक मुस्ताक अहमद, बीआर इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक ओमप्रकाश राय, झारखंड पब्लिक स्कूल के प्राचार्य अब्दुल रहमान, इकरा पब्लिक स्कूल के निदेशक मकसूद आलम, समाजसेवी रामरतन महर्षि एवं कई सामाजिक संगठनों के प्रमुख व सैकड़ों शिक्षाविद व अभिभावक मौजूद थे।

### कुंडीधनवार सड़क का विधायक ने किया शिलान्यास

## इस सड़क बनने से कई गांवों में आवागमन अब सुगमता से हो पायेगा : डॉ. नीरा यादव

**कोडराम।** डोमचांच प्रखंड अंतर्गत ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा विधायक डॉ. नीरा यादव द्वारा अनुशंसित धुवांडीह आरसीडी रोड़ से कुंडीधनवार भाया मसमोहना कुम्हेंरेन स्थान एवं असनाबाद तक पथ सुदृढ़ीकरण एवं चौड़ीकरण कार्य लागत लगभग चार करोड़ तिहत्तर लाख सैतालिस हजार सात सौ रुपए का शिलान्यास नारियल फोड़ कर एवं फीता काट कर किया। इस जर्जर सड़क के पुनर्निर्माण के लिए स्थानीय विधायक के पास सड़क के संपर्क मसमोहना, कुंडीधनवार, असनाबाद के ग्रामीण बराबर मांग करते आ रहे थे, जो कि अब इसके बन जाने से उनलोगो के मांग पूरे होने को है। वहीं डॉ.नीरा यादव ने बताया कि मेरे प्रयास से यह महत्वाकांक्षी जनउपयोगी सड़क



स्वीत हुइ है जो कि यह कई गांवों को जोड़ती है।

सुढ़ीकरण के साथ साथ इसका चौड़ीकरण भी किया जाएगा। इसकी लंबाई साढ़े सात किलोमीटर से अधिक है। आप सभी इस सड़क की गुणवत्ता पर ध्यान देंगे और चौड़ीकरण में सहयोग भी करेंगे। बता दें कि यह कार्य संवेदक राम टहल सरण को आवंटित हुआ है। मौके पर ग्रामीण कार्य विभाग के कनीय अभियंता संतोष महतो, चांदनी देवी, विजय सिंह, शिवलाल सिंह, धीरेंद्र सिंह, प्रिंस सिंह, बाबूलाल यादव, राम भजन सिंह, बासुदेव महतो, रामदेव यादव, टिंकू यादव, दिलीप सिंह, सुरेश साव, गुड्डू सिंह, परमेश्वर भारती, बिंदू साव, सुभाष यादव एवं सैकड़ो स्थानीय लोग मौजूद थे।

## सीआरपीएफ ने निकाली साइकिल जागरूकता रैली



रैली में शामिल जवान

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** सीआरपीएफ 172 बटालियन ने रविवार को पर्यावरण संरक्षण को लेकर साईकिल जागरूकता रैली निकाली। रैली का मुख्य उद्देश्य स्थानीय लोगों को पर्यावरण संरक्षण के बारे में जागरूक करना था। उक्त रैली 172 बटालियन कैंप परिसर से प्रारंभ होकर, नहर चौक, चिनीयां मोड़ व नवादा मोड़ से होते हुए वापस 172 बटालियन कैंप परिसर पहुंची। इस मौके पर 172 बटालियन के कमाण्डेंट नृपेन्द्र कुमार सिंह ने रैली को संबोधित करते हुए उपस्थित अधिकारियों एवं जवानों को उसकी महता के बारे में बताया एवं सदैव पर्यावरण संरक्षण हेतु तत्पर रहने को उत्प्रेरित किया।

साथ ही उन्होंने रैली का भी नेतृत्व किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण से ही हमें वो सभी चीजे उपलब्ध होती है, जिसका इस्तेमाल करके आज मानव जीवित है। आराम और सुखदायी जीवन व्यतीत कर रहा है। पर्यावरण संरक्षण हमारा फर्ज है और इस जिम्मेदारी को हम सबको मिल कर निभाना चाहिए। हमें जितना हो सके उतना पर्यावरण को दूषित होने से बचाना चाहिए। प्रदूषण को रोकने के उपायों को अमल में लाना चाहिए।

### कांग्रेसियों ने मनायी राजीव गांधी की पुण्यतिथि

## देश में संचार क्रांति के जनक के रूप में स्व. गांधी को नमन : मनोज सहाय पिंकू

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिला के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रविवार को ओबीसी प्रकोष्ठ जिला कांग्रेस कार्यालय में उपस्थित होकर स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने स्व. गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर बारी-बारी से पुष्पांजलि अर्पित किया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम की अध्यक्षता ओबीसी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष संतोष कुमार यादव एवं संचालन कांग्रेस नगर अध्यक्ष प्रभात कुमार राम ने किया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिप सदस्य लक्ष्मण यादव, झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव मनोज सहाय पिंकू, वरिष्ठ कांग्रेसी गणेश स्वर्णकार ने भारत के नवनिर्माण में राजीव गांधी के योगदान पर चर्चा करते हुए उन्हें आधुनिक भारत के निर्माता के रूप में नमन किया। युवाओं को 21 वर्ष की उम्र से घटाकर 18 साल की



उम्र में मतदान का अधिकार राजीव गांधी ने दिया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ कांग्रेसी राजेंद्र कुमार जयसवाल, आशीष पांडेय, अरविंद सेठ ने देश में संचार क्रांति के जनक के रूप में स्व. राजीव गांधी को नमन किया। जबकि सुबोध कुमार, सहूद खान, डोमचांच प्रखंड अध्यक्ष आनंद कुमार मेहता ने देश में पंचायती राज लागू कर सत्ता को गांव ग्रामीणों के हाथ में सौंपने हेतु राजीव गांधी को नमन किया। स्वर्गीय गांधी ने नवोदय विद्यालय का जाल बिछाकर पूरे देश में शिक्षा का अलख जगाया। देश का दुर्भाग्य है कि आज ही के दिन आतंकवादियों द्वारा गांधी की हत्या कर दी गई। आज पूरा भारत एवं विश्व गांधी की पुण्यतिथि को आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में याद कर देश के सबसे ऊर्जावान प्रधानमंत्री राजीव गांधी को नमन करती है। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पूर्व युवा जिला अध्यक्ष उमेश साव, जागेश्वर यादव सतगावां, महिला नेत्री उषा देवी, मधु देवी, मो. ज्ञासउद्दीन, सोनू वारसी, प्रकाश बादल, किशन कुमार, मो. अनवर, विवेक प्रसाद, शिवम यादव, दीपक यादव, पवन मोदी, दीपक कुमार साहू, पप्पू कुमार यादव, भोला दास सहित जिले एवं नगर के कांग्रेसी मौजूद थे।

## संगठन सर्वोपरि, संगठन मजबूत होगा तो कार्यकर्ता खुद-ब-खुद मजबूत होंगे : मिथिलेश

### गढ़वा में झामुमो का संगठनात्मक चर्चा सह विचार गोष्ठी

खबर मन्त्र संवाददाता





मंचासीन मंत्री व अन्य, उपस्थित कार्यकर्ता

**गढ़वा।** शहर के नवादा मोड़ स्थित उत्सव गार्डेन में रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा का संगठनात्मक चर्चा सह विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने दीप प्रज्वलित कर किया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन सर्वोपरि है। कार्यकर्ता ही संगठन के रीढ़ होते हैं। सभी लोग मिलकर पूरे दमखम के साथ संगठन को मजबूत करें। संगठन मजबूत होगा तो कार्यकर्ता खुद-ब-खुद मजबूत हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता संगठन में ईमानदारी से काम करें। उन्हें कभी पीछे मुड़कर देखना नहीं पड़ेगा। आपकी काम ही आपको पहचान दिलाएगी। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि पूर्वक 18 साल में विकास का कोई भी काम नहीं हुआ है, परंतु साढ़े तीन साल में हेमंत सरकार ने जो काम किया इसकी तुलना नहीं की जा सकती है। कोई भी अगर साढ़े तीन साल के कार्यों को 18 साल से कम साबित कर दे तो मैं राजनीति से संयास ले लूंगा। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार अंतिम पंक्ति के लोगों को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है। मंत्री ने कहा कि हम अपनी बातों को जनता के बीच ठीक से नहीं रख पा रहे हैं। सभी कार्यकर्ता पार्टी के नीति, सिद्धांत एवं सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों को जन जन तक पहुंचाएं। स्थिति यह है कि हमारे किए कार्यों का श्रेय दूसरे लोग ले रहे हैं। साथ ही विरोधी लोग हमारे अच्छे कार्यों को भी गलत तरीके से प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दो साल कोरोना के बाद छह माह में इतना काम होने लगा कि विपक्षियों में में खलबली मच गई। भाजपा ने हमारी सरकार को बदनाम करने के लिए ईडी से लेकर सीबीआई तक पीछे लगा दिया। मुख्यमंत्री को झूठ मुठ का बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है। हमारे कार्यकर्ता जनता तक इस बात को पहुंचाएं कि आपक चुनी हुई सरकार को भाजपा कैसे बदनाम कर रही है ।जो सरकार गरीबों का काम कर रही है, जनता की चुनी हुई सरकार है इसे बदनाम कर जनता के प्रतिष्ठा एवं वोट को बेवजह कलंकित किया जा रहा है। इससे सीधा जनता की बदनामी हो रही है। जनता को बताएं कि भाजपा आपका और आपके वोट का अपमान कर रही है। मंत्री ने कहा कि सरकार नियोजन के मुद्दे पर रोजगार और नौकरी देने में पूरी तरह सफल नहीं हो सकी है। इसके पीछे सबसे बड़ी बाध भाजपा है। भाजपाई नहीं चाहते कि हमारी सरकार में लोगों को रोजगार मिले। झारखंड सरकार ने नियोजन नीति बनाया तो भाजपा ने कोर्ट में केस कर उसे खारिज कर दिया। कार्यकताओं के सवाल पर मंत्री ने कहा कि सभी लोग निजी स्वार्थ से ऊपर उठकर जनहित का काम करें। किसी भी अधिकारी की मजाल नहीं है कि वह नहीं सुनेगा। एकजुट होकर जनता के हित एवं अधिकार के लिए लड़े। हर अधिकारी जनता का हर काम करेगा। मंत्री ने कहा कि भाजपा जब झूठ का इतिहास बना सकता है तो हम सच को सच क्यों नहीं बता सकते हैं। कार्यकर्ता पूरी ईमानदारी के साथ मेहनत करें एवं जनता को उनके लिए किए जा रहे कार्यों को बताएं।

एक नजर में

## राजनीतिक द्वेष के कारण नाम नहीं दिया : नीलम कुमारी

**चन्दवारा (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत आरागारो पंचायत के पंसस नीलम कुमारी ने बयान जारी कर कहा है कि आरागारोघ पंचायत के पुतो में जल संसाधन लघु सिंचाई विभाग की ओर से 67 लाख के लागत से चेक डैम निर्माण का शिलान्यास किया गया। जिसकेघ शिलापट में विधायक, प्रमुख, जिप सदस्य, मुखिया का नाम दिया गया, परंतु राजनीतिक षड्यंत्र के तहत उनका नाम नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि योजना के शिलान्यास कार्यक्रम में भी उन्हें आमंत्रित नहीं किया गया था, जो दुर्भाग्य है।

## द-आई स्कूल में समर कैंप का समापन, प्रतिभागी हुए सम्मानित

**कोडरमा।** सहाना रोड स्थित द आई स्कूल में चल रहे समर कैंप का रविवार को समापन हो गया। बताते चलें कि विगत एक सप्ताह तक चले कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं में शामिल प्रतिभागी बच्चों और उनकी मां को सम्मानित किया गया। पूरे कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चे और बच्चियों ने अपने ड्रेस और प्रदर्शन से अभिभावकों का मन मोहा तो वहीं बच्चों की मम्मी ने भी खूब धमाल मचाया। पूरे आयोजन में द आई स्कूल एवं दूसरे स्कूल के बच्चों ने भी भाग लिया। समापन कार्यक्रम में रविवार को योग भी सिखाया गया।

## विश्वकर्मा समाज की बैठक संपन्न

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखण्ड से सटे भीखनाडीह के पोस्ट चलकुसा में झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रो.दशरथ प्रसाद राणा एवं संचालन भास्कर राणा ने किया। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश सचिव हीरामन मिस्त्री उपस्थित हुए। वहीं बैठक में विश्वकर्मा समाज को आगे बढ़ाने, समाज में ज्यादा अशिक्षा, बेरोजगारी की समस्या, दहेज जैसी कुरीतियों को समाप्त करने को लेकर विशेष चर्चा की गई।

## पंचायत अध्यक्ष बने अनूप व सचिव आनंद

**जयनगर (कोडरमा)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष अशोक सिंह की अध्यक्षता में रविवार को हीरोडीह पंचायत का गठन किया गया। वहीं सर्वसम्मति से हीरोडीह के पंचायत अध्यक्ष अनूप दास एवं सचिव आनंद यादव को बनाया गया। वहीं भाजपा एवं माले छोड़कर सदस्यता ग्रहण किया। वहीं बैठक की अध्यक्षता अनूप दास एवं संचालन महेंद्र दास ने किया। वहीं राजेंद्र यादव ने कहा कि सांसद सह शिक्षा राज्य मंत्री अनपूर्णा देवी ने जनता को ठगने का काम की है।

## झामुमो नगर अध्यक्ष ने मनाया स्व.दुर्गा सोरेन की पुण्यतिथि

**कोडरमा।** झुमरीतिलैया नगर कमिटी की ओर से स्व.दुर्गा सोरेन की 14वां पुण्यतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा के नगर अध्यक्ष दीपक विश्वकर्मा ने चित्र पर माल्यार्पण कर मनाया। वहीं झामुमों नगर अध्यक्ष ने कहा कि स्व.दुर्गा सोरेन पार्टी के स्तंभ थे, वे कभी भी अपने कार्यकर्ताओं को निराश नहीं करते थे, लगातार उनका प्रयास संगठन को मजबूत करने में लगा रहता था। उन्होंने कहा स्व. सोरेन आंदोलनकारी का एक योद्धा के रूप थे, निश्चित तौर पर उनकी कमी हम सभी को खलती रहेगी।

## गौ तस्कर भेजे गए जेल, 19 पशु बरामद

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत राधा कृष्ण मंदिर के सामने कोयल नदी के किनारे से होकर शनिवार को रात्रि में तस्करी के लिए ले जाये जा रहे 19 मवेशियों धर्म जागरण के सदस्यों ने रोका। साथ ही साथ चार पशु तस्करों को भी पकड़ा और पुलिस को बुलाकर थाना के सुपुर्द कर दिया। यह धरपकड़ जिला धर्म जागरण प्रमुख विवेक सोनी के नेतृत्व में किया गया। जिसमें गुड्डू गुप्ता, दीपक माली, मनीष गुप्ता, ऋषि पांडेय, प्रेम पांडेय, हर्षित पांडेय का भी अहम योगदान रहा। इधर इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला धर्म जागरण प्रमुख विवेक सोनी ने बताया कि मवेशी तस्करों के द्वारा कोयल नदी के रास्ते से निरंतर तस्करी के लिए मवेशी ले जाने की सूचना मिल रही थी। सूचना के आधार पर शनिवार की देर रात्रि 19 मवेशियों के साथ चार तस्करों को पकड़ लिया गया।

## जिप उपाध्यक्ष पहुंचे बकचुम्बा, बंजर भूमि पर हरियाली देख हुए खुश

चतरा। जैविक व उन्नत खेती कर किसानों को मालामाल करने में जुटे किसान उदय दांगी की खेती का जायजा लेने जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने रविवार को जिले के कान्हाचट्टी प्रखंड के बकचुम्बा गांव पहुंचे। खेतों का जायजा लेते हुए हरी सब्जियों को देखकर काफी खुश हुए। उन्होंने लौकी, करेला, खिरा, भिंडी, टमाटर सहित अन्य खेती देखकर किसान उदय दांगी की जमकर तारीफ की। किसान उदय दांगी लगभग 8 एकड़ जमीन को कड़ी मेहनत से बंजर भूमि को हरा भरा कर दिया है। जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने कहा कि उदय बचपन से ही बहुत मेहनती और ईमानदार था वह मेहनत करने में कभी भी कतराता नहीं था आज उसी का नतीजा का फल है कि बंजर भूमि पर भी वह अपनी मेहनत से पूरा क्षेत्र भर हरा भरा कर दिया है। सब्जियों की खेती करने के कारण आज आपने क्षेत्र में किसानों के बीच अलग पहचान बना चुके हैं।

## जिले में पहली बार हुआ शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन

**चतरा।** कपूर्री ठाकुर भवन, इंडोर स्टेडियम, चतरा में एक दिवसीय आमंत्रण ओपन शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को किया गया जिसका उद्घाटन उपायुक्त अबु इमरान के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम से पूर्व मौके पर उपस्थित छात्रों ने उपायुक्त को पुष्प गुच्छ भेंट कर आयोजन में स्वागत किया।स्विस लीग पद्धति के तहत आयोजित इस एक दिवसीय आमंत्रण ओपन शतरंज प्रतियोगिता में यू-11 एवं यू-15 वर्ग में कुल 48 प्रतिभागी शामिल हुए। प्रतियोगिता में यू-11 वर्ग में ऋषभ कुमार ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए विजेता रहे। इसके अलावा दूसरे स्थान पर वैभव कुमार और तीसरे स्थान पर कुमार कार्तिकेय रहे। वही यू-15 वर्ग में कृष्णा कुमार साव बेहतर प्रदर्शन करते हुए विजेता रहा।

## जेल अदालत के माध्यम से एक बंदी रिहा

**चतरा।** न्यायलय में सबसे पुराना केस के अभियुक्त सुकन भुईयां पिता स्व बालो भुईयां ग्राम गाईघाट थाना हंटरगंज जिला चतरा को जेल अदालत में रिहा किया गया। अभियुक्त हंटरगंज थाना कांड संख्या 50/1986 धारा 323,324,326,34 भादवि के अंतर्गत कारा अभिरक्षा में बंद था। झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के तत्वावधान में, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार,चतरा राकेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में सचिव महोदया प्रज्ञा वाजपेयी के द्वारा आज 21 मई को जेल आदालत का आयोजन किया गया। इस जेल आदालत में अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी अदनान अकीब,जेलर और जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय सहायक मो.नौशाद आलम जेल अदालत मे मौजूद थे। 20.05.2023 को अभियुक्त सुकन भुईयां पिता स्व बालो भुईयां स्थान गाईघाट थाना हंटरगंज जिला चतरा,जिनका हंटरगंज थाना कांड संख्या 50/1986 धारा 323,324,326,34 भादवि के अंतर्गत कारा अभिरक्षा में बंद था। अभियुक के स्वीकृति बयान के आधार पर अभियुक्त को दोष सिद्धि करते हुवे रिहा किया गया। अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी चतरा अदनान अकीब के कोर्ट में 38 वर्ष पुराना कैस लम्बित था।जो 20.05.2023 को निष्पादित किया गया। यह चतरा न्यायलय में सबसे पुराना केस था। जेल आदलत में पि एल भी राजेश कुमार, गोपाल कृष्ण यादव भी उपस्थित थे।

# स्पीड न्यूज

## सॉट सर्किट से लगी घर में आग कई सामान जल कर राख

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के साल्वे पंचायत अंतर्गत डाढ़ा टोला निवासी शमशुल हक पिता हाजी जहुर हक के घर में बीते शनिवार की रात्री सॉट सर्किट से आग लग जाने से वाशिंग मशीन सहीत अन्य सामान जलकर क्षतिग्रस्त हो गया जिससे हजारों रुपए का आर्थिक नुकसान हुआ है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि बिते रात को बिजली आने-जाने से परेशान होकर अपने अन्य स्वजन के साथ छत पर सो गए थे। रात को साढ़े बारह बजे के लगभग जलने की दुर्गंध आने पर आंख खुली। निचे उतर कर देखा तो बाथरूम में आग लगी थी। तब मैं आग जलने की सभी स्वजन को जानकारी देकर जगाया। नींद से जगने के बाद सभी ने मिलकर आग पर काबू पाया। आगलगी की सुचना सुबह होते ही साल्वे पंचायत मुखिया रजीव भगत को दी गई। मुखिया ने पीड़ित के घर पहुंचकर क्षति का जायजा लिया। वहीं संबंधित विभाग से हुई नुकसान का मुआवजा दिलाने का भरोषा दिया।

## अंचलाधिकारी द्वारा विवादित भूमि मे कार्य किये जाने से रोक लगाने के बावजूद किया कार्य

**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत गोनिया पंचायत के गड़गोमा ग्राम के रामनाथ गंझु पिता स्वर्गीय भुनेश्वर गंझु ने दूसरा पक्ष रूपचंद्र राणा पिता स्व जागेसर राणा द्वारा विवादित भूमि मे कार्य किये जाने को लेकर सीओ प्रतिमा को आवेदन सौंपा. आवेदन के माध्यमे से रामनाथ गंझु ने अंचलअधिकारी को खाता संख्या 82 प्लॉट संख्या 1268 रकबा 1.54 एकड़ भूमि को लेकर दोनों पक्षों को नोटिस के माध्यम से अवगत कराया गया था की आज के बाद दोनों पक्ष कोई भी विवादित स्थल पर कार्य नही करेंगे। इसके बावजूद भी कानून को ताख मे रखकर दूसरा पक्ष रूपचंद्र राणा पिता स्व.जागेसर राणा कानून को उनंघन करते हुए बीते रात्रि दिनांक 18/05/2023 को विवादित स्थल पर अलवेस्टर चढ़ाने का कार्य किया । रामनाथ गंझु पिता स्वर्गीय भुनेश्वर गंझू ने बताया कि रूपचंद्र राणा को थाना द्वारा तथा अंचल अधिकारी द्वारा कार्य रोकने की निर्देशित करने के वाजूद कार्य को जारी रखे हुए हैं गैरकानूनी कार्य किया है जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

## टिकाकरण केंद्रों मे सीएचसी प्रभारी ने किया औचक निरीक्षण, लापरवाही देख बिफरे



जांच करते सीएचसी प्रभारी।

**बारियातू।** स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने को लेकर बालूमाथ सीएचसी प्रभारी डॉ सुरेश राम ने शनिवार को प्रखंड में चल रहे मातृ व शिशु टीकाकरण केंद्र इटके कर्बला, टोटी आंगनबाड़ी केंद्र शिबला टू ,बारा व बचरा का औचक निरीक्षण किया। निरक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र टोटी टू, के एएनएम कलावती अनुपस्थित पाई गई। वहीं शिबला टीकाकरण केंद्र में एएनएम प्रेमलता पर कार्ड बनाने के एवज मे पैसा वसूली करने व गोनिया मे उपस्वास्थ्य केंद्र होने के बावजूद प्रसव पीड़ा महिलाओ को केंद्र से 11 किमी दूर अपने आवास बारियातू मे प्रसव करवाने का शिकायत की कई महिलाओं ने शिकायत की. एएनएम प्रेमलता से इस संबंध मे पुछे जाने पर अपनी गलती स्वीकार करते हुए अब से दुबारा ऐसी गलती नही करने की बात कही। इस पर सीएचसी प्रभारी डॉ सुरेश राम ने दोनों टीकाकरण केंद्र के एएनएम से स्पष्टीकरण की मांग किया है। साथ ही दोषी एएनएम पर जांच कर कारवाई करने की भी बात कही। आगे कहा कि सभी एएनएम को बीपी, शुगर जांच करने का उपकरण व दवा साथ मे टीकाकरण केंद्र पर लाने का निर्देश दिया गया था। परंतु किसी एएनएम के पास नही पाया गया। जिसे लापारवाही बताते हुए टीकाकरण केंद्र पर उपर्युक्त उपकरण लाने का निर्देश दिया। मौके पर बीपीएम मृतूंजय कुमार, एमटीसी पंकज पांडेय, सहीत कई कर्मी मौजूद थे।

## जेल अदालत सह विधिक जागरूकता का हुआ आयोजन




जेल अदालत में कानून की जानकारी देते अतिथि।

**लातेहार।** झालसा, रॉची के निदेर्शानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार अखिल कुमार के आदेशानुसार जेल अदालत-सह-विधिक जागरूकता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मो. अब्दुल नसीर, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी लातेहार ने कैदियों को जागरूकता कैंप में अपने मुकदमें की स्थिति की जानकारी एवं अपने उपर लगे आरोप की जानकारी रखने के संबंध में काराधीन कैदियों को जागरूक किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मो. अब्दुल नसीर, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी लातेहार की उपस्थिति में एलएडीसी के अधिवक्ताओं ने सभी कैदियों को कानूनी रूप से जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया एवं छोटे-मोटे मुकदमों में सुलह समझौता से संबंधित विशेष रूप से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मो. अब्दुल नसीर, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी लातेहार ने कैदियों से उनकी समस्याऐं सुनी और उसके जल्द से जल्द निराकरण का आश्वासन दिया। मौके पर मंडल कारा, लातेहार के जेल अधीक्षक मेनशन बारवा, प्रभारी जेलर प्रदीप मुंडा मंडल कारा, लातेहार एवं व्यवहार न्यायालय, लातेहार के कर्मचारीगण उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन जेल अधीक्षक मेनशन बारवा के द्वारा किया गया।

# शिक्षित एवं जागरूक होकर हम शोषण एवं अत्याचार से बच सकते हैं: अखिल कुमार

# शिक्षित व जागरूक बनकर ही अंधविश्वास को खत्म करें: भोर सिंह यादव

## डायन प्रथा एक समाजिक बुराई , इसके खिलाफ कठोर कानून है: अंजनी अंजन

- डायन प्रथा एक समाजिक बुराई है, इसके खिलाफ कठोर कानून है: अंजनी अंजन
- बारेसांढ़ में विधिक अधिकरिकता शिविर का आयोजन किया गया

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार के तत्वाधान में रविवार को गारू प्रखंड के बारेसांढ़ में कानूनी आधिकारिकता शिविर का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार अखिल कुमार, उपायुक्त भोर सिंह यादव, पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने दीप प्रज्वलित कर आधिकारिकता शिविर का शुभारम्भ किया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने लोगों को संबोधित करते हुये कहा लोगों को कानून एवं अधिकारों के जानकारी देकर सशक्त बनाने सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से बारेसांढ़ जैसे सुदूरवर्ती क्षेत्र में कानूनी आधिकारिकता शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा शिक्षित एवं जागरूक होकर हम शोषण एवं अत्याचार से बच सकते हैं। उन्होंने कहा लातेहार जिला के कई ग्रामीण क्षेत्रों में मानव तस्कर सक्रिय हैं। वे नौकरी दिलाने का लालच देकर लड़कियों को बड़े शहरों में ले जाकर बेच देते हैं।




कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस शिविर का उद्देश्य लोगों को उसके कानूनी अधिकार के प्रति जागरूक एवं शिक्षित करना है। साथ ही साथ सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक कर लोगों को लाभ पहुंचाना है। इस दौरान उन्होंने डायन बिसाही कुप्रथा के बारे विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि डायन प्रथा एक समाजिक बुराई है। बीमार व्यक्ति का इलाज चिकित्सक से इलाज कराना चाहिए। ओझा-गुणी के अंधविश्वास से ग्रामीणों को बचने की आवश्यकता है। यह कुप्रथा है, कई लोग इसमें फंस जाते हैं। डायन प्रथा की रोकथाम के लिए सख्त कानून बना हुआ है। शिविर में संजीव कुमार दास अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार प्रतिषेध अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के जानकारी दिया एवं लोगों को जागरूक किया। अमित कुमार अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने पोक्सो एक्ट के बारे लोगों को जानकारी दिया। स्वाति विजय उपाध्याय ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा गरीब लोगों का न्यायालय में पक्ष रखने के लिए उपलब्ध कराये जाने वाले विधिक सहायता के बारे जानकारी दिया। शिविर में नुक्कड़ नाटक दिखाकर डायन बिसाही कुप्रथा, मानव तस्करी के रोकथाम हेतु लोगों को जागरूक किया गया। शिविर में पशुपालन, कृषि, शिक्षा, आपूर्ति, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, जेएसएलपीएस, कल्याण, सामाजिक सुरक्षा के द्वारा स्टॉल लगाया गया।

### परिसंपत्तियों का वितरण किया गया

पशुपालन विभाग द्वारा मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत दो दुधारू गाय वितरण किया गया। सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा सर्वजन पेंशन योजना के तहत स्वीकृति पत्र वितरित किया गया। जेएसएलपीएस के तहत 1.75 करोड़ रूपए का सीसीएल लिंकेज चेक प्रदान किया गया। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा बिरसा सिंचाई कूप योजना के तहत स्वीकृति पत्र वितरित किया गया। बिरसा मुंडा आम बागवानी योजना के तहत स्वीकृति पत्र वितरित किया गया। जॉब कार्ड वितरित किया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत स्वीकृति पत्र वितरित किया गया। श्रवण यंत्र, ट्राई साइकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, परियोजना निदेशक विंदेश्वरी ततमा, सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार शेखर कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ नीत निखिल सुरीन, जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष सिंह, जिला योजना पदाधिकारी संतोष भगत, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रेणु रवि व अन्य उपस्थित थे।



लाभुक को प्रशस्ती पत्र देते डीसी।

### अंधविश्वास को मन से खत्म करें: उपायुक्त

उपायुक्त लातेहार ने कहा कि शिविर का उद्देश्य गरीब जन, महिलाओं, पिछड़े वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी देना और उन्हें कानून एवं अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। आगे उन्होंने डायन बिसाही कुप्रथा, महिलाओं के विरुद्ध अपराध, महिला अधिकारों की जानकारी देते हुए कहा की अशिक्षा ही अंधविश्वास का जड़ है। शिक्षित बने और जागरूक हों। अंधविश्वास को मन से खत्म करें।

## भाजयुमो जिला अध्यक्ष ने शराब दुकान की अवैध वसूली की खोली पोल

- कहा कि प्रतीत हो रहा अवैध वसूली की मोटी रकम उत्पाद विभाग कर रहा हजम नहीं तो करे कार्रवाई : छोटू राजा
- बेरोजगार युवकों से उत्पाद विभाग ने नौकरी दिलाने के नाम पर किया अवैध वसूली



जानकारी देते भाजयुमो जिलाध्यक्ष।

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित अपने आवास पर भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष छोटू राजा ने प्रेस वार्ता कर लातेहार जिला में सरकारी शराब दुकान का संचालन करने वालों की अवैध वसूली का पोल खोल कर रख दिया है। दिन रविवार को भाजयुमो जिलाध्यक्ष छोटू राजा ने प्रेस वार्ता कर कहा कि जिस प्रकार वर्तमान सरकार में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, बलात्कार, डकैती, जमीन का अवैध तरीके से लूटपाट जैसे कई मामले हम लोगों को रोज देखने को मिलता है। जिसे लेकर हमारे नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के द्वारा भी इन सभी मामलों को प्रमुखता से लाया जा रहा है जिसमें उत्पाद विभाग के खिलाफ भी हमारे नेता प्रतिपक्ष के द्वारा बताया जा रहा है। इसी संदर्भ में आज मैं बताना चाहूंगा कि उत्पाद विभाग के द्वारा जो यहां पर बेरोजगार युवकों को नौकरी दिलाने के नाम पर अवैध वसूली किया गया है जिसका मेन पावर सप्लाई का काम जीडीएक्स कंपनी के द्वारा किया जा रहा है। इस संबंध में हमें बरवाडीह प्रखंड निवासी चंदन कुमार जो सरकारी शराब दुकान में कार्यरत हैं इनके द्वारा लिखित आवेदन दिया गया है कि हमसे जीडीएक्स कंपनी के दिनेश कुमार सिंह के द्वारा जो बिचौलिया का काम करते हैं बार-बार पैसे का डिमांड किया जा रहा है जबकि हमने इन्हें पूर्व में ही फोन पे के माध्यम से 20 हजार रुपए नगद दे दिया है। और अब दिनेश कुमार सिंह बिचौलिया के द्वारा हमें धमकाया जा रहा है कि और 30 हजार रुपए नहीं दीजिएगा तो आपको नौकरी से निकाल दिया जाएगा। वहीं भाजयुमो जिला अध्यक्ष ने कहा कि कुछ दिन पहले करीब दर्जनों युवक अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार को लिखित आवेदन दिए थे कि हम लोगों से नौकरी देने के नाम पर अवैध पैसा की वसूली किया गया है। लेकिन इस पर जिला प्रशासन के द्वारा अभी तक कोई कार्रवाई नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि बात इतने में ही खत्म नहीं होती है लातेहार जिला के कोई भी शराब दुकान में चले जाइए चाहे बरवाडीह, मनिका, चंदवा, लातेहार, बालूमाथ सभी जगह शराब की बोतल पर 10 रुपए से लेकर 40 रुपए तक की अवैध वसूली की जाती है। उन्होंने कहा कि खुद मैंने जब इसका तहकीकात किया,कई दुकानों में जाकर जांच किया तो सभी बातों पर सच्चाई पाया गया। हमने कई बार इस विषय में उत्पाद विभाग से भी शिकायत किया कि शराब की बोतल पर अवैध पैसा की वसूली बंद किया जाए पर आज तक अवैध वसूली बंद नहीं हुआ है। जिससे साफ प्रतीत होता है कि कहीं न कहीं उत्पाद विभाग के कर्मचारी भी इसमें संलिप्त है और अवैध उगाही की मोटी रकम उत्पाद विभाग को दी जा रही है इसलिए उत्पाद विभाग कार्रवाई करने से असमर्थ है। उन्होंने कहा कि अगर ऐसी बात नहीं है तो मैं उत्पाद विभाग एवं जिला प्रशासन से आग्रह करता हूं कि जो भी लोग ओवर रेटिंग कर रहे हैं और जो लोग इसमें संलिप्त है उन पर कठोर से कठोर कार्रवाई कीजिए ताकि यहां के आम आवाम की जेब कटने से बच सके।

## बेतला नेशनल पार्क के मुख्य गेट के समीप हिरण का शव बरामद

- प्रथम दृष्टया लेपर्ड द्वारा शिकार किए जाने की आशंका, रेंजर शंकर पासवान

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेतला।** पलामू टाइगर रिजर्व क्षेत्र के मशहूर रेंज बेतला नेशनल पार्क के मुख्य गेट के समीप रविवार की सुबह सड़क के किनारे हिरण का शव बरामद किया गया है, इस संबंध में मौके पर पहुंचे बेतला रेंजर शंकर पासवान, वनपाल उमेश दुबे ने अंदेशा लगाया की लेपर्ड का गतिविधि दो-तीन दिन से आसपास बना हुआ है, हो सकता है की लिपट के द्वारा ही इस हिरण का शिकार किया गया हो, आगे उन्होंने बताया कि हिरण का जिस जगह पर शिकार किया गया है उस जगह पर कैमरा लगाकर 2 से 3 दिनों तक गहन मॉनिटरिंग की जाएगी, ताकि वास्तविक सच्चाई पता चल जाएगा। लेपर्ड जिस जगह पर शिकार करता है उस जगह पर 2 से 3 दिन उस सव को खाने के लिए आते रहता है। पलामू टाइगर रिजर्व क्षेत्र में इन दिनों जंगली जानवरों का बेतहाशा मौत हो रही है,यदि वन विभाग के एक्सपर्ट इस मामले में सतर्कता और इमानदारी पूर्वक कार्य करें तो शायद जंगली जानवरों की मौत में कमी हो सकती है। बताते चलें पलामू टाइगर रिजर्व क्षेत्र में करीब 1 सप्ताह में चार हिरन समेत एक 5 माह के हथिनी के बच्चे की मौत अलग-अलग जगह और विभिन्न कारणों के द्वारा हो गया है। यदि लगातार इसी तरह से वन्य प्राणियों की मौत और विनाश होते रहा तो बहुत जल्द ही पलामू टाइगर रिजर्व का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा,एवं झारखंड का आन बान शान बेतला नेशनल पार्क वीरान हो जाएगा।

## केस नहीं उठाने पर तेतरिया खाड में ट्रक के प्रवेश पर लगाई रोक, डीसी से न्याय की गुहार



**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के तेतरिया खाड निवासी अविनाश कुमार रवि ने लातेहार उपायुक्त को आवेदन देकर हरिजन एक्ट के तहत किए गए मुकदमे को उठाने का दबाव देने का आरोप लगाया है। आवेदन में कहा गया है कि कुछ दिनों पूर्व मुझे आदित्य यादव एवं उसका भाई शंकर यादव दोनों पिता जुक्शा यादव एवं बसंत यादव पिता शुगन यादव सभी ग्राम पिण्डारकोम द्वारा मुझे जाति सूचक शब्द करते हुये गाली गलौज व मारपीट किया था। एवं मेरा मान सम्मान को हनन किया था। जिसको लेकर में 12 मार्च 2023 को हरिजन थाना आवेदन दिया था। जांच के बाद 27 मार्च को मेरा मुकदमा दर्ज कर लिया गया। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद तीनों व्यक्ति द्वारा मुझे केश उठाने के लिए दबाव दिया जा रहा है और धमकी दिया कि केश नही उठाओगे तो जीना मुश्किल कर देंगे। जिससे मैं काफी मानसिक रूप से प्रताड़ित हो रहा हूं। इनलोगों द्वारा मेरा ट्रक जेएच 19बी/ 5951 एवं जेएच19 सी /5494 को कोलियरी में चलने नही दिया जा रहा है जिससे मेरा काफी आर्थिक नुकसान हो रहा है। आय का स्त्रोत रोकने के कारण दैनिक कार्य के अलावे परिवार का भरण पोषण करना मुश्किल हो रहा है। जबकि सीसीएल तेतरिया खाड के विस्थापित परिवार के लिए आपसी सहमति में यह नियम बनाया गया है कि जिसका जमीन एवं स्थानीय व्यक्ति है और बसिया पंचायत के अंदर अंतर्गत रहने वाले हैं तो प्राथमिकता देते हुए सीरियल से गाड़ी कोलियरी में प्रवेश करेगा। मैं विस्थापित हु मेरा कोलियरी में 1 एकड़ 12 डिसमिल जमीन गया है तथा इस जमीन पर सीसीएल 32 वर्षों से उपयोग करते आ रही है।

## चंदवा के लुकुइया में डकैती, जांच में जुटी पुलिस

- घर मे अकेली युवती को बंधक बना कर किया जानलेवा हमला, ढ़ाई लाख की ज्वेलरी व 5 लाख नकद की लूट
- कुछ दिन पूर्व ही शमीम अंसारी ने 5 लाख में बेची थी जमीन, घर मे रखा था पैसा

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** थाना क्षेत्र के बोदा पंचायत अंतर्गत लुकुइया ग्राम में शमीम अंसारी की बेटी निखर परवीन (18) को अकेला पाकर बंधक बनाकर दिनदहाड़े ढाई लाख की ज्वेलरी व 5 लाख रुपए नकद लूट लिए जाने व निखर परवीन को मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल करने का मामला सामने आया है। घटना की सूचना के बाद प्रभारी थाना प्रभारी जमील अंसारी के नेतृत्व में चंदवा पुलिस की टीम घटना स्थल पहुंच कर जांच पड़ताल तेज कर दिया है। वहीं लुटेरों के हमले में गंभीर रूप से घायल निखर को चंदवा सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया गया, जहां वह जिंदगी व मौत से जंग लड़ रही है। मिली जानकारी के अनुसार शमीम अंसारी शनिवार को ही अपनी जमीन को पांच लाख रुपये में बेची थी। रविवार होने के कारण पैसे को बैंक में जमा नही कर पाया व घर में पैसे को रखा था। रविवार को शमीम अंसारी का पूरा परिवार लुकुईया आश्रम के समीप बन रहे नए घर मे काम करने गए वहीं शमीम की बेटी निखर घर के कामकाज को लेकर रुक गयी। इसी दौराम उसे अकेला पाकर 5-7 की संख्या में अपराधी मुंह में गमछा लपेटे आ धमके व उसे बंधक बनाकर उसके साथ मारपीट की व सर में प्रहार कर घायल कर दिया जिससे वे बेहोश हो गयी। जिसके बाद, बक्सा व अलमीरा को तोड़कर लगभग 5 लाख रुपये नकद व ढाई लाख रुपये के कीमती ज्वेलरी लेकर फरार हो गयी। घटना की भनक शमीम व उनके परिवार वालों को तब हुई जब वे सभी काम कर दोपहर घर लौटे तो घर पर बेटी बेसुध पड़ी थी व घर के सारे सामान बिखरे पड़े थे। इधर चंदवा पुलिस मामले में अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है।



डकैती के बाद बिखरे सामान।

## पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने कि झड़प



**लातेहार।** जिला मुख्यालय से महज तीन किलोमीटर की दूरी में एक गांव है। जिसका नाम केडु बिछला टोला चंद्रवंशी मुहल्ला है जो सदर प्रखंड के मोंगर पंचायत अंतर्गत आता है। इस मोहल्ले में करीब 40 घर हैं। जिसमें चंद्रवंशी समुदाय तथा आदिवासी समाज के लोग रहते हैं। परंतु दुर्भाग्य की बात यह है कि एक चंपाकल के सहारे लोग अपना खाना, पीना, नहाना, सारा काम इसी के सहारे होता है। यहां एक चापाकल के अलावे अन्य कोई पानी का स्त्रोत नहीं होने के वजह से यहां सुबह शाम पानी को लेकर लड़ाई होता है। अब तो पानी को लेकर लड़ाई इतनी बढ़ चुकी है कि लोग थाने तक पहुंच गए। इसके साथ ही पानी को लेकर एक ही गांव मोहल्ले के निवासी एक दूसरे के दुश्मन बन चुके हैं। इस संबंध में ग्रामीणों से पूछे जाने पर कहा कि हम लोगों के मोहल्ले में एक ही चापाकाल है जिससे गर्मी के दिनों में पानी काम आता है और लोगों के पानी की आवश्यकता गर्मी के दिनों में अत्यधिक हो जाती है जिस कारण सुबह-शाम पानी को लेकर नोकझोंक लोग करने लगते है। इसके साथ है ग्रामीणों ने बताया कि कई पदाधिकारी गण को इसकी सूचना दे चुके हैं परंतु कोई हमारी शुद्ध लेने वाला नहीं है। इस मौके पर सविता देवी, प्रभा देवी, शोभा देवी, रंजू देवी, शिव देवी, रंजना देवी मौजूद थे।

## 21 किलोमीटर की दौड़ लगाने पहुंचे पूर्व विधायक

### 52 विधानसभा में कुल 2100 किलोमीटर लगा चुके दौड़

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका विधानसभा में 21 किलोमीटर का दौड़ लगाने सिल्ली विधानसभा के झामुमो के पूर्व विधायक अमित महतो पहुंचे। जहां अपने समर्थकों के साथ प्रखंड के जान्हों ग्राम से पटना, बकोरिया होते हुए मनिका सिंजो तक 21 किलोमीटर की दौड़ लगाकर झारखंड सरकार का विरोध जताया। वहीं श्री महतो के साथ दौड़ लगा रहे युवक झारखंड सरकार हाय हाय,हेमंत सोरेन होश में आओ,60-40 नई चलतो आदि नारा लगाते हुए 21 किलोमीटर का यात्रा तय किया। वहीं झारखंड के 52 विधानसभा में अभी तक 2100 किलोमीटर का दौड़ लगाकर रिकॉर्ड कायम किया। मौके पर उपस्थित सिली के पूर्व विधायक अमित महतो ने बताया कि झारखंड के सरकार सत्ता के नशे में चूर होकर कार्य कर रही है यहां के स्थानीय युवा बेरोजगार हैं इस पर सरकार किसी प्रकार का कोई योजना नहीं बना रही है चुनाव के समय हेमंत सरकार जो वादा किए थे उस पर सरकार कार्य नहीं कर पा रही है जब तक यहां के स्थानीय युवक सरकारी कुर्सी पर नहीं बैठेंगे तब तक इस झारखंड का विकास संभव नहीं है। क्योंकि झारखंड का ओरिजिनल झारखंडी वही है जिसके पास खतियान है इन्हीं सब मुद्दों के हेमंत सोरेन की सरकार बनी थी लेकिन सरकार बनते ही इन सब मुद्दों पर कोई कार्य नहीं हो रही है यहां तक कि स्थानीय युवा युवती का ख्याल नहीं रखते हुए 60-40 का फामूर्ला लागू किया है जिसे अपने हमलोग झारखंड में नहीं चलने देंगे चाहे सरकार किसी भी पार्टी की हो। इन्हीं सब मुद्दों को लेकर हमने 1 वर्ष पूर्व झारखंड मुक्ति मोर्चा के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है हमने झारखंड को सुझाव देने का काम किया था कि जिस मुद्दे पर सरकार बनी है उसको पूरा किया जाए लेकिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन यहां के झारखंडियों को धोखा देने का काम किया है। श्री महतो ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड में खतियानी जोहार यात्रा निकालने का काम किए थे वह पूरी तरह झूठा साबित हुआ। खतियानी जोहार यात्रा में एक तरफ सरकार खतियान की बात करती हैं। वहीं दूसरी ओर 60-40 का फामूर्ला लागू करती है उन्होंने कहा कि खतियानी जोहार हमारा ही दिया हुआ नाम है जिसको चुराकर मुख्यमंत्री पूरे झारखंड में घूमने का काम कर रहे हैं। मौके पर मुकेश कुमार, उपेंद्र पासवान, रविकांत कुमार, चंद्रवंशी, पवन चंद्रवंशी, विद्यानंद कुमार, अमित कुमार, विकास कुमार, विवेक कुमार, टिंकू कुमार, धर्मेंद्र कुमार, मंकु कुमार, समेत कई युवा उपस्थित थे।



पूर्व विधायक के साथ उपस्थित लोग।

## भीषण गर्मी के बीच चंदवा के हिसरी महुआटोली में पेयजल संकट

- टोले में दर्जन भर स्थानों पर किया गया है बोरिंग, एक्का-दुक्का से आ रही है पानी

खबर मन्त्र संवाददाता



गुहार लगाते ग्रामीण।

**चंदवा।** इस वर्ष गर्मी का प्रकोप सितम ढा रहा है। चंदवा में पारा के 41 डिग्री के पार करने के बाद भीषण गर्मी के कारण जल स्त्रोत सूखने लगे है व गावों में जल संकट गहराने लगा है। प्रखंड के कामता पंचायत अंतर्गत हिसरी महुआटोली के ग्रामीणों को पेयजल के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण कामेश उरांव, शानिचरिया देवी, अनिता देवी, सारो देवी, लालमुनि देवी, सुगमती देवी, रविन्द्र भोगता, शंकर तुरी, गंगलु उराँव, तेतर उराँव, अमृत तुरी, संदीप उरांव, विकाश गंझू समेत अन्य ने बताया कि गांव में लगभग एक दर्जन स्थानों पर चापानल, जल मीनार व नल जल योजना को लेकर बोरिंग की गई है, लेकिन एक दो चापानलों को छोड़कर बाकी बोरिंग डेड हो गया। वहीं जल नल को लेकर भी टोले में 2-3 स्थानों पर बोरिंग हुई है लेकिन वह भी डेड साबित हुआ है। जिस कारण ग्रामीणों को पेयजल के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण पानी के लिए त्राहिमाम कर रहे हैं। ग्रामीणों ने नल जल योजना लगाने का कार्य कर रहे संवेदक पर अनियमितता का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का आरोप है कि संवेदन के द्वारा गैर जरूरी स्थान पर बोरिंग की जा रही है साथ ही बोरिंग की गहराई भी कम किया जा रहा है जिस कारण पानी ही नही आ रहा है। इधर नल जल लगा रही कम्पनी के प्रतिनिधि से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि नल जल को लेकर कई स्थानों पर बोरिंग की गई, लेकिन पानी नहीं निकला है। नए सिरे से स्थान का चयन कर बोरिंग की जाएगी।

स्पीड न्यूज

## याद किये गये पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी

**बेगूसराय।** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को उनकी पुण्यतिथि पर रविवार को जिला कांग्रेस भवन में श्रद्धापूर्वक याद किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस जिला अध्यक्ष अर्जुन सिंह ने की। जिलाध्यक्ष अर्जुन सिंह ने कहा कि राजीव गांधी के त्याग और बलिदान को देश कभी नहीं भूल सकता है। उन्होंने देश को 21वीं सदी में लाने का काम किया। जिला उपाध्यक्ष डॉ रजनीश कुमार ने कहा कि देश में पंचायतीराज सशक्तीकरण और महिला सशक्तिकरण के महानायक राजीव गांधी का भारत देश सदा ऋणी रहेगा।

## रामनारायण साह शिक्षक प्रतिनिधि चुनाव में विजयी

**अररिया।** फारबिसगंज के जीरा देवी शीतल साह महिला महाविद्यालय के शिक्षक प्रतिनिधि के चुनाव में डॉ रामनारायण साह निर्वाचित हुए हैं। पूर्णिया विश्वविद्यालय के पर्यवेक्षक डॉ केडी पोद्दार की मौजूदगी में रविवार को हुए चुनाव में 32 में से 30 मतदाताओं ने मतदान की प्रक्रिया में भाग लिया, जबकि दो मतदाता चुनाव से अनुपस्थित रहे। शिक्षक प्रतिनिधि के रूप में दो उम्मीदवार आमने-सामने थे। इसमें डॉ रामनारायण साह को 18 और उनके विपक्ष में खड़े प्रो सच्चिदानंद सिंह को 12 मत मिले। इस तरह, डॉ रामनारायण साह को छह मतों के अंतर से पर्यवेक्षक डॉ केडी पोद्दार ने निर्वाचित घोषित किया।

## बाढ़ पूर्व तैयारी में लगा गोपालगंज जिला प्रशासन

**गोपालगंज।** स्वास्थ्य विभाग संभावित बाढ़ और उससे उत्पन्न बीमारियों को रोकने की तैयारी में जुट गया है। बाढ़ प्रभावित इलाकों में इलाज और दवाएं उपलब्ध करायी जायेंगी। नौका पर अस्थायी अस्पताल की व्यवस्था रहेगी, जो बाढ़ के कारण सड़क का संपर्क टूट जाने और जल जमाव वाले इलाकों में भ्रमण करेगी। इस बाबत स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव ने सभी प्रमंडलीय आयुक्त, जिलाधिकारी और सिविल सर्जन को संभावित बाढ़ और उससे उत्पन्न होने वाली जल जनित बीमारियों की रोकथाम की तैयारियां पूरी कर लेने के निर्देश दिये हैं।

## प्रशिक्षण के लिए मुंबई रवाना हुईं 20 छात्राएं

**बेगूसराय।** वीमेन इन साइंस एंड इंजीनियरिंग फ्रॉम रूरल पार्ट्स ऑफ इंडिया प्रोजेक्ट (वाइज) के तहत व्यावहारिक पहलुओं से जुड़े कौशल के विशेष प्रशिक्षण के लिए बेगूसराय की 20 छात्राएं रविवार को मुंबई के लिए रवाना हो गयीं। ग्रामीण भारत और कस्बाई नगरों में उन्नत मेधा वाली बालिकाओं के बीच विज्ञान, तकनीक, अभियांत्रिकी और गणित के क्षेत्र में श्रेष्ठ परिणाम प्राप्त करने संबंधी उत्कृष्ट शिक्षण प्रक्रिया को लक्षित एवं आइआइटी बांबे द्वारा संचालित वाइज प्रोजेक्ट की पांच दिवसीय कार्यशाला में देश भर से चयनित दो सौ छात्राएं शामिल हो रही हैं।

# सभी विपक्षी दलों को साथ आना होगा : नीतीश

## दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मिले बिहार के सीएम

खबर मन्त्र संवाददाता



**पटना/नयी दिल्ली।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ विपक्षी एकता को एकजुट करने में लगे हुए हैं। इसी क्रम में रविवार को सीएम नीतीश कुमार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मिलने उनके घर पहुंचे। केजरीवाल से नीतीश की यह दूसरी मुलाकात है। नीतीश कुमार के साथ बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव भी मौजूद रहे।

इस दौरान नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली (संशोधन) अध्यादेश 2023 को गैर-जरूरी बताते हुए कहा कि वे लोग इस मामले में केजरीवाल के साथ हैं। नीतीश ने कहा कि बीजेपी के खिलाफ ज्यादा से ज्यादा विपक्षी दलों को एक साथ मिल कर अभियान चलाना होगा। वहीं, अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मंगलवार को वह बंगाल की सीएम ममता बनर्जी से मुलाकात करेंगे। उसके बाद तमाम दलों के अध्यक्ष से मिलेंगे। केंद्र द्वारा दिल्ली में एनसीसीएसए बनाने के लिए लाये गये अध्यादेश पर हम सभी दलों से समर्थन की अपील करेंगे।

दरअसल, जब से नीतीश कुमार ने एनडीए से अलग होकर महागठबंधन की सरकार बनायी है, तब से वे लगातार भाजपा के खिलाफ मजबूत मोर्चा बनाने की कोशिश कर रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने दिल्ली, कोलकाता, लखनऊ, भुवनेश्वर, मुंबई और रांची का दौरा भी किया था। वहां उन्होंने मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, अरविंद केजरीवाल, सीताराम येचुरी, डी. राजा, ममता बनर्जी, अखिलेश यादव, नवीन पटनायक, उद्धव ठाकरे, शरद पवार और हेमंत सोरेन से मुलाकात की थी। पटनायक के अलावे सभी नेताओं से उनकी मुलाकात सकारात्मक रही है।

## संस्कृति और सभ्यता को बचाये रखने की है सामूहिक जिम्मेदारी : गागराई



खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** पौराणिक कथाओं पर छऊ नृत्य कलाकारों ने एक से बढ़कर एक छऊ नृत्य पेश किया। मौका था चक्रधरपुर की केनके पंचायत के सरजमहातु गांव में शिव महा पाउड़ी पर्व पर आयोजित छऊ नृत्य का। इस अवसर पर मुख्य रूप से पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव डॉ विजय सिंह गागराई उपस्थित हुए। उन्होंने पूजा अर्चना कर व फीता काटकर छऊ नृत्य का शुभारंभ किया। इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी। केनके पंचायत के अलावे नलिता, भरनिया, टोकलो, रोलाडीह समेत अन्य गांवों से बड़ी संख्या में महिला व पुरुष ग्रामीण उपस्थित हुए। सरजमहातु व अन्य गांव के कलाकारों ने शिव वंदना, रामायण, भगवान गणेश कार्तिक की कथा समेत अन्य पौराणिक कथाओं पर एक से बढ़कर एक छऊ नृत्य की। गांव के शिव मंदिर के समीप मेला भी लगाया गया जहां खान-पान के सामानों की दुकानें अलावे बच्चों के खिलौने इत्यादि की दुकानें सजी थी। रविवार को मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने अंगारों पर चलकर अपनी आस्था प्रकट की। इस अवसर पर समाजसेवी डा. विजय सिंह गागराई ने कहा कि हमें अपनी सभ्यता व संस्कृति को जीवित रखने के लिए सभी को आगे आना होगा। यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।

## दुमका में जदयू ने सदस्यता अभियान को लेकर कार्यकर्ताओं संग की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** जिला जदयू ने सदस्यता अभियान को गति देने के लिए रविवार को कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मुख्य रूप से बिहार के बेलहर विधायक सह जदयू झारखंड के सह प्रभारी मनोज यादव शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष राजू तिवारी ने की।

कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष उदय कुमार सिंह के नेतृत्व कार्यकताओं ने गर्म जोशी से स्वागत किया। सह प्रभारी मनोज यादव ने कहा कि जदयू के लिए एक एक कार्यकर्ता महत्वपूर्ण है। नीतीश कुमार के विचार से प्रभावित होकर विभिन्न पाटियों के हजारों लोग जदयू जुड़ रहे हैं। जदयू प्रमुख नीतीश कुमार का प्रभाव पूरे देश में दिख रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश महासचिव श्रवण कुमार ने कहा कि भाजपा के शासन में देश में भ्रष्टाचार चरम पर है।

जिला अध्यक्ष ने कहा कि जिला में सदस्यता अभियान जोरों से चल रहा है। लोग जदयू के ओर आकर्षित होकर सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। जिले में सदस्यता अभियान को गति दिया जारी है। प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक सह दुमका प्रभारी कामेश्वर नाथ दास ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विचारों को जन जन तक पहुंचा कर ज्यादा से ज्यादा लोगों को जदयू की सदस्यता दिलाने का अपील किया। जरूरत महसूस हो तो शिविर लगाकर सदस्यता अभियान चलाने की अपील की। मौके पर उपाध्याय हैदर अली, मीडिया प्रभारी बच्चन कुमार, नगर अध्यक्ष राजू तिवारी, नेता रंजीत जसवाल, गुलाम सरवर, गणेश मिस्त्री, जिला सचिव बैकुंठ शर्मा, सरैयाहाट प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र मांझी, रानेश्वर प्रखंड अध्यक्ष मुस्तकीम अंसारी, शिकारीपाड़ा प्रखंड अध्यक्ष मुसाफिर अंसारी, नंदा, नाजिर अंसारी, एनुल अंसारी, सहदुल अंसारी, मिथुन अंसारी, बीरू पंडित, शंकर चौधरी, मुकेश सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

## मणिपुर में शांति बहाल करने को निकाला गया कैंडल मार्च




खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** मणिपुर में शांति व सद्भावना के लिए रविवार को शहर में कैंडल मार्च निकाला गया। शांति सद्भावना व भाईचारे के लिए निकाले गए इस मार्च शहर के अनेक संगठनों ने शिरकत किया। अंत बर्च एसोसिएशन ऑफ संथाल परगना ने इस मार्च में विशेष भूमिका निभाई। यह मार्च मणिपुर में शांति एवं सद्भावना स्थापित करने के लिए एकजुटता एवं प्रार्थना का प्रतीक था।

बता दें कि 3 मई के बाद मणिपुर में हुई हिंसा में कई जाने गईं और घरों को जलाकर नष्ट कर दिया गया। घर में रखे सामानों को लूटा गया और यहां तक कि पूजा स्थलों को भी आग के हवाले किया गया। इस अमानवीय कृत्य से हजारों लोग बेघर हो गए है। प्रदेश के राहत शिविरों में रहने को मजदूर मजबूर हैं। परिस्थितियां जो भी हो, समस्याएं जैसी और जितनी भी बड़ी हो आपसी संवाद के जरिए हल की जानी चाहिए थी। समुदाय के लोग आक्रोश में आपस में जूझ ही रहे थे। उन्हें नैतिकता, कानून व सौहार्द का भान न रहा। लेकिन राज्य सरकार भी अपने संवैधानिक उत्तरदायित्व को निभाने में विफल रही।

## पहले मैं बिहार को पूरी तरह जानना चाहता हूं : राज्यपाल

**बगहा।** राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर रविवार को वाल्मीकि नगर पहुंचकर वाल्मीकि व्याघ्र परियोजना वन प्रमंडल-2 के मुखिया, वार्ड सदस्य, जिला परिषद, सरपंच आदि अन्य जनप्रतिनिधियों की समस्याओं को गौर से सुना। उन्होंने वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक भी की। समस्याओं को सुनने के पश्चात राज्यपाल ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि सभी छोटी-बड़ी समस्याओं को देख उन्हें जल्द से जल्द दूर करें। राज्यपाल ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि मुझे वाल्मीकि नगर आकर और यहां के क्षेत्रों के जनप्रतिनिधि और लोगों से मिलकर बहुत खुशी हुई है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों ने बहुत ही अच्छे तरीके से अपनी समस्याओं को रखा। राज्यपाल ने कहा कि मैं बिहार की समस्याओं को जानने से पहले बिहार को पूरी तरह जानना चाहता हूं, तभी जाकर बिहार के समस्याओं से अवगत हो पाऊंगा।

## कोलकाता रवाना हुई शाह स्पोर्ट्स एकेडमी की टीम



खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** कोलकाता में आयोजित लीग क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए शाह स्पोर्ट्स क्रिकेट एकेडमी चक्रधरपुर की टीम रविवार को इस्पात एक्सप्रेस से रवाना हुई। टीम को रवाना करने के लिए एकेडमी के सचिव शाहनवाज अंसारी, मजहर शम्सी स्टेशन पहुंचे थे।

कोच मोहम्मद ओवैश अंसारी के साथ कप्तान राजकिशोर तिग्गा, उप कपतान हर्ष बाजरा, फैजान सुहैल अंसारी, सोनू कुमार, रमन महतो, अयान, तनिष तांती, जाएद शेख, रोहन पासवान, चंदन पासवान, देव महतो, मुजम्मिल रजा, कमलेश महतो, मुदस्सिर नवाज टीम के साथ रवाना हुए।

इस मौके पर एकेडमी के अध्यक्ष मनोज भगेरिया ने टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उम्मीद जतायी कि कोलकाता में टीम का प्रदर्शन बेहतर रहेगा तथा खिलाड़ी वहां से बहुत कुछ सीखकर आएंगे। एकेडमी के सदस्य मंजर आलम, शाकिर अहमद, सोहैल अहमद, साजिद हुसैन ने भी टीम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जतायी।

# नवादा के लाल शान ने टी-सीरीज में बनायी पहचान

## 'रब का इशारा' वीडियो एलबम के न केवल गायक हैं, कंपोजर व म्यूजिक डायरेक्टर भी हैं

खबर मन्त्र संवाददाता



**नवादा।** नवादा के युवा गायक अपनी आवाज का जादू बिखेरने में कामयाब रहे और अब देश की सबसे प्रतिष्ठित म्यूजिक कंपनी टी-सीरीज के साथ मिल कर धमाल मचा रहे हैं। टी-सीरीज के साथ उनका पहला म्यूजिक वीडियो एलबम रिलीज हो चुका है और चार्ट बस्टर साबित हो रहा है। 'रब का इशारा' टाइटिल के इस वीडियो एलबम के प्यार भरे गाने को शान लोचन सिंह ने न सिर्फ अपनी खूबसूरत आवाज से सजाया है, बल्कि इस गाने के म्यूजिक कंपोजर व म्यूजिक डायरेक्टर भी वही हैं। इससे पहले जी म्यूजिक कंपनी के साथ भी शान ने शानदार काम कर लोगों को प्रभावित किया था, जबकि इससे पूर्व भी उनके अपने स्तर से दर्जनों म्यूजिक एलबम आये और छा चुके हैं।

शान लोचन सिंह ने नवादा के न्यू एरिया स्थित अपने आवास पर माता-पिता के सानिध्य में रविवार को म्यूजिक वीडियो एलबम को रिलीज किया। नरहट स्थित नारायणपुर के मूल निवासी अधिवक्ता राम विनय कुमार व गृहिणी विनीता देवी के पुत्र शान ने केक काटकर एलबम को रिलीज किया। शान ने बताया कि वीडियो एलबम के निर्देशक रवि चौधरी हैं। जबकि, म्यूजिक अरेंजर देवजीत रॉय चौधरी हैं।

कोलकाता में इस वीडियो की शूटिंग की गयी। इसमें अभिनेता नील रॉय तथा अभिनेत्री श्रेयसा घोष ने अभिनय के जलवे बिखेरे हैं। रॉबिन रॉय चौधरी के इस प्रोजेक्ट के गीतकार कनिष्क शुक्ला हैं। टी-सीरीज पॉप चार्ट बस्टर द्वारा रिलीज एलबम के बेहद मेलोडियस इस गाने को जवां दिल युवाओं ने अपने दिल की कहानी मान हाथों हाथ लिया है।

अपनी सफलता से उत्साहित शान कहते हैं कि इसके साथ ही वह अपने अगले प्रोजेक्ट मिलना पड़ेगा सनम का हाल फिलहाल का काम भी समाप्त कर चुके हैं, जो जल्द ही रिलीज होने वाली है। इसके अलावा चाहत मेरी एलबम जून या जुलाई में रिलीज होगी, जो एक बड़े म्यूजिक कम्पनी के साथ आयेगी। उल्लेखनीय है इससे पहले गायक शान गीतकार राजेश मंझवेकर के लिखे भजन मैया जयजयकारा और लव सांग बेवफा जैसे सुपर हिट गाने दे चुके हैं, जिसके कॉलर ट्यून लाखों लोगों के मोबाइल में अब भी सज रहे हैं।

## अनियमित विद्युत आपूर्ति में सुधार लाये विभाग : रमेश ठाकुर



**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर नगर कांग्रेस के अध्यक्ष रमेश ठाकुर अनियमित विद्युत आपूर्ति को लेकर विभाग के प्रति नाराजगी जाहिर की है। इसे लेकर उन्होंने विभाग के खिलाफ आंदोलन करने की चेतावनी दी है। साथ ही अपनी नाराजगी को लेकर सहायक अभियंता कफील अंसारी से दूरभाष पर वार्ता की। रमेश ठाकुर ने सहायक अभियंता से विद्युत कटौती पर जानकारी मांगी और सुधार की मांग की। सहायक अभियंता ने कांग्रेस नेता से दो दिनों का समय लेते हुए कहा कि तकनीकी कारण या पावर कम मिलने के कारण बिजली कटौती हो रही है। हालांकि उन्होंने नगर कांग्रेस अध्यक्ष रमेश ठाकुर को आश्वस्त किया कि दो दिनों के भीतर स्थिति में सुधार कर लिया जाएगा।

## एक नजर में

### भाजपा चलायेगी महाजनसंपर्क अभियान : सम्राट चौधरी

**पटना।** बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी एक महीने (30 मई से 30 जून) तक पूरे प्रदेश में महा जनसंपर्क अभियान चलाने जा रही है। इसे लेकर ही भाजपा कार्यालय में बैठकों का दौर जारी है। सम्राट चौधरी ने कहा कि इस कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री को भी हम लोगों ने बिहार आने का आमंत्रण दिया है, हो सकता है तो प्रधानमंत्री भी इस दौरान बिहार आ सकते हैं। वहीं जब उनसे पूछा गया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रविवार को अरविंद केजरीवाल से दिल्ली में मुलाकात किये हैं, तो उन्होंने कहा कि इससे कुछ होने वाला नहीं है। जब स्वयं को ही वह प्रधानमंत्री घोषित कर चुके हैं, फिर वह कुछ भी कर रहे हैं, हमारे समझ में उनको कोई फायदा होने वाला नहीं है।

### जयनगर से ट्रेनों की संख्या में हुई बढ़ोतरी

**मधुबनी।** मधुबनी जिला में भारत-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के जयनगर रेलवे स्टेशन से ट्रेनों का परिचालन बढ़ा दिया गया है। रेलवे प्रशासन ने रविवार को सूचना सार्वजनिक की है। बताया कि जयनगर-जनकपुरधाम रेल यात्रियों की भीड़ धीरे-धीरे बढने लगी है। जयनगर से दानापुर पटना के बीच चलने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन अब रविवार को भी शुरू किया जायेगा। हाजीपुर जोन को यहां से भेजा गया प्रस्ताव स्वीकृत होने की सूचना रविवार को सार्वजनिक की गयी। रेलवे के हाजीपुर जोन ने इसकी मंजूरी दी है। रेलवे बोर्ड ने जयनगर एवं सहरसा से पटना के बीच चलने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन का फेरा बढ़ा दिया है। प्रतिदिन इंटरसीटी ट्रेन परिचालन के संबंध में पत्र जारी होने की खबर है। दोनों ट्रेनों को प्रतिदिन चलाने की हरी झंडी मिलने की सूचना है। बताया गया कि पटना से जयनगर व जनकपुर नेपाल जाने वाले यात्रियों को इससे काफी सहूलियत होगी।

### शादी में शामिल होने गये बहनोई की सड़क हादसे में मौत

**बेगूसराय।** जिले के छौड़ाही सहायक थाना क्षेत्र स्थित पीरनगर के समीप शनिवार की देर रात सड़क हादसे में बखरी थाना क्षेत्र के राटन चकरघट्टी टोला निवासी मिथिलेश कुमार की मौत हो गयी। मृतक की पत्नी ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। बताया जा रहा है कि मिथिलेश कुमार पत्नी नेहा कुमारी के साथ शनिवार को चौफेर गांव में स्थित ससुराल साला की शादी में शामिल होने गया था।

## पेज 1 का शेष

### पाक ने हमले ...

भारत इस वर्ष जी-20 की अध्यक्षता कर रहा है। इसी कड़ी में सोमवार से श्रीनगर में पर्यटन ग्रुप की बैठक होने वाली है।

**जी-20 मेहमानों का गुलमर्ग दौरा रद्द :** जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा कारणों के चलते विदेशी मेहमानों का गुलमर्ग दौरा रद्द कर दिया गया है। सूत्रों के अनुसार, 26/11 जैसे आतंकी हमले की साजिश के खुलासे के बाद यह बड़ा कदम उठाया गया। श्रीनगर से गुलमर्ग से स्की रिजॉर्ट की दूरी करीब 55 किमी है। **सुरक्षा अत्यंत कड़ी :** सोमवार से शुरू हो रही तीन दिवसीय बैठक के लिए श्रीनगर शहर को सजाया गया है। राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) और मरीन कमांडो आयोजन स्थलों की सुरक्षा में पुलिस तथा अर्द्धसैन्य बलों की मदद कर रहे हैं।

### लोगों को लड़ाने...

भाजपा पर कटाक्ष करते हुए सीएम ने कहा, उनलोगों के पास ना ही कोई विजन है ना कोई मुददा। यही कारण है कि वे लोग सिर्फ एनआरसी और समाज को लड़ाने का काम करते हैं। वहीं सीएम ने कहा कि घुसपैठ रोकना केंद्र सरकार का काम है।

**भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं :** संथाल में भाजपा नेता और पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के एनआरसी वाले बयान पर सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड में भाजपा नेताओं के पास कोई मुद्दा बचा नहीं है। वे ऐसे-ऐसे संदेश देते रहते हैं जिससे देश में एक भय का वातावरण बने। हेमंत ने कहा कि ये वो लोग या समूह हैं जो देश के अंदर अमन-चैन और शांति के माहौल को बर्दाश्त नहीं कर सकते। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि आज मणिपुर में क्या हो रहा है, असम में कुछ दिन पहले क्या हुआ था। आने वाले दिनों में कर्नाटक जैसा माहौल देश भर में होगा।

**गुलाबी नोट का जीवन इतना छोटा होना दुखद :** एक सवाल के जवाब में सीएम ने कहा कि हर चीज की एक उम्र सीमा होती है। पर 2000 के नोट की आयु इतनी छोटी यानी महज 6 साल की होगी इसका अंदाजा किसी को नहीं था। यह केंद्र सरकार का लिया गया एक राजनीतिक फैसला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इनको लगता है कि ऐसे निर्णय उसे वह अपना राजनीतिक वजूद बचा पायेंगे, लेकिन अब देश की जनता अच्छे तरीके से सब समझ और देख रही है और भाजपा को इसका कोई लाभ नहीं मिलने वाला है। **कई लोगों ने दी श्रद्धांजलि :** मौके पर मंत्री हफीजुल हसन अंसारी एवं विधायक सीता सोरेन सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। श्रद्धांजलि देने के बाद श्री सोरेन ने कहा कि झारखंड आंदोलन के अगुवा और वीर माटी पुत्र बड़े भाई स्व दुर्गा सोरेन जी का पुण्यतिथि दिवस है। पुण्यतिथि के मौके पर हम सभी लोग उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर रहे हैं। दुर्गा सोरेन की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल नेताओं ने पार्टी संगठन को मजबूत करने में दुर्गा सोरेन के योगदान को याद किया।

### पूरा झारखंड भीषण...

पिछले एक सप्ताह से राजधानी रांची का अधिकतम तापमान लगातार 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास है। मौसम विभाग के आंकड़े के मुताबिक डालटेनगंज का अधिकतम तापमान 43 डिग्री रहा। जमशेदपुर का तापमान 41.4 डिग्री रहा।

**रिम्स में बढ़ रही मरीजों की संख्या :** लगातार बढ़ती गर्मी से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लू लगने के कारण अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ रही है। रिम्स प्रबंधन के मुताबिक मेडिसिन विभाग में औसतन एक चौथाई मरीज लू लगने के कारण इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। औसतन 150 मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। इनमें लू लगने से बीमार मरीजों की संख्या 35-38 रहती है। अधिकांश मरीजों को लूज मोशन और उल्टी हो रही है। डाक्टरों के अनुसार अचानक एसी से बाहर धूप में निकलने से स्किन में लाल दाग-धब्बा हो रहा है। ऐसा करने से लोगों को बचने की जरूरत है।

### बिना किसी पहचान...

**नोट बदलने की प्रक्रिया :** एसीआइ गाइटलाइन के अनुसार 2000 रुपये के नोट अपने नजदीकी बैंक की किसी भी शाखा में जाकर बदल सकते हैं। आरबीआइ के ऐलान के अनुसार एक बार में 2000 रुपये के 10 नोट यानी 20 हजार रुपये बदलवा सकते हैं। अगर आपका बैंक में अकाउंट है तो आप एक बार में कितने भी 2000 रुपये के नोट डिपॉजिट करवा सकते हैं। यदि बैंक अकाउंट नहीं है तो घबराएं नहीं, आप किसी भी बैंक के ब्रांच में जाकर नोट बदलवा सकते हैं। उस बैंक में आपका अकाउंट हो यह जरूरी नहीं है।

**नोट बंद करने का कारण :** नवबंर 2016 में केंद्र सरकार ने नोटबंदी का ऐलान किया था। उस समय 500 और 1000 रुपये के नोट बंद कर कर दिये गये थे। इसकी जगह नये पैटर्न में 500 और 2000 रुपये के नए नोट जारी किये। केंद्र सरकार ने कहा कि इससे कालाबाजारी और टेररफंडिंग को रोकने में मदद मिलेगी, लेकिन नोटबंदी के अगले दो सालों में पकड़े गये नकली नोटों में 56 फीसीद हिस्सा 2000 रुपये के नोटों का था। 31 मार्च 2023 तक 2000 रुपये के 181 करोड़ नोट चलन में थे, जिसका मूल्य 3.62 लाख करोड़ रुपये था। 2016 में ये कुल करेंसी वैल्यू का लगभग आधा यानी 50 फीसदी था, जो 2023 में 13.8 फीसदी बचा है। आरबीआई ने कहा कि इसका ऑब्जेक्टिव पूरा होने के बाद 2018-19 में इसकी प्रिटिंग बंद करा दी गयी थी। इसके अलावा आरबीआई के एक रिसर्च में 2000 रुपये का नोट लोगों के बीच ज्यादा इस्तेमाल नहीं किया जा रहा था। लोग लेन-देन के लिए 100 रुपये के नोट का अधिक इस्तेमाल कर रहे थे।

# अपनत्व से होगा रूस-यूक्रेन युद्ध का अंत

## जी-7 शिखर सम्मेलन में मोदी ने शक्तिशाली सात देशों को भगवान बुद्ध के संदेश पर चलने का किया आह्वान

**एजेंसी**

**हिरोशिमा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रूस यूक्रेन के बीच टकराव को समाप्त करने के लिए विश्व के सर्वाधिक समृद्ध एवं शक्तिशाली सात देशों को भगवान बुद्ध के संदेश पर चलने का आह्वान किया जिसके अनुसार, शत्रुता से शत्रुता शांत नहीं होती। अपनत्व से शत्रुता शांत होती है। श्री मोदी ने जी-7 शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन नौवें सत्र में अपने आरंभिक वक्तव्य में यह आह्वान किया। नौवें सत्र में वैश्विक शांति, स्थिरता एवं समृद्धि के विषय पर चर्चा में रूस यूक्रेन का विषय छाया रहा। श्री मोदी ने रूस यूक्रेन संघर्ष को टालने में संयुक्त राष्ट्र एवं सुरक्षा परिषद की विफलता का हवाला देते हुए वैश्विक निकायों में सुधार की मांग को पुरजोर तरीके से रखा। इस मौके पर अमेरिका के राष्ट्रपति जोसेफ आर बिडेन, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, जर्मनी के चांसलर ओलोफ शोल्ज, जापान के प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज भी मौजूद थे।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोल्दोमिर जेलेन्स्की के बयान का हवाला देते हुए श्री मोदी ने कहा कि आज हमने राष्ट्रपति जेलेंस्की को सुना। कल मेरी उनसे मुलाकात भी हुई थी। मैं वर्तमान परिस्थिति को राजनीति या अर्थव्यवस्था का मुद्दा नहीं मानता। मेरा मानना है कि यह मानवता का मुद्दा है, मानवीय मूल्यों का मुद्दा है। हमने शुरू से कहा है कि संवाद और कूटनीति ही एकमात्र रास्ता है और इस परिस्थिति के समाधान के लिए, भारत से जो कुछ भी बन पड़ेगा, हम यथासंभव प्रयास करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि हम सब का साझा उद्देश्य है। आज के अंतरनिर्भर विश्व में, किसी भी एक क्षेत्र में तनाव सभी देशों को प्रभावित करता है और विकासशील देश, जिनके पास सीमित संसाधन हैं, सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। वर्तमान वैश्विक स्थिति के चलते, भोजन, ईंधन और उर्वरक संकट का अधिकतम और सबसे गहरा प्रभाव इन्हीं देशों को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने वैश्विक निकायों की विफलता का संकेत करते हुए कहा कि यह सोचने की बात है, कि भला हमें शांति और स्थिरता की बातें अलग-अलग मंचों में क्यों करनी पड़ रही हैं? संयुक्त राष्ट्र जिसकी शुरूआत ही शांति स्थापित करने की कल्पना से की गयी थी, भला आज संघर्षों को रोकने में सफल क्यों नहीं होता? आखिर क्यों, संयुक्त राष्ट्र में आतंकवाद की परिभाषा तक मान्य नहीं हो पाई है?

उन्होंने कहा कि अगर आत्मचिंतन किया जाये, तो एक बात साफ है कि पिछली सदी में बनाये गए संस्थान, 21वीं सदी की व्यवस्था के अनुरूप नहीं हैं। वर्तमान की वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित नहीं करते। इसलिए जरूरी है कि संयुक्त राष्ट्र जैसे बड़े संस्थानों में सुधारों को मूर्त रूप दिया जाये। इनको ग्लोबल साउथ की आवाज भी बनना होगा। वरना हम संघर्षों को खत्म करने पर सिर्फ चर्चा ही करते रह जाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में और यहाँ जापान में भी, हजारों वर्षों से भगवान बुद्ध का अनुसरण किया जाता है। आधुनिक युग में ऐसी कोई समस्या नहीं है, जिसका समाधान हम बुद्ध की शिक्षाओं में न खोज पाएं। दुनिया आज जिस युद्ध, अशांति और अस्थिरता को झेल रही है, उसका समाधान बुद्ध ने सदियों पहले ही दे दिया था।

श्री मोदी ने कहा कि भगवान बुद्ध ने कहा है कि नहि वेरेन वेरानी, सम्मन तीध उदासन अवेरेन च सम्मन्ति, एस धम्मो सन्नतन। यानी, शत्रुता से शत्रुता शांत नहीं होती। अपनत्व से शत्रुता शांत होती है। इसी भाव से हमें सबके साथ मिलकर आगे बढ़ना चाहिए।



पापुआ न्यू गिनी एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत के लिए उमड़ी भीड़।

- टकराव रोकने को संवाद और कूटनीति ही एकमात्र रास्ता है
- वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि सभी का साझा उद्देश्य

## पीएम फिर बोले- यूएनओ में सुधार नहीं हुआ तो एक मंच बन कर ही रह जायेगा

**एजेंसी**

**हिरोशिमा ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को संयुक्त राष्ट्र जैसे बड़े वैश्विक संस्थानों में सुधार की पुरजोर वकालत करते हुए कहा कि यदि ऐसे संस्थान मौजूदा विश्व की वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित नहीं करते हैं तो ये महज चर्चा का मंच बनकर रह जायेंगे। मोदी ने कहा कि पिछली सदी में गठित संयुक्त राष्ट्र और सुरक्षा परिषद जैसे संस्थान इक्कीसवीं सदी की व्यवस्था एवं वास्तविकता के अनुरूप नहीं हैं। उन्होंने कहा कि इन संस्थानों को ग्लोबल साउथ (अल्प विकसित देशों) की आवाज भी बनना होगा, वरना संयुक्त राष्ट्र और सुरक्षा परिषद मात्र बातचीत का मंच बनकर रह जायेंगे।

हिरोशिमा में जी-7 समूह के एक सत्र को संबोधित करते हुए मोदी ने आश्चर्य व्यक्त किया कि यह सोचने की बात है कि भला हमें शांति और स्थिरता की बातें अलग-अलग मंच पर क्यों करनी पड़ रही हैं?उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र की शुरूआत ही शांति स्थापित करने की कल्पना से की गयी थी, ऐसे में यह आज संघर्ष को रोकने में सफल क्यों नहीं होता? प्रधानमंत्री ने कहा कि आखिर क्यों, संयुक्त राष्ट्र में आतंकवाद की परिभाषा तक मान्य नहीं हो पाई है? अगर आत्मचिंतन किया जाये, तो एक बात साफ है कि पिछली सदी में बनाये गए ये संस्थान, इक्कीसवीं सदी की व्यवस्था के अनुरूप नहीं हैं। वर्तमान की वास्तविकताओं को प्रदर्शित नहीं करते। मोदी ने कहा कि इसलिए जरूरी है कि संयुक्त राष्ट्र जैसे बड़े संस्थानों में सुधार को मूर्त रूप दिया जाये। इन संस्थानों को ग्लोबल साउथ की आवाज भी बनना होगा, वरना हम संघर्षों को खत्म करने पर सिर्फ चर्चा ही करते रह जाएंगे। संयुक्त राष्ट्र और सुरक्षा परिषद महज बातचीत का एक मंच बनकर रह जाएंगे। गौरतलब है कि भारत संयुक्त राष्ट्र में सुधार की मजबूती से वकालत करता रहा है। भारत चाहता है कि उसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता प्राप्त हो। अभी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पांच स्थायी सदस्य- अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन और फ्रांस हैं, जिन्हें वीटो शक्ति प्राप्त है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में 10 अस्थायी सदस्य होते हैं और इनका चयन संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा दो वर्ष के लिए होता है।

## स्पीड न्यूज

### छत्तीसगढ़ में तीन नक्सली गिरफ्तार

कांकेर । छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में सुरक्षा बलों ने तीन माओवादियों को गिरफ्तार किया और उनके द्वारा लगाया गया एक आईईडी बरामद किया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए माओवादियों में से दो पर आठ-आठ लाख रुपये का इनाम था। पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा ने बताया कि सर्च अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने कोयलीबेड़ा पुलिस थाने के अधिकार क्षेत्र में आने वाले वन क्षेत्र में तीन लोगों को देखा। उन्हें उस समय गिरफ्तार किया गया।

### ओडिशा में एक करोड़ की ब्राउन शुगर जब्त

**भुवनेश्वर।** ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में एक करोड़ रुपये से अधिक की ब्राउन शुगर जब्त की गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर एसटीएफ ने शनिवार शाम भुवनेश्वर में यूनिट-8 पर छापा मारा, जिसमें 1.10 किलोग्राम ब्राउन शुगर जब्त की गई और ढेंकानाल के एक निवासी को गिरफ्तार किया गया।

### मथुरा में सवा लाख का इनामी अपराधी अरेस्ट

मथुरा। उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में पुलिस ने राल रोड पेलखू मोड़ के पास एक मुठभेड़ के बाद सवा लाख रुपये के इनामी अपराधी को गिरफ्तार कर लिया। एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) शैलेश कुमार पांडेय ने कहा कि जैत थाना क्षेत्र के परखम निवासी कुख्यात अपराधी रोहतास गुर्जर को मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### सोने की खरीद के लिए पूछताछ बढ़ी

मुंबई। दो हजार का नोट वापस लेने के भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) फैसले के बाद ज्वेलर्स से सोना, चांदी की खरीद संबंधी पूछताछ बढ़ गई है। दुनिया में चीन के बाद भारत में सोने की खपत सबसे ज्यादा होती है। सर्राफा कारोबारियों के निकाय जीजेसी ने रविवार को कहा कि हालांकि, 2016 में नोटबंदी के दौरान देखी गई स्थिति के विपरीत अब सोने की घबराहटपूर्ण लिवाली नहीं है।

### सीयूइटी परीक्षा बिना किसी बाधा के संपन्न

**नयी दिल्ली।** देश में विश्वविद्यालय साझा प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) की पहली पाली बिना किसी बड़ी गड़बड़ी के सुचारू रूप से संपन्न हुई। परीक्षा के बाद बाहर निकले छात्रों ने प्रश्नपत्र को मध्यम स्तर का और प्रक्रिया को गड़बड़ी मुक्त बताया। छात्र तीन घंटे तक परीक्षा केंद्र में थे, इस दौरान उनके चिंतित अभिभावक परीक्षा हॉल के बाहर इंतजार कर रहे थे। परीक्षा के दिन शहर और आस-पास के इलाकों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के ऊपर रहा।

### चीन ने जी-7 के संयुक्त बयान का विरोध किया

बीजिंग। चीन ने जी-7 देशों के हिरोशिमा संयुक्त बयान पर राजनयिक विरोध दर्ज कराया है और उन पर बीजिंग के आंतरिक मामलों में दखल देने का आरोप लगाया है। इस बयान में जी-7 देशों ने ताइवान, पूर्वी और दक्षिण चीन सागर में चीन की आक्रामकता को लेकर चिंता व्यक्त की है। जापान के हिरोशिमा में हुए शिखर सम्मेलन में चीन से संबंधित मुद्दे व्यापक तौर पर उठाए गए। जी-7 में कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, ब्रिटेन और अमेरिका शामिल हैं। संयुक्त बयान का एक हिस्सा चीन को लेकर था जिसमें कहा गया है कि वे चीन के साथ रचनात्मक और स्थिर संबंध चाहते हैं। ताइवान, पूर्वी और दक्षिण चीन सागर में चीन के रुख पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई।

## सांप्रदायिक शक्तियों से लड़ने की चुनौती : पवार

**एजेंसी**

**कर्नाटक विधानसभा चुनाव के बाद धीरे-धीरे बदल रही स्थिति**

**मुंबई।** राकांपा के अध्यक्ष शरद पवार ने रविवार को कहा कि हर किसी के सामने उन शक्तियों से लड़ने की चुनौती है, जो जानबूझकर देश में सामाजिक और सांप्रदायिक विभाजन को उकसा रही हैं। पवार ने महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले में एक कार्यक्रम में कहा कि कर्नाटक में हाल में हुए विधानसभा चुनाव के नतीजे बताते हैं कि स्थिति धीरे-धीरे बदल रही है। उन्होंने कहा कि अगर श्रमिक वर्ग मजबूत और एकजुट रहता है, तो कर्नाटक विधानसभा चुनावों में जो देखा गया, उसे देश में अन्य जगहों पर भी दोहराया जा सकता है। पवार ने आरोप लगाया कि देश पर शासन करने वाली कुछ शक्तियां समाज में जाति और धर्म के आधार पर तनाव भड़का कर इसे पीछे की ओर ले जा रही हैं। वे सत्ता का इस्तेमाल लोगों के कल्याण के लिए नहीं, बल्कि उनके बीच विभाजन पैदा करने के लिए कर रहे हैं। राकांपा प्रमुख ने कहा कि चुनौती इन शक्तियों के खिलाफ लड़ने की है, अन्यथा आम आदमी तबाह हो जाएगा। उन्होंने कहा कि ह्यह्यअहमदनगर प्रगतिशील जिला है, इसके बावजूद हाल में शेवगांव में सामाजिक तनाव पैदा हुआ। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में आम आदमी की सरकार ने कमान संभाली है।

## देश की राजनीति जल्द ले सकती है करवटः मायावती

**नयी दिल्ली।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने रविवार को कहा कि जुमलेबाजी और धर्म की राजनीति से जनता उकता चुकी है जिससे निकट भविष्य में देश की राजनीति करवट ले सकती है। मायावती ने दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और झारखंड में पार्टी संगठन के कार्यकलापों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राजनीति दलों के चुनावी वादे, वादाखिलाफी, विषैले भाषणों के अलावा धर्म का राजनीतिक स्वार्थ के लिए अत्याधिक और अनुचित इस्तेमाल लोगों को रास नहीं आ रहा है। लोगों की जागरुकता से आने वाले समय में देश की राजनीति के करवट बदलने की संभावना है। उन्होंने कहा कि झारखंड में पार्टी में यंग ब्लड को जोड़कर आगे बढ़ने की रणनीति की जरूरत है।

## पिछली सरकारों ने ओबीसी को अपमानित किया : शाह

**एजेंसी**

**अहमदाबाद।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि पिछली सरकारों ने हमेशा ओबीसी समाज को प्रताड़ित व अपमानित किया है। श्री शाह ने गुजरात के अहमदाबाद में रविवार को मोदी समाज के राष्ट्रीय महासम्मेलन का शुभारंभ किया और कहा कि टुकड़ों में बिखरे समाज को आज एकत्रित करने का प्रयास हो रहा है। ये समाज और देश दोनों के लिए शुभ संकेत है। ये समाज अपने पुरुषार्थ और शक्ति के आधार पर आगे बढ़ा है और इसे प्रतिनिधित्व अवश्य मिलेगा। इस समाज पर स्वयं भगवान शिव का आशीर्वाद है।

- गृह मंत्री ने मोदी समाज के राष्ट्रीय महासम्मेलन का किया उद्घाटन, कहा -टुकड़ों में बिखरे समाज को एकत्रित करने का हो रहा है प्रयास



शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के गांव-गांव में घूमकर और युवाओं को प्रेरित करके एक संगठन बनाकर परिवर्तन की ऐतिहासिक संरचना गुजरात में की। उन्होंने कहा कि गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए अपने जनकल्याण के कामों के आधार पर मोदी जी देश के प्रधानमंत्री बने और अब प्रधानमंत्री बन दुनियाभर में भारत के गौरव को बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी ने कई ओबीसी मुख्यमंत्री दिए हैं। ओबीसी कमीशन को संवैधानिक दर्जा देने का काम मोदी सरकार ने किया है और पहली बार केन्द्रीय मंत्रिमंडल में ओबीसी समाज के 27 मंत्रियों को शामिल करने का काम भी मोदी सरकार ने किया है। गृह मंत्री ने कहा कि पहले केन्द्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय और नीट परीक्षा में आरक्षण नहीं था। इनमें ओबीसी के लिए आरक्षण लाने का काम मोदी सरकार ने किया।

## 2000 रुपये के नोट को वापस लेना अच्छा कदम : चिदंबरम

**चेन्नई।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री पी. चिदंबरम ने कहा है कि वह केंद्र सरकार द्वारा 2000 रुपये के नोट को चलन से वापस लेने के फैसले से खुश हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने जो गलती की थी उसे सुधारने में सात साल लग गए।पूर्व केंद्रीय मंत्री रविवार को कराईकुडी में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।चिदंबरम ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भारत सरकार बाजार में 1000 रुपये के नोट को फिर से पेश करेगी और कहा कि 1000 रुपये और 500 रुपये के नोटों को वापस लेना एक बड़ी गलती थी और देश के लोगों ने इसे स्वीकार नहीं किया था।कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा कि विपक्ष ने तब बाजार में 2000 रुपये के नोटों को पेश करने का जोरदार विरोध किया था।

## 300 साल का हुआ गुजरात का भावनगर शहर

**एजेंसी**

**भावनगर।** गुजरात का भावनगर शहर 300 साल का हो गया है। यह नगर अपने राजसी महलों और बेहतरीन ऐतिहासिक स्थलों के लिए जाना जाता है जिनमें संगमरमर से बना एक प्रेम स्मारक भी शामिल है जिसे एक राजा ने अपनी रानी की याद में बनवाया था। शहर की स्थापना की तीन सदी पूरी होने के मौके पर हाल में तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस शहर की स्थापना गोहिल वंश के महाराज भावसिंहजी प्रथम ने 1723 में की थी। उनके शासनकाल में बनाई गई सार्वजनिक इमारतों और संस्थानों में उनकी विरासत आज भी जीवित है।भावनगर के पूर्ववर्ती राजपरिवार की सदस्य बृजेश्वरी गोहिल ने कहा कि भावनगर रियासत स्वतंत्रता के तुरंत बाद भारत संघ में शामिल होने वाली पहली रियासत थी। यह शहर गुजरात के सौराष्ट्र क्षेत्र में है जहां सैलानियों के आकर्षण के लिए कई स्थल हैं। यह अहमदाबाद से 170 किलोमीटर दूर है। गोहिल ने अपने शाही पूर्वजों की विरासत के बारे में बात की जिन्होंने दो शताब्दियों से अधिक समय में शहर का निर्माण किया और साथ ही शानदार सार्वजनिक भवनों, भव्य पार्क और रेलवे का निर्माण कराया तथा सफेद संगमरमर से एक स्मारक बनावया।

उन्होंने बताया कि यह रुकने और पीछे मुड़कर देखने एवं मूल्यांकन करने का समय है कि तेजी से शहरीकरण के समय में भावनगर की विरासत का कितना हिस्सा अभी भी संरक्षित है। यह भावनगर के शासकों द्वारा 1723 में शहर की स्थापना के बाद से किए गए योगदान को स्वीकार करने का भी समय है। गोहिल का कहना है कि उन्हें तब दुख होता है जब वह यह पढ़ती हैं कि कई भारतीय शहरों में ऐतिहासिक भवनों को ध्वस्त कर दिया गया है या वे मरम्मत के अभाव में जर्जर हो गए हैं। उन्होंने कहा कि भावनगर में कई निजी और पुरानी इमारतें समय के साथ खत्म हो गई हैं लेकिन सार्वजनिक पहचान वाले स्थल अब भी बरकरार हैं। गोहिल दिल्ली स्थित विरासत संस्था इंटैक की भावनगर इकाई और भावनगर हेरिटेज प्रिजर्वेशन सोसाइटी दोनों का प्रभार संभालती हैं। गंगा डेरी भावनगर में गंगाजलिया तालाब के तट पर स्थित एक प्रेम स्मारक है।



- गोहिल वंश के महाराज भावसिंहजी प्रथम ने 1723 में की थी इस शहर की स्थापना

## आईफा में कमल हासन होंगे सम्मानित



**मुंबई।** जाने-माने अभिनेता कमल हासन को आगामी आईआईएफए वीकेंड एंड अवार्ड्स में आउट स्टैंडिंग अचीवमेंट इन इंडियन सिनेमापुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी (आईफा) पुरस्कार समारोह में फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा और अभिनेता रितेश देशमुख और उनकी पत्नी एवं अभिनेत्री जेनेलिया डिसूजा को भी सम्मानित किया जाएगा। यह समारोह अबू धाबी के यास द्वीप पर 26 और 27 मई को आयोजित होगा। हासन ने कहा कि मैं कई आईफा (समारोह) का हिस्सा रहा हूं और मैं इसके लिए सम्मानित और आभारी महसूस करता हूं। वे विश्व स्तर पर भारतीय सिनेमा को बढ़ावा देने के लिए बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। इस बार मुझे अबू धाबी के यास द्वीप पर आयोजित होने वाले आईफा 2023 में सम्मानित किया जा रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित होने को लेकर उत्साहित हूं।

### खतरों के खिलाड़ी के 13वें सीजन की शूटिंग हुई शुरू

**मुंबई।** फिल्म निर्माता रोहित शेट्टी ने रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी के 13वें सीजन की शूटिंग दक्षिण अफ्रिका में शुरू कर दी है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर यह जानकारी दी। शेट्टी आठवीं बार इस रियलिटी शो की मेजबानी करेंगे। उन्होंने शनिवार को अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा कि हो सकता है कि इस साल की शुरूआत कुछ हड्डियों के टूटने के साथ हुई हो, लेकिन अब मैंने कुछ नियमों को तोड़ने के लिए कमर कस ली है। खतरों के खिलाड़ी सीजन 13 की शूटिंग दक्षिण अफ्रिका में शुरू हो गई है।

उन्होंने आगे लिखा कि उम्मीद

## एफआइआइ के रुख से तय होगी बाजार की चाल

**मुंबई ।** विश्व बाजार के कमजोर रुख से स्थानीय स्तर पर हुई बिकवाली के दबाव में बीते सप्ताह करीब आधे प्रतिशत की गिरावट पर रहे घरेलू शेयर बाजार की अगले सप्ताह चाल वैश्विक बाजार और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के रुख तथा कंपनियों के तिमाही परिणाम से तय होगी।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 298.22 अंक अर्थात 0.48 प्रतिशत का गोता लगातार सप्ताहांत पर 61729.68 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 110.6 अंक यानी 0.6 प्रतिशत की गिरावट लेकर 18203.40 अंक पर रहा। वहीं, समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों में मिलाजुला रुख रहा। सप्ताहांत पर मिडकैप जहां 48.5 अंक फिसलकर 26152.27 अंक पर आ गया वहीं स्मॉलकैप 131.53 अंक की बढ़त लेकर 29748.14 अंक पर पहुंच गया।बाजार विश्लेषकों के अनुसार, वैश्विक बाजार के कमजोर रुझान के बावजूद एफआईआई की मजबूत लिवाली ने घरेलू बाजार को समर्थन दिया।


बोर्ड परीक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण पुस्तकें
प्रकाशित
Verma's Jharkhand Board Today CLASS-X 2023
निकटतम पुस्तक विक्रेता से अपनी प्रतियाँ शीघ्र प्राप्त कर लें।
पूर्व में प्रकाशित पुस्तकें-
मिलते-जुलते नामवाली नकली पुस्तकों से सावधान !
VERMA PRESS PVT. LTD.



बिना ऑपरेशन किये 100% गांरटी के साथ
9155997766
बवासीर
हाइड्रोसील, भगन्दर
माँ क्लिनीक
डॉ० डी० बी० बैरागी
रातु रोड, रामबिलास पेट्रोल पम्प के सामने, राँची
फोन - 9470997766, 9155997766
रोज खुला रहता है सुबह 9 बजे से 1 बजे तक और शाम 4 से 7 बजे तक
बीमारी ठीक नहीं होने पे पूरा पैसा वापस

# क्या आप भी शुरू कर रहे हैं अपनी कंपनी !



**ज्यादातर लोगों की इच्छा होती है कि उनका अपना कोई काम या कारोबार हो और वे खुद अपने बॉस हों। उनके पास ऐशो-आराम की वे तमाम सुविधाएं उपलब्ध हों, जो देश एवं दुनिया के अमीर लोगों और कारोबारियों के पास होते हैं। ऐसे में यदि आप भी अपनी कंपनी बनाकर खुद का कारोबार शुरू करना चाहते हैं, तो आइए हम बताते हैं कि कंपनी शुरू करने के लिए कौन-कौन सी औपचारिकताएं पूरी करनी पड़ती हैं। इसके साथ ही नई कंपनी रजिस्टर्ड कराने के लिए कितना शुल्क देना पड़ता है।**



अभय कुमार सिंह

**आमतौर** पर किसी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के रजिस्ट्रेशन के लिए 14-20 दिन का समय लगता है, लेकिन रजिस्ट्रेशन में लगने वाला समय कस्टमर के द्वारा संबंधित डॉक्यूमेंट को जमा करने और सरकार द्वारा इसको कितनी जल्दी स्वीकृति मिलती है, उस पर निर्भर करता है। इसलिए आपको अपनी कंपनी का नाम यूनिक रखना चाहिए और इससे संबंधित डॉक्यूमेंट को रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू होते ही जमा कराना चाहिए

**कंपनी में अधिकतम 200 शेयर होल्डर्स :** एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी खोलने के लिए कम से कम 2 लोगों की जरूरत होती है। प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में कम से कम दो डायरेक्टर और अधिक से अधिक 15 डायरेक्टर हो सकते हैं। इसमें कम से कम 2 शेयर होल्डर्स हो सकते हैं, जबकि आपको ज्यादा से ज्यादा 200 शेयर होल्डर्स रखने की इजाजत कॉरपोरेट अफेयर्स मंत्रालय (एमसीए) देता है।

**कंपनी के डायरेक्टर बनने की योग्यता :** आमतौर पर किसी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के डायरेक्टर बनने के लिए किसी व्यक्ति की आयु कम से कम 18 साल या इससे अधिक होनी चाहिए, जबकि योग्यता संबंधी कोई नियम तय नहीं है। इसलिए एक साधारण व्यक्ति भी किसी कंपनी का डायरेक्टर बन सकता है। इसके अलावा, डायरेक्टर बनने के लिए निवास स्थान और नागरिकता जैसी कोई बाध्यता भी नहीं है।

**कंपनी शुरू करने के लिए कैपिटल :** यदि आप प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की शुरुआत करने जा रहे हैं, तो कैपिटल मनी के रूप वह राशि कुछ भी हो सकती है। हालांकि कंपनी शुरू करने के लिए सरकार को फीस के तौर पर कम से कम 1 लाख रुपए शेयर के रूप में देना अनिवार्य है। ये पैसे ऑथराइज्ड कैपिटल फी के तौर पर कंपनी का रजिस्ट्रेशन कराने के दौरान देने होते हैं।

## नई कंपनी के रजिस्ट्रेशन में लगते हैं 14-20 दिन

**कंपनी खोलने के लिए ऑफिस जरूरी :** भारत में कंपनी शुरू करने के लिए एक जगह की आवश्यकता होती है, जहां से कंपनी का संचालन होता है और उसी पते पर नई कंपनी रजिस्टर्ड भी होती है। यह जगह कमर्शियल, इंडस्ट्रियल और रेजिडेंशियल एरिया के अंदर भी हो सकती है।

**रजिस्ट्रेशन के लिए अनिवार्य डाक्यूमेंट :** कंपनी का रजिस्ट्रेशन कराते समय पहचान पत्र और पते के लिए प्रमाण पत्र प्रस्तावित सभी डारयेक्टर्स को देना होगा।

नई कंपनी के रजिस्ट्रेशन में भारतीय नागरिकों के लिए पैन कार्ड का होना भी जरूरी है। जिस पते पर कंपनी का रजिस्ट्रेशन कराया जाना है, उसका प्रमाण पत्र देना होगा।

कंपनी के रजिस्ट्रेशन के लिए मकान मालिक की ओर से जारी किया गया नो ऑब्जेक्शन सिर्टफिकेट भी देना अनिवार्य है। जिस व्यक्ति के नाम से रजिस्ट्रेशन कराया जाना है, उसका पहचान प्रमाण पत्र और पत्राचार प्रमाण पत्र भी देना जरूरी है। जिस पते पर नई कंपनी का रजिस्ट्रेशन होना है, उस पते का भी प्रमाण पत्र पेश करना जरूरी है।

**कंपनी की रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया और फीस :** कंपनी का रजिस्ट्रेशन कराने के लिए सबसे पहले आपको फॉर्म आईएनसी-29 भरकर जरूरी डॉक्यूमेंट के साथ रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज के ऑफिस में जमा कराना होगा।

यदि एमसीए द्वारा रजिट्रेशन के लिए प्रस्तावित कंपनी के नाम को स्वीकार कर लिया जाता है तो वह इन कॉरपोरेशन जारी करेगा। अगर वह नाम को स्वीकार नहीं करता है तो आपको नया नाम देना होगा।

इस प्रकार आप काम कर पायेंगे।

# घर बैठे ही काम करके पैसे कमायें





सत्यनारायण

जरा याद करिए वो दिन जब आप कॉलेज की डायरी के पीछे गुप चुप कविताएं लिखती थी। न जाने कितने ही चैप्टर और विषयों के नोट्स बनाए थे आपने। शादी और घर वालों को संभालते- संभालते आपके अंदर की नन्ही एनी फ्रैंक कहीं गुम सी हो गई। अब वक्त है अपने अंदर की महादेवी वर्मा को जगाने का। आप ब्लॉग लिखकर आसानी से घर बैठे ही पैसे कमा सकती हैं।

ब्लॉग लिखने के लिए विषय ढूंढना भी इतना मुश्किल नहीं है। आप अपनी रोजमर्रा की जिंदगी से लेकर अलग-अलग व्यंजनों की रेसिपी के बारे में भी ब्लॉग लिख सकती हैं। ब्लॉग्स लिखकर पैसे कमाने के लिए आपको ऑनलान रिसर्च करना पड़ेगा। आमतौर पर ब्लॉग्स के लिए शब्दों के अनुसार पैसे मिलते हैं।

**बच्चों का क्रेच :** अगर आपके बच्चे बाहर पढ़ते हैं और आप घर पर अकेलापन महसूस करती हैं तो क्रेच इसका बहुत अच्छा उपाय है। बच्चे दिल बहलाएंगे और आप घर बैठे कमाई भी कर लेंगी। क्योंकि आपने बच्चों को बड़ा किया है तो आपको बच्चों को संभालने का एक्सपीरियंस भी होगा। पर क्रेच खोलने का निर्णय बड़ी सावधानी से लें, क्योंकि दूसरे माता-पिता आप पर भरोसा करके अपने बच्चे छोड़कर जाएंगे। आप पर जिम्मेदारियां होंगी।

**पर्सनल शॉपिंग से करें कमाई :** अगर आपके दोस्त और रिश्तेदारों को शॉपिंग का वक्त नहीं मिलता तो आप उनकी सहायता कर सकती हैं। आप ऑनलाइन ही उनके लिए शॉपिंग कर सकती हैं और अपने ग्राहकों के पास सीधे पहुंचा सकती हैं। इसके लिए आप शॉपिग का 10-15 प्रतिशत हिस्सा फी के तौर पर ले सकती हैं। पर ध्यान रहे की आपकी पसंद अच्छी हो वरना आपको कोई फायदा नहीं होगा, दोस्तों-रिश्तेदारों से संबंध भी बिगड़ सकते हैं।

**डायरेक्ट मार्केटिंग :** आप डायरेक्ट मार्केटिंग का काम भी कर सकती हैं। ऑनलाइन मेकअप कैटलॉग बेचने से लेकर ज्वैलरी, वजन कम करने के प्रोडक्ट, घर की चीजें आदि के लिए भी डायरेक्ट मार्केटिंग कर सकती हैं। डायरेक्ट मार्केटिंग में आप कंपनियों की रिप्रेजेंटेटिव के तौर पर काम करेंगी।

**क्राफ्ट मेकिंग :** अगर आपके पास आर्ट एंड क्राफ्ट का स्पेशल टैलेंट है तो आप आसानी से इसे बिजनेस का रूप दे सकती हैं। आप दूसरों के घरों के लिए भी डेकोरेटिव आइट्मस बना सकती हैं।

**घर पर बनाइए मिठाइयां :** अगर मिठाइयां, केक, पेस्ट्री आदि बनाने में आप माहिर हैं तो ऐसा आप दूसरों के लिए भी कर सकती हैं। आप घर से ही अपना सामान दूसरों के घर डिलिवर करवा सकती हैं। लोगों को गुणवत्ता और स्वाद दोनों मिलेगा।

# भविष्य सुरक्षित करने के लिए जरूरी हैं ये काम

**कुछ** ऐसी ही 6 गलतियां, जो समय बीतने के साथ आपकी जेब पर भारी पड़ती हैं। अगर आप यंग एज में इनसे बच गए तो बाद में आपको पछताना नहीं पड़ेगा।

**देर से नहीं करायें टर्म इंश्योरेंस** : टर्म इंश्योरेंस, ऐसा जीवन बीमा है, जिसकी किश्त कम होती है, लेकिन रिटर्न नहीं मिलता। पिछले कुछ सालों में इसका ट्रेंड बढ़ा है, लेकिन जवानी के दिनों में टर्म इंश्योरेंस कराने से चूकने पर यह आपकी जेब पर भारी पड़ सकता है। जैसे कि यदि आप एक करोड़ रुपए का टर्म इंश्योरेंस 25 से 30 साल की उम्र में कराते हैं तो आपको 4 से 6 हजार रुपए सालाना किश्त देनी होती है, लेकिन यदि 30 से 35 साल की उम्र में आप टर्म इंश्योरेंस कराते हैं तो यह आपको 10 से 12 हजार रुपए सालाना किश्त देनी पड़ सकती है।

**एजुकेशन लोन का डिफॉल्ट न करें :** यंग-एज में आप अपनी एजुकेशन के लिए लोन लेते हैं, लेकिन बाद में उसकी ईएमआई नहीं भर पाते हैं। चूंकि एजुकेशन के वक्त आपका एड्रेस कुछ और होता है और जॉब के दौरान आप किसी ओर एड्रेस पर रहने लगते हैं। इससे बैंक आपसे कम्युनिकेशन नहीं कर पाता, ऐसे में आप लापरवाही बरतते हुए आगे ईएमआई भरने से बचते हैं। लेकिन कुछ साल बाद जब आपको होम लोन, कार लोन या पर्सनल लोन की जरूरत होती है तो आपको पता चलता है कि एजुकेशन लोन का डिफॉल्ट होने के कारण उनका क्रेडिट स्कोर खराब हो चुका है, इसलिए आप अपनी जरूरतों को पूरा नहीं कर पाते।

कम उम्र में करें सेविंग्स : एजुकेशन पूरी होने के बाद जब आपको जॉब मिल जाती है तो जेब खर्च की बजाय सैलरी मिलने पर आप का खर्च बढ़ जाता है। आप फालतू खर्च भी करने लगते हैं और सेविंग्स की ओर ध्यान नहीं देते। बाद में, जब आपकी शादी हो जाती है, बच्चे हो जाते हैं तो आपके खर्च बढ़ जाते हैं और आपके लिए बचत करना बहुत मुश्किल हो जाता है, जो बाद में आपकी परेशानी का कारण बन जाता है।

# टैलेंट निखारें और करें कमाई



के खुशी

**राधिका** को कुकिंग का शौक था पर विवाह के बाद घर के कामकाज में ऐसी उलझी कि उस का शौक पीछे छूट गया। वह अकसर कहती रहती थी कि उस की इच्छा तरह-तरह के फ्यूजन, थाई कॉटिंनेंटल व्यंजन बनाने की होती है, पर क्या करें फुरसत ही नहीं मिलती है। घर का वही रोजमर्रा का खाना बनाते-बनाते समय बीत जाता है।

रोहिनी शर्मा का भी कुछ ऐसा ही हाल है। शादी के पहले उसने एमसीए का कोर्स किया था और अच्छी कंपनी में नौकरी भी लग गई थी। शादी के बाद वह अपने पति के साथ लखनऊ से रांची आ गई। उसने सोचा कि कुछ महीने बाद कोई नौकरी ढूंढ़ लेगी। मगर समय बीतता गया और उसने जॉब के लिए ट्राई ही नहीं किया। उसके पति ने कई दफा कहा कि जॉब ढूंढ़ने की कोशिश करे, पर वह हर बार काम का बहाना बना कर टालती रही।

इस बीच उसे 2 बच्चे भी हो गए। उसकी सहेली ने कहा कि वह घर के बाहरी हिस्से में कंप्यूटर ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट खोल ले। इससे वह घर और इंस्टिट्यूट दोनों को आसानी से मैनेज कर सकेगी। मगर रोहिनी हर बार घर के काम और बच्चों की देखभाल का रोना रोती रही।



ज्यादातर घरेलू महिलाएं यही सोच कर अपनी उम्र और समय बरबाद करती रहती हैं कि वे बहुत कुछ करना चाहती हैं पर कैसे करें? घर और परिवार के काम से ही कहां फुरसत मिलती है? अगर वे नौकरी या अपना बिजनैस करने लगीं तो उनके पति और बच्चों को कौन देखेगा? वे टीवी सीरियल देख कर और इधर-उधर की गप्पें लड़ा कर अपना समय बेकार कर देती हैं और चाह कर भी अपने पैरों पर खड़े होने और अपनी मेहनत से घर के खर्च में हाथ बंटाने का मौका गंवा देती हैं। स्कूल की प्रिंसिपल डाक्टर नीना कुमार कहती हैं कि औरतों को काम करने के मौके हमेशा रहे हैं, पर घर-परिवार की वजह से वे खुद की प्रतिभा को खुद ही दबा कर बैठ जाती हैं, जबकि ज्यादातर हाउसवाइफ खाली समय में अपने शौक को निखार कर खासी कमाई कर सकती हैं।

**समय का सदुपयोग :** पति के दफ्तर और बच्चों के स्कूल जाने के बाद खाली समय का बढ़िया इस्तेमाल किया जा सकता है। घर का कामकाज निबटाने के बाद औरतें अपनी हॉबी को डेवलप कर सकती हैं। रश्मि जैसी कई औरतें इस की मिसाल हैं। रश्मि के पति पुलिस में नौकरी करते हैं। वे अकसर घर से बाहर ही रहते हैं। बच्चों के स्कूल चले जाने के बाद खाली बचे समय में उस ने कपड़े की सजावटी डॉल मेकिंग का काम शुरू कर दिया। अपने उत्पाद को वह आसपास की दुकानों में देने लगी। 3 साल में उसके वर्क की डिमांड इतनी बढ़ गई कि सारे ऑर्डर को अकेले पूरा कर पाना मुमकिन नहीं रहा। शुरू में उसने अपनी 2 सहेलियों को काम में शामिल किया। आज उसके साथ 12 औरतें जुड़ी हुई हैं।

सामाजिक कार्यकर्ता अनिता सिन्हा कहती हैं कि घरेलू महिलाएं टाइम मैनेजमेंट सीख कर अपने खाली समय का बेहतर उपयोग कर अपने शौक को डेवलप ही नहीं कर सकती हैं, बल्कि अच्छी कमाई भी कर सकती हैं। पति और बच्चों के घर से जाने के पहले वे खाना वगैरह तो बना ही लेती हैं। उनके जाने के बाद घर के छोटे-मोटे काम निबटा कर नहाधो लें। उसके बाद उन के पास समय ही समय है। 12 बजे से शाम के 5 बजे तक वे घर में रह कर ही कोई काम कर सकती हैं।

# कैसा है रेंटल इनकम का आइडिया?



प्रशांत झा

**कई** निवेशक किराये को आमदनी का अहम स्त्रोत मानते हैं। किराया दरअसल इन्फ्लेशन एडजस्टेड होता है। हालांकि फ्री मार्केट में ज्यादातर दूसरी इनकम के साथ भी ऐसा ही है। बैंक डिपॉजिट पर मिलने वाला ब्याज महंगाई के साथ घटता-बढ़ता रहता है, जैसे कि रेंट। हालांकि ज्यादातर मार्केट्स में रेंट में सालाना आधार पर बदलाव होता है।

सवाल ये है कि क्या केवल रेंट पर देने के लिए दूसरा मकान खरीदना ठीक है? अगर इन बातों पर गौर किया जाए तो शेयर खरीदने में एनालिस्ट्स कंपनी के मैनेजमेंट पर ध्यान देने को कहते हैं। बॉन्ड्स के मामले में क्रेडिट रेटिंग अहम होती है। प्रॉपर्टी में लोकेशन सबसे अहम है। हम आपको बता देना चाहते हैं कि हर प्रॉपर्टी से अच्छी रेंटल इनकम नहीं मिलती। लोग अपनी अधिकांश बचत का इस्तेमाल कर बड़ा घर बनवाते हैं।

बुनियादी सुविधाओं पर शुरुआती निवेश के बाद मेंटेनेंस और मैनेजमेंट पर रनिंग इनवेस्टमेंट के साथ इन अपार्टमेंट्स में ऑक्युपेंसी रेट अच्छा रहता है, बशर्ते लोकेशन अच्छी हो।

■ ब्रोकरों के जरिए लंबी अवधि की लीज पर प्रॉपर्टी को देकर बेहतर आमदनी का जरिया बनाया जा सकता है। इस मामले में भी हालांकि कुछ महीनों का रेंट एक किरायेदार के जाने और दूसरे के आने के बीच की अवधि और ब्रोकर के कमीशन की भेंट चढ़ जाएगा. जिन मार्केट्स में हाउसिंग लोन आसानी से मिल रहे हैं, वहां मकान खरीदने वालों की औसत उम्र घट रही है। यह देखना जरूरी है कि जहां आप रेंटल इनकम के लिए प्रॉपर्टी खरीदने वाले हैं, वहां क्या रेंटर्स का ऐसा अच्छा मार्केट है, जो खरीदने के बजाय रेंट पर रहने को तवज्जो दें। कमर्शियल प्रॉपर्टी अगर ठीक जगह पर हो रेंटल इनकम देने में रेजिडेंशियल से बेहतर रहती है।




ळ प्रॉपर्टी की देखभाल का खर्च हर साल बढ़ता है। तीसरी बात यह है कि किसी हॉलिडे होम में इनवेस्टमेंट बड़ा अलग सा दिखता तो है, लेकिन ऐसी प्रॉपर्टीज में मेंटेनेंस पर ज्यादा खर्च करना पड़ता है। सुपर रिच लोग तो अपने हॉलिडे होम्स को सुरक्षित और साफ रखने के लिए पैसा झोंक सकते हैं, लेकिन दूसरे लोगों को रेंटल से मिलने वाली इनकम पर यह खर्च भारी पड़ सकता है।

■ वीआरबीओ और एयरबीएनबी जैसी सर्विसेज भी लोगों को इनकम पाने का मौका देती हैं, लेकिन वे गेस्ट्स को दी जाने वाली सुविधाओं के स्टैंडर्ड को लेकर काफी सख्त होती हैं। कुछ खराब ऑनलाइन रिव्यू किसी भी प्रॉपर्टी को हॉलिडे रेंटल मार्केट से बाहर कर सकते हैं।

■ ज्यादातर बायर प्रॉपर्टी के दाम की तुलना महंगाई के असर को ध्यान में रखे बिना करते हैं। अगर 15 साल पहले 20 लाख रुपये में खरीदी गई प्रॉपर्टी आज एक करोड़ रुपये की है तो यह भी देखें कि उस वक्त फैमिली की इनकम क्या थी और अब क्या है? अगर बायर तब 4 लाख रुपये सालाना कमा रहा था और अब 50 लाख रुपये की उसकी आमदनी है तो उसकी स्थिति बेहतर है।

सलाना कमाई के पर्सेंटेज के रूप में देखें तो 15 साल के मुकाबले आज प्रॉपर्टी उसके लिए ज्यादा सस्ती है। आज के

# बगैर अनुभव के भी पा सकते हैं जॉब




**आज के समय में नौकरी हासिल करना बहुत मुश्किल हो गया है। दिनों दिन बढ़ती प्रतियोगिता के कारण अपनी योग्यता के अनुसार जॉब मिलना नामुमकिन सा हो गया है। बहुत से लोगों को अपनी योग्यता साबित करने का मौका ही नहीं मिलता। किसी भी इंडस्ट्री में नौकरी पाने के लिए आपके पास एक प्रवेश स्तर के काम की जरूरत होगी जहां पर आप अपनी योग्यता को और भी निखार सकें। बहुत से लोग अपनी योग्यता को निखारने के लिए इंटर्नशिप कर लेते हैं, पर सभी के पास ऐसे मौके नहीं आते।**

## शुरू करें वॉलंटियर वर्क

■ सबसे पहले अपनी रुचि पता करें। कुछ लोगों को तो शुरू से ही पता होता है कि उन्हें अपनी जिन्दगी में किस मंजिल को हासिल करना है। पर कुछ लोग उलझें ही रहते हैं। अच्छे से विचार कर लें कि आप किस इंडस्ट्री में काम करना चाहते हैं और कौन सी नौकरी करना चाहते हैं।

■ अपने इंट्रेस्ट के हिसाब से नौकरी चुनें और उसे पाने के तरीके पता करें।

■ नौकरी के लिए अगर आप इंटर्नशिप करतें हैं तो यह आपके लिए और भी अच्छा होगा। पेड या अनपेड इंटर्नशिप के लिए ऐप्लाई करें। ऐप्लाई करने से पहले कंपनी के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानकारी इकट्ठा कर लें।



अंकिता बनर्जी

■ अगर आपको किसी कारणवश इंटर्नशिप नहीं मिलती है तो आप वॉलंटियर वर्क भी कर सकते हैं। कुछ इंडस्ट्री, जैसे कि एनजीओ और हेल्थ सेक्टर में वॉलंटियर करना और इंटर्नशिप करना बराबर ही है। अगर आपने ये काम अच्छे से किया तो आपको बड़ी जिम्मेदारियां भी मिल सकती हैं।

## स्किल्स को पहचानें

ळ उन सभी स्किल्स की लिस्ट बनायें जो आपके फील्ड में काम कर रहे लोगों में होना आवश्यक है। अब ये तय करें कि उनमें से कितने स्किल्स आपमें हैं और कितने आपमें नहीं हैं।

■ अपनी सारी कंप्यूटर स्किल्स, कम्यूनिकेशन स्किल्स, रिलेशन्स स्किल्स, मैनेजमेंट स्किल्स की लिस्ट तैयार करें। आपकी जो भी योग्यता है उसके बारे में लिखें।

■ अगर आपने पहले नौकरी, पार्ट टाइम जॉब की है या फिर किसी बिजनेस को सेट-अप करने के लिए अपने परिवार या दोस्तों की मदद की है तो इसे भी अपने स्किल्स में शामिल करें।

■ आपने जो भी स्किल्स लिखें हैं वो किसी भी कंपनी के किस तरह काम आ सकती हैं ये लिखना न भूलें।

## रिज्यूम बनायें

■ आप किस तरह से रिज्यूम बनाना चाह रहे हैं यह अच्छे से सोच लें। अलग-अलग इंडस्ट्री के लिए अलग-अलग रिज्यूम फोरमेट होता है। पर रिज्यूम लिखते समय कुछ बातों का ध्यान जरूर रखें

■ पर्सनल जानकारी से शुरूआत करें। अपना फोन नंबर और ई-मेल आईडी डालना न भूलें।

■ एक्सपीरियंस के कॉलम को स्किल्स से भरें, पुरानी नौकरियों से नहीं।

■ रिज्यूम को नौकरी के हिसाब से बदलते रहें।

■ स्कूल, कॉलेज में प्राप्त पुरस्कारों की भी जानकारी दें।

■ अगर आप किसी ऑर्गनाइजेशन के मेम्बर, प्रेसिडेंट या सेक्रेटरी हैं तो इस बात को भी अपने रिज्यूम में डालें।

## नौकरी की खोज को दें स्पीड

■ आप ऑनलाइन साइट्स पर भी नौकरी के लिए आवेदन कर सकते हैं।

ळ पार्ट टाइम जॉब करें : जब तक आपको फुल टाइम नौकरियां नहीं मिलती है, तब तक पार्ट टाइम जॉब कर लें। ये आपके रिज्यूम में भी ऐड-ऑन हो जाएगा और आपका मेंटल प्रेशर भी कुछ कम हो जाएगा।

■ दूसरों के भरोसे न बैठें। लोग अपना उल्लू ही सीधा करेंगे। बहुत ज्यादा भरोसेमंद व्यक्ति से ही अपनी नौकरी लगवाने को कहें।

ळ आत्मविश्वास के साथ अंदर जाएं, और कभी भी सामने वाले को ऐसा ना लगने दें कि आप के पास बिल्कुल भी अनुभव नहीं है। यदि आप अपनी स्किल्स को अन्य क्षेत्र में ढाल सकते हैं तो किसी क्षेत्र के अनुभव को अन्य किसी क्षेत्र के अनुभव के तौर पर लिया जाएगा। अगर आपमें हुनर है तो उसे पहचान जरूर मिलेगी।